RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 130
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पांच में

स्पोर्ट्स-12

# इस माह भारत आ सकते हैं चीनी विदेश मंत्री वांग

- पिघल रही रिश्तों पर जमी बर्फ, 24 या 25 मार्च को समकक्ष एस जयशंकर से वार्ता की संभावना
- पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गतिरोध रहेगा सर्वोच्च एजेंडा, हो सकती है यूक्रेन पर भी चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**पूर्वी** लद्दाख में एलएसी पर जारी गतिरोध के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग ई इस महीने के अंत में भारत की यात्रा कर सकते हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगभग दो साल पहले दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद चीन के किसी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा होगी।

वांग 24 या 25 मार्च को अपने समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि इस यात्रा पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। मौजूदा समय में भारत और चीन दोनों ही देशों के 50,000 (प्रत्येक) सैनिक पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर कई जगह आमने-सामने हैं। जून 2020 में दोनों सेनाओं के बीच खूनी संघर्ष में भारत के एक कमांडिंग ऑफिसर समेत 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि चीन के लगभग 40 सैनिक मारे गए थे। हालांकि बीजिंग मारे गए सैनिकों की वास्तविक संख्या छिपा रहा है। मई 2020 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक और सैन्य स्तर की कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं। पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में लंबित मुद्दों को हल करने के लिए बीते 11 मार्च को भारत और चीन ने 15वीं दौर की उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता की थी।

सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के परिणामस्वरूप, दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे और गोगरा क्षेत्र से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी की थी। सूत्रों ने बताया कि चीनी मंत्री की संभावित यात्रा दोनों देशों के बीच तनाव कम होने का संकेत है। हालांकि इस यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय या चीन की सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पता चला है कि यात्रा का प्रस्ताव चीन की ओर से आया था और वांग चार देशों की अपनी यात्रा के तहत नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की भी यात्रा करना चाहते हैं। नेपाल के काठमांडू पोस्ट ने मंगलवार को बताया कि वांग दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर 26 मार्च को नेपाली राजधानी पहुंचने वाले हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि वांग की नई दिल्ली की संभावित यात्रा काठमांडू की यात्रा के बाद होगी या उससे पहले।

पिछले डेढ़ साल में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वांग ने पूर्वी लद्दाख में तनाव को कम करने के लिए मॉस्को और दुशांबे में कई दौर की बातचीत की। इस संभावित मुलाकात में भी लद्दाख में उपजा तनाव वार्ता के सर्वोच्च एजेंडे में होगा। सितंबर 2020 में, जयशंकर और वांग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन के इतर मास्को में व्यापक बातचीत की थी, जिस दौरान वे पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध को हल करने के लिए पांच सूत्री सहमति पर पहुंचे थे। इसमें सैनिकों को ( शेष पेज 9 )

# चुनाव में सोशल मीडिया के दखल पर लगे रोक: सोनिया

- कांग्रेस अध्यक्ष ने लोकतंत्र को हैक कर जहर और दुष्प्रचार फैलाने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को देश की चुनावी राजनीति में बड़ी कंपनियों, सोशल मीडिया और सरकार के बीच साठगांठ और सोशल मीडिया पर लोकतंत्र को हैक कर जहर और दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा करार देते हुए कहा कि सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए। सोनिया ने कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूहों का उल्लेख करते हुए लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह आरोप लगाया कि सत्तापक्ष की मिलीभगत के साथ सोशल मीडिया कंपनियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र को हैक करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने का खतरा बढ़ रहा है। फेसबुक और ट्विटर जैसी वैश्विक कंपनियों का इस्तेमाल नेताओं, राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों द्वारा राजनीतिक विमर्श बनाने में किया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाल स्ट्रीट जर्नल ने खबर दी कि कैसे नफरत भरे भाषण से फेसबुक के खुद के नियमों का हनन सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के पक्ष में किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूह अल जजीरा की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि प्रतिनिधि विज्ञापनदाताओं का जहरीला तंत्र फेसबुक पर फल-फूल रहा है और हमारे देश के चुनाव कानूनों को दरकिनार किया जा रहा है, फेसबुक के खुद के नियमों को तोड़ा जा रहा है और सरकार के खिलाफ बोलने वालों की आवाज को पूरी तरह दबाया जा रहा है।

सोनिया गांधी ने दावा किया, सत्ता प्रतिष्ठान के साथ मिलीभगत के जरिए फेसबुक द्वारा जिस तरह से सरेआम सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ा जा रहा है उससे हमारे लोकतंत्र को खतरा है। फेसबुक जैसी कंपनियां इससे अवगत हैं और इससे मुनाफा कमा रही हैं। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता को यह पूछने के लिए बीच में रोक दिया कि उनका केंद्रीय प्रश्न क्या है। बाद में लोकसभा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सरकार से मांग की कि एक समिति बनाकर कांग्रेस के शासनकाल के दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के हनन संबंधी विषय पर श्वेत-पत्र जारी करके जनता को इसकी जानकारी दी जाए। निचले सदन में शून्यकाल में निशिकांत दुबे ने कहा कि देश में संविधान है और अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

## आगे की रणनीति तय करने के लिए कांग्रेस के जी23 के नेताओं ने बैठक की

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के जी 23 समूह के नेताओं ने बुधवार को बैठक कर पार्टी की वर्तमान स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की। राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद के आवास पर हुई इस बैठक में कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, शशि थरूर और कई अन्य नेता शामिल हुए।

सूत्रों का कहना है कि जी 23 के नेताओं ने कई ऐसे नेताओं को भी न्यौता दिया था जो इस समूह का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन पार्टी के भीतर बदलाव चाहते हैं। इस समूह के प्रमुख सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने एक साक्षात्कार में कहा है कि गांधी परिवार को कांग्रेस का नेतृत्व छोड़ देना चाहिए और किसी अन्य को मौका देना चाहिए। उनके इस बयान को लेकर कांग्रेस की चांदनी चौक जिला इकाई ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए सिब्बल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई करने का अनुरोध किया।

सिब्बल चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस के भीतर बदलाव की मांग कर रहे इस समूह पर गांधी परिवार के नेताओं ने भी हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक ( शेष पेज 9 )

## लोकतंत्र के लिए बहुत खराब है फेसबुक: राहुल

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी बुधवार को आरोप लगाया कि सोशल मीडिया मंच फेसबुक लोकतंत्र के लिए बहुत खराब है। उन्होंने कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूहों की खबरें ट्विटर पर साझा करते हुए फेसबुक पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने फेसबुक का स्वामित्व रखने वाली कंपनी मेटा के नाम का हवाला देते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए मेटा-वर्स (बहुत खराब) है।

## अवकाश सूचना



**होली के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में 17 और 18 मार्च 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 20 मार्च को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,816 | ↑ | 1039 | |
| निफ्टी | 16,975 | ↑ | 312 | |
| सोना | 51,279 | ↓ | 216 | /10g |
| चांदी | 67,827 | ↑ | 200 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बंगाल की खाड़ी में उठ रहा तूफान

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर के ऊपर बना कम दबाव का एकक्षेत्र अगले सप्ताह की शुरुआत में एक चक्रवात में बदलने की उम्मीद है और ऐसा पूर्वानुमान है कि यह बांग्लादेश और उससे सटे उत्तरी म्यांमा की ओर बढ़ सकता है। मौसम कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि मंगलवार को बने निम्न दबाव का क्षेत्र (एलपीए) के पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ने और शनिवार तक पूरी तरह से एलपीए बनने की उम्मीद थी। विभाग ने कहा कि बाद में यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की ओर बढ़ने से पहले कम दबाव का क्षेत्र में बदल गया। मौसम प्रणाली के 21 मार्च को एक चक्रवाती तूफान में बदलने और 22 मार्च तक उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। जब यह चक्रवात में बदल जाता है, तो इसका नाम आसनी रखा जाएगा, जो कि श्रीलंका द्वारा सुझाया गया एक नाम है। मौसम कार्यालय ने कहा, इसके बाद, यह उत्तर-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ेगा और 23 मार्च की सुबह तक बांग्लादेश और उससे सटे उत्तरी म्यांमा तट के पास पहुंच जाएगा। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर स्थिति खराब होने की आशंका है। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को सलाह दी है कि वे बुधवार को दक्षिण बंगाल की खाड़ी और उससे सटे भूमध्यरेखीय हिंद महासागर के मध्य भागों में और बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और अंडमान तटीय क्षेत्र में न जाएं। कार्यालय ने मछुआरों को शनिवार और मंगलवार के बीच अंडमान सागर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर नही जाने की सलाह दी है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में रविवार को तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

# पूर्व रक्षा सचिव शशिकांत शर्मा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला**

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 3,700 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में पूर्व रक्षा सचिव शशिकांत शर्मा और भारतीय वायुसेना के चार कर्मियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने शर्मा के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरोप पत्र दाखिल किया।

शर्मा 2011 और 2013 के बीच रक्षा सचिव थे। बाद में वह नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) नियुक्त किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने तत्कालीन वायु सेना उप प्रमुख जसबीर सिंह पनेसर (अब सेवानिवृत्त), उप मुख्य परीक्षण पायलट एस ए कुंटे, तत्कालीन विंग कमांडर थॉमस मैथ्यू और ग्रुप कैप्टन एन संतोष का भी आरोपी के तौर पर नाम लिया है। कुंटे और संतोष एयर कमोडोर के पद से सेवानिवृत्त हुए। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड के पक्ष में 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए कथित रिश्वतखोरी से संबंधित है। यह कंपनी समझौतों के लिए अयोग्य थी क्योंकि इसके हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना द्वारा निर्धारित 6,000-मीटर ऑपरेशनल सीलिंग पैरामीटर को पूरा नहीं करते थे।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और रक्षा मंत्री की आवाजाही के लिए नए हेलीकॉप्टर की आवश्यकता 1999 में महसूस की गई थी जब वायु सेना के सोवियत युग के एमआई8 एस के विकल्प को खोजने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया गया था। सीबीआई ने तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एस पी त्यागी पर हेलीकॉप्टर की परिचालन सीमा को 6,000 मीटर से घटाकर 4,500 मीटर करने की सिफारिश किए जाने का आरोप लगाया, जिससे शर्तें अगस्ता वेस्टलैंड के अनुकूल हो गईं। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि भारतीय वायुसेना ने बदलावों का ( शेष पेज 9 )

# ओआरओपी नीतिगत निर्णय, कोई संवैधानिक दोष नहीं: सुप्रीम कोर्ट


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने केंद्र द्वारा अपनाए गए वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) सिद्धांत को बरकरार रखते हुए कहा कि इसमें न तो कोई संवैधानिक दोष है औ न ही यह मनमाना है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि एक रैंक- एक पेंशन का केंद्र का नीतिगत फैसला मनमाना नहीं है और सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायालय दखल नहीं देगा। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही सेवानिवृत्त सैनिक संघ की उस याचिका का निपटारा कर दिया जिसमे भगत सिंह कोश्यारी समिति की सिफारिश पर पांच साल में एक बार आवधिक समीक्षा की वर्तमान नीति के बजाय स्वत: वार्षिक संशोधन के साथ वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का अनुरोध किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी समिति की रिपोर्ट, 10 दिसंबर, 2011 को राज्यसभा में पेश की गई थी और यह ऐतिहासिक ( शेष पेज 9 )

# शपथ लेकर बोले मुख्यमंत्री मान एक दिन भी बर्बाद नहीं करूंगा

- भगत सिंह के गांव में हजारों लोगों की मौजूदगी में बने पंजाब के 28वें मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़


राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते भगवंत मान

**आम** आदमी पार्टी (आप) के नेता भगवंत मान ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव में खटकड़ कलां में हजारों लोगों की मौजूदगी में पंजाब के 28वें मुख्यमंत्री के तौर पर पंजाबी में शपथ ली। उनको राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जनसभा में उन्होंने कहा कि आज से ही काम शुरू हो जाएगा, हम एक दिन भी बर्बाद नहीं करेंगे। पहले ही 70 साल की देरी हो चुकी है। बाद में उन्होंने चंडीगढ़ में सिविल सचिवालय जाकर पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री मान ने आप के स्वयंसेवकों को विनम्र रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ऐसी कोई खबर नहीं आनी चाहिए कि वे अहंकारी हो गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में सिर्फ मान ने ही शपथ ली। इस दौरान ( शेष पेज 9 )

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**भगवंत** मान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बधाई देने के साथ ही आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राज्य के विकास और जनता कल्याण के लिए उनकी सरकार के साथ मिलकर काम करेगी।

## पंजाब में समृद्धि लौटेगी: केजरीवाल

**आप** प्रमुख केजरीवाल ने ट्वीट किया कि मुझे यकीन है कि आपके नेतृत्व में पंजाब में समृद्धि लौटेगी, बहुत तरक्की होगी और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भगवान तुम्हारे साथ है।

# हिजाब मामले में होली बाद सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय कक्षाओं में हिजाब पहनने की अनुमति देने से इनकार करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होली के अवकाश के बाद सुनवाई करने के लिए बुधवार को राजी हो गया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा था कि हिजाब इस्लाम धर्म में आवश्यक धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कुछ छात्राओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े की उन दलीलों पर गौर किया कि आगामी परीक्षाओं को देखते हुए तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ से कहा, तत्काल आवश्यकता यह है कि कई लड़कियां हैं, जिन्हें परीक्षाओं में बैठना है। सीजेआई ने कहा, अन्य ने भी जिक्र किया है, हम देखते हैं...हम अवकाश के बाद ( शेष पेज 9 )

# असम में नाबालिग से रेप के दो आरोपियों को पुलिस ने मारी गोली

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** पुलिस ने दो लड़कियों से दुष्कर्म के मुख्य आरोपी समेत दो व्यक्तियों को अलग-अलग घटनाओं में मार गिराया है। दोनों आरोपी कथित तौर पर पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। विशेष पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दोनों आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया था और उन्हें आगे की जांच के लिए गुवाहाटी और उदलगुरी में एक चाय बागान में उनके संबंधित अपराध स्थल पर ले जाया जा रहा था। उस दौरान दोनों ने आधी रात के बाद हिरासत से भागने का प्रयास किया। गुवाहाटी में पहली घटना में आरोपी ने कथित तौर पर पुलिस कर्मियों पर हमला किया, जिन्होंने उस पर गोलियां चलाईं। आरोपी ( शेष पेज 9 )

# मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए


श्रीनगर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान सतर्क सुरक्षा बल

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** में श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए। ये शहर के खोनमोह इलाके में नौ मार्च को एक सरपंच की हत्या में शामिल थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के नौगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने वहां घेराबंदी की और तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके ( शेष पेज 9 )

# सड़क हादसे रोकने को खर्च होंगे 7500 करोड़

- हर साल देश में 1.5 लाख लोग सड़क हादसों में गवां देते हैं जान
- राज्यसभा में बोले परिवहन मंत्री गडकरी- राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट कम करने की बना रहे योजना
- युद्ध और कोविड के मुकाबले सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादा लोगों की मौत, भारत का रिकार्ड कई देशों से खराब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में बुधवार को कहा कि विभिन्न उपायों के बाद भी सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से भारत का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है और हर साल करीब 1.5 लाख लोग हादसों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं।

गडकरी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि युद्ध और कोविड महामारी के आंकड़ों से तुलना करें तो सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि मृतकों में भी बड़ी संख्या युवाओं की होती है। उन्होंने इसे दुखद बताया और कहा कि इस मामले में भारत का रिकार्ड विश्व के कई देशों की अपेक्षा खराब है। गडकरी ने कहा कि सरकार जल्द ही विश्व बैंक की मदद से 7,500 करोड़ रुपए की एक योजना लागू करेगी ताकि इस समस्या पर काबू पया जा सके और राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना की आशंका वाले क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे को लेकर बहुत संवेदनशील है ( शेष पेज 9 )

## पांच वर्षों में डीजल-पेट्रोल की अपेक्षा अधिक होंगे ई-वाहन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में उम्मीद जताई कि डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या में अगले दो-तीन साल में खासी कमी आएगी और इलेक्ट्रिक सहित विभिन्न वैकल्पिक ईंधनों से चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में वाहनों से संबंधित पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। गडकरी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहनों पर अधिक खर्च आने का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले पांच साल में वाहनों से जुड़ा परिदृश्य पूरी तरह से बदल जाएगा। गडकरी ने कहा कि इससे एक ओर लोगों को ईंधन पर होने वाले भारी खर्च से राहत मिलेगी वहीं कच्चे तेल के आयात पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। इसका पर्यावरण पर भी अच्छा असर होगा और विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से भी निजात मिल सकेगी। ( विस्तृत पेज 7 )

# इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से नोएडा में यातायात व्यवस्था सुधारेगा प्राधिकरण

## दो सालों से अटकी परियोजनाओं पर तेजी से शुरू होगा काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर की यातायात व्यवस्था बेहद अत्याधुनिक और आरामदायक होने वाली है। आने वाले कुछ महीनों बाद नोएडा शहर का ट्रैफ्कि सिस्टम न्यूयॉर्क और लंदन जैसे अंतरराष्ट्रीय शहरों जैसा हो जाएगा। इसके लिए नोएडा विकास प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए इस परियोजना पर काम कर रहा है। जिस पर 88.45 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इंटेलीजेंट ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है।

प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत नोएडा प्राधिकरण शहर के 84 चौराहों पर आईटीएमएस लागू कर रहा है। इन चौराहों पर 1065 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनका काम शुरू हो गया है। प्रोजेक्ट के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है। कंपनी केवल 64.49 करोड़ रुपए में यह काम करेगी। यह ठेका एफ कॉन इंडिया लिमिटेड को दिया गया है। कंपनी स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत देश के कई शहरों में इस तरह का सिस्टम विकसित कर रही है।

प्राधिकरण सीईओ ने बताया कि कंपनी अगले कुछ महीने में इस पूरी व्यवस्था को विकसित करके देगी। अगले 5 वर्षों तक इस व्यवस्था का रखरखाव करने की जिम्मेदारी भी इस कंपनी के पास ही होगी। इस दौरान किसी भी तरह की तकनीकी या इंफ्रास्ट्रक्चरल समस्या का निदान कंपनी को ही करना होगा। इसके लिए कंपनी को विकास प्राधिकरण अलग से किसी भी तरह का भुगतान नहीं करेगा।

सीईओ ने बताया कि परियोजना का संचालन सेक्टर-94 वाले कंट्रोल रूम से किया जाएगा। इसी कंट्रोल रूम में पुलिस कंट्रोल रूम और ट्रैफिक कंट्रोल रूम के बीच समन्वय स्थापित होगा।



ग्राफिक्स इमेज

### वर्ष 2008 में पेश की गई थी परियोजना

इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की परिकल्पना वर्ष 2008 में की गई थी। तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी सरदार मोहिंदर सिंह ने यह परियोजना पेश की थी। इसके लिए बाकायदा प्राधिकरण के बोर्ड में प्रस्ताव भी पास करवा लिया गया था, लेकिन पिछले 12 वर्षों से यह प्रोजेक्ट फाइलों में ही इधर से उधर घूम रहा था। अब इस परियोजना पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी ने तेजी से प्रयास किए। जिसके परिणाम स्वरूप 12 साल बाद इस प्रोजेक्ट का टेंडर निकाला जा सका है। बड़ी बात यह है कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी सिस्टम है, लेकिन पिछले 12 वर्षों के दौरान प्राधिकरण में तैनात रहे अफसरों की प्राथमिकता में यह परियोजना नहीं रही। जिसकी वजह से शहर के लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब कार्य शुरू हो गया है।

### व्यस्त चौराहों पर लगेगा एडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम

*शहर के 40 सर्वाधिक व्यस्ततम चौराहों पर यह सिस्टम लगाया जाएगा। इस तंत्र की खासियत यह है कि ट्रैफिक लाइट का कंट्रोल यातायात घनत्व के अनुसार खुद-ब-खुद बदलता रहता है। मतलब, अगर चौराहे पर ज्यादा संख्या में वाहन खड़े हैं तो ज्यादा समय तक ग्रीनलाइट रहेगी। वाहनों की संख्या कम हो जाएगी तो ग्रीनलाइट का समय भी स्वत: घट जाएगा। इससे चौराहे के चारों रास्तों पर वाहनों का आवागमन नियंत्रित रहेगा।*

# मेट्रो से भी सुविधाजनक होगा रैपिड रेल का सफर

## अगले साल मार्च में शुरू हो जाएगा कॉरिडोर, मई में होगा ट्रायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर अगले साल मार्च में शुरू हो जाएगा। इसके बाद पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई गांव के बीच रैपिड रेल चलने लगेगी। यह खंड 17 किलोमीटर लंबा है। इसके 6 महीने बाद मुरादनगर से मेरठ के परतापुर तक रैपिड रेल चलाने की तैयारी है। तीसरा खंड इसके बाद साहिबाबाद से दिल्ली के बीच शुरू होगा। वर्ष 2025 में सबसे आखिरी में रैपिड रेल मेरठ शहर के अंदर चलने शुरू होगी।

एनसीआरटीसी के एमडी विनय कुमार सिंह ने बुधवार को रैपिड रेल परियोजना की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक खंड साहिबाबाद से दुहाई गांव तक सिविल का कार्य पूरा कर 90 फीसदी पूरा हो गया है। अगले दो माह में रेल के कोच आने शुरू हो जाएंगे, इनका निर्माण गुजरात में कराया जा रहा है। मई से ट्रायल का काम शुरू होने लगेगा। दिसंबर में फुल ट्रायल किया जाएगा। इसके हर छह माह बाद रैपिड रेल के सभी खंड एक-एक करके खोले जाएंगे। रैपिड रेल 5 से 10 मिनट के अंतराल में चलेंगी। रात में केवल 6 घंटे के लिए रैपिड रेल सेवा को बंद रखा जाएगा। रैपिड रेल के कोच का मॉडल भी दिखाया गया।

सभी कोच वातानुकूलित होंगे और उनमें सभी सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी। इन कोचों में वाई.फाई और चार्जिंग पॉइंट भी जगह-जगह पर दिए गए हैं। रैपिड रेल 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। ब्रेक लगाते समय ट्रेन में झटका भी नहीं लगेगा। ट्रेन संचालन का पूरा सिस्टम कंप्यूटराइज रहेगा। यदि कोच में सवारी नहीं है तो ऑटोमेटिक उसकी लाइट अपने आप बंद हो जाएंगी।

ट्रेन में कुल 6 कोच होंगे और महिलाओं के लिए एक कोच आरक्षित रहेगा। यह रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ तक 55 मिनट में पहुंच जाएगी। दिल्ली से मेरठ तक यह प्रोजेक्ट 82 किलोमीटर लंबा है। विनय कुमार ने बताया कि रैपिड रेल में मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। मरीज स्ट्रैचर सहित रैपिड रेल में सफर कर सकेंगे। इसके लिए उनसे कोई अतिरिक्त किराया नहीं वसूला जाएगा।



परियोजना के बारे में जानकारी देते एनसीआरटीसी के एमडी विनय कुमार सिंह।

# यूपी-16 की नई सीरीज का वीआईपी नंबर 4.68 लाख रुपए में बिका

**नोएडा।** यूपी 16 नंबर अपने आप में ही एक बड़ी पहचान बन गया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की गाड़ियों पर यूपी 16 नंबर होता है। इसमें कोई दो राय वाली बात नहीं है कि लोग यूपी 16 वीआईपी नंबरों के लिए एक-दूसरे से होड लगाते हैं। हाल ही में यूपी 16 डीडी 0001 नंबर की नीलामी हुई है। यह नंबर 4.68 लाख रुपए में बिका है।

आरटीओ प्रशासन एके पांडे ने बताया कि यूपी 16 डीडी के काफी नंबर वीआईपी आए हैं। इनमें से अधिकतर नंबरों की बोली लगी है। उन्होंने बताया कि यूपी 16 डीडी 0001 की बोली 4.68 लाख रुपए में, यूपी 16 डीडी 0007 की नीलामी 1.23 लाख रुपए और यूपी 16 डीडी 0009 की बोली 1.95 लाख रुपए में हुई हैं। इसके अलावा लोग परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर भी नीलामी के नतीजे देख सकते हैं।

# फिल्म की स्क्रीनिंग बाधित होने पर हंगामा

## सिनेमाहॉल के एसी उपकरण में आई थी तकनीकी खराबी : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के एक सिनेमाघर में फिल्म द कश्मीर फाइल्स की स्क्रीनिंग थोड़ी देर के लिए बाधित होने के बाद हंगामा मच गया। दर्शकों को शांत करने के लिए पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, ऑडिटोरियम के सेंट्रल एयर कंडीशनिंग सिस्टम (एसी) में मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे कुछ खराबी आने के कारण कर्मियों को फिल्म की स्क्रीनिंग रोकनी पड़ी, जिसके बाद दर्शकों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने बताया कि सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के एक शॉपिंग मॉल के भीतर स्थित मल्टीप्लेक्स के प्रबंधन ने एसी को तुरंत ठीक किया, जिसके बाद फिल्म का प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, एसी उपकरण में कुछ समस्या थी। थिएटर खचाखच भरा था और मंगलवार को मौसम भी थोड़ा गर्म था। दर्शक भी नई फिल्म को लेकर उत्साहित थे। इसके परिणामस्वरूप स्क्रीनिंग रुकने पर हंगामा हुआ।

हंगामे की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस थाना के अधिकारियों का एक दल भी मौके पर पहुंचा था। पुलिस ने सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे उन आरोपों से इनकार किया कि अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मल्टीप्लेक्स के एक अधिकारी ने जानबूझकर फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दी थी। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित तथा जी स्टूडियो द्वारा निर्मित द कश्मीर फाइल्स में 1990 के दशक में घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन को दर्शाया गया है।



सिनेमाहॉल में एसी उपकरण में आई तकनीकी खराबी के कारण फिल्म की स्क्रिनिंग बाधित होने पर हंगामा करते दर्शक।

# लिंक भेजकर साइबर ठग कर रहे लोगों का खाता खाली

**नोएडा।** जनता के बीच चर्चा और लोकप्रियता हासिल कर रही फिल्म द कश्मीर फाइल्स के नाम पर धोखाधड़ी का सिलसिला शुरू हो गया है। द कश्मीर फाइल्स के नाम पर साइबर अपराधियों ने अपना एक अनोखा तरीका निकाल धोखाधड़ी करनी शुरू कर दी है। साइबर अपराधी मुफ्त में पिक्चर दिखाने का लिंक भेज लोगो को झांसे में लेकर उनके खाते खाली कर रहे हैं। जिसके लिए नोएडा एडीसीपी रणविजय सिंह ने लोगों को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से सावधान रहने की अपील की है। आपको बता दें कि द कश्मीर फाइल्स को लेकर ठगी करने का दिल्ली में मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों लोगों को ठगने का यह एक अनोखा तरीका निकाला है।

# एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नोएडा।** प्रदेश में एमएलसी चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा नेता टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं। इसमें संगठन के पदाधिकारी भी अपनी दावेदारी कर रहे हैं। इसी के साथ विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी करने वाले नेता भी एमएलसी के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

# घर आए दामाद को ससुरालियों ने पीटा

**नोएडा।** भारत में पुरानी प्रथाओं के अनुसार घर में आए मेहमान को भगवान का दर्जा दिया जाता हैं, लेकिन बिलासपुर कस्बे में मेहमान का स्वागत कुछ अलग तरीके से किया गया। कस्बे में एक युवक किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने ससुराल आया था। जहां पर उसके ससुरालियों ने पहले उसे शराब पिलाई और फिर उसके साथ खूब मारपीट की। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दादरी के रहने वाले सलाहुद्दीन किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिलासपुर कस्बे में अपने ससुराल आए थे। जहां मौका पाकर पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग सलाउद्दीन को कस्बे के बाहर ले गए। उन्होंने पहले सलाहुद्दीन को शराब पिलाई और फिर लात-घुसों से सलाहुद्दीन की पिटाई की।


**SRF LIMITED**

Regd. Off.: The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
Corporate Office: Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana- 122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/ Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S 0000462 | SATYA DEV DUGGAL (Deceased Shareholder) | 4088 | 1252971 | 1253020 | 50 |
| | | SANDEEP DUGGAL (Claimant) | 4089 | 1253021 | 1253070 | 50 |
| | | | 77513 | 3583807 | 3583839 | 33 |
| | | | 143448 | 5788970 | 5789019 | 50 |
| | | | 143449 | 5789020 | 5789035 | 16 |
| 2 | SRF0023588 | ZORAWAR INDER SINGH KALRA | 884798 | 8304510 | 8304529 | 20 |
| | | | 884798 | 14510630 | 14510654 | 25 |
| | | | 884798 | 16857044 | 16857063 | 20 |
| | | | 884798 | 16857064 | 16857068 | 5 |
| | | | 884798 | 16857069 | 16857070 | 2 |
| | | | 884798 | 24876836 | 24876855 | 20 |
| | | | 884798 | 24876856 | 24876860 | 5 |
| | | | 884798 | 24876861 | 24876862 | 2 |
| 3 | K 0001662 | KAMLA SETH | 21386 | 1902051 | 1902100 | 50 |
| | | | 124822 | 5244900 | 5244924 | 25 |
| | | | 317615 | 16058423 | 16058472 | 50 |
| | | | 317616 | 16058473 | 16058482 | 10 |
| | | | 317617 | 16058483 | 16058484 | 2 |
| | | | 317618 | 16058485 | 16058486 | 2 |
| | | | 466615 | 24078215 | 24078264 | 50 |
| | | | 466616 | 24078265 | 24078274 | 10 |
| | | | 466617 | 24078275 | 24078276 | 2 |
| | | | 466618 | 24078277 | 24078278 | 2 |
| | | | 90023284 | 6735810 | 6735849 | 40 |
| | | | 90023285 | 6735850 | 6735861 | 12 |
| 4 | D 0001945 | DHANPAT RAI ARORA (Deceased Shareholder) | 49119 | 2678801 | 2678825 | 25 |
| | | VIJAY KUMAR ARORA (Claimant) | 60024 | 2897425 | 2897435 | 11 |
| | | | 102073 | 4275927 | 4275944 | 18 |
| 5 | A 0002714 | ANJALI NAGPAUL | 301436 | 15713049 | 15713098 | 50 |
| | | | 301437 | 15713099 | 15713108 | 10 |
| | | | 301438 | 15713109 | 15713110 | 2 |
| | | | 301439 | 15713111 | 15713112 | 2 |
| | | | 450436 | 23732841 | 23732890 | 50 |
| | | | 450437 | 23732891 | 23732900 | 10 |
| | | | 450438 | 23732901 | 23732902 | 2 |
| | | | 450439 | 23732903 | 23732904 | 2 |
| | | | 90150614 | 10389330 | 10389379 | 50 |
| | | | 90254420 | 2596951 | 2596960 | 10 |
| | | | 90254420 | 6145930 | 6145969 | 40 |
| | | | 90254421 | 2596961 | 2596975 | 15 |
| | | | 90254421 | 4094674 | 4094685 | 12 |
| 6 | SRF0137290 | ASHOK PAREEK | 669619 | 49369937 | 49369986 | 50 |
| | | | 669620 | 49369987 | 49370036 | 50 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
VP (Corporate Compliance)
& Company Secretary

Place : Gurugram
Date : 16-03-2022



**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clientess Smt. Chhaya Basak wife of Sh. Nil Kamal Basak resident and the absolute owner of Flat No. 15003, Tower No. 18 Block Durian Mahagun Mywoods, Plot No. GH 04, Sector C Greater Noida West G.B. Nagar (U.P.) has severed all relationships with her daughter Smt. Shilpi Basak @ Mithu due to her offensive behaviour and ill temperament. She has debarred/disowned her daughter from the said property. Anybody dealing with Shilpi Basak will do so at her/his/their own risk and responsibilities and my clientess will not be responsible for any acts and deeds or dealing with Smt. Shilpi Basak.

**Subhash Chandra Chakrabarty (Advocate)**
**Flat No. D-2041, Windsor Paradise II, Raj Nagar Extension, Ghaziabad 201017**



**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that the Managing Committee of the Chopra CGHS Ltd. Plot no. 8 Sec-23, Dwarka New Delhi-77 had resolved to send the name of Sh Sandeep Dass M.S. No. 342 to Registrar of Cooperative Societies for clearance of his membership and allotment of flat to him. Any person having objection to the same may submit his objections to the MC within a period of 15 days from the date of publication of the Notice failing which it shall be deemed that there is no objection to the recommendation of his name.

**PRESIDENT/SECRETARY**
**Plot No. 8, Sector-23, Dwarka, New Delhi-77**



**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किला शिखा पत्नी श्री संजय कुमार निवासी DDA Flat Q-487, दिलशाद गार्डन, CNG पम्प, दिल्ली 110095, के द्वारा जन साधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त DDA Flat, जिसकी मेरी मुवक्किला कानूनी संयुक्त रूप मे पूर्ण मालिकाना हक रखती है। जो की मेरी मुवक्किला के पति संजय कुमार द्वारा उपरोक्त संपत्ति को अवैध रूप से बेचना चाहता है यदि कोई व्यक्ति इस संपत्ति का क्रय विक्रय मेरी मुवक्किला की अनुपस्तीथी में करता है तो वह इस आर्थिक नुकसान का स्वयं जिम्मेदार होगा और विक्रय भी कानूनी रूप से अवैध व अमान्य होगा।

**सुदेश कुमारी जेठवा (एडवोकेट)**
**सुप्रीम कोर्ट**
**मो0 9310274512**



**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आशीष पुरोहित, रतन पारीक, पी. नंबर 17/68, अशोक विहार, फेज-1, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर : एलबीजेएआई00004931396 | प्लॉट नंबर 58, गणेश कालोनी, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 302012 | 05-02-2022 रू.20,75,934/- | 04-11-2021 |
| 2. | आशीष पुरोहित, रतन पारीक, पी. नंबर 17/68, अशोक विहार, फेज-1, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर : एलबीजेएआई00004931398 | प्लॉट नंबर 58, गणेश कालोनी, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 302012 | 05-02-2022 रू.4,92,091/- | 04-11-2021 |
| 3. | सचिन मित्तल, श्योजी राम चौधरी, एच नंबर 61 डी, प्रथम तल, अर्जुन नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली खाता नंबर : एलबीजेएआई00003698796 | सम्पत्ति 1 : फ्लैट नंबर ई 808 + ई 809, 8वां तल, पिंक प्राइड - दि सुइट्स, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भंकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान तथा सम्पत्ति 2 : फ्लैट नंबर ई 804 + ई 805, 8वां तल, पिंक प्राइड - दि सुइट्स, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भंकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान | 05-02-2022 रू.29,92,832/- | 04-11-2021 |
| 4. | सचिन मित्तल, श्योजी राम चौधरी, एच नंबर 61 डी, प्रथम तल, अर्जुन नगर, सफदरजंग एन्क्लेव,दिल्ली खाता नंबर : एलबीजेएआई00003779154 | सम्पत्ति 1 : फ्लैट नंबर ई 808 + ई 809, 8वां तल, पिंक प्राइड - दि सुइट्स, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भंकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान तथा सम्पत्ति 2 : फ्लैट नंबर ई 804 + ई 805, 8वां तल, पिंक प्राइड - दि सुइट्स, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भंकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान | 05-02-2022 रू. 1,35,173.84/- | 04-11-2021 |
| 5. | शबीब, शमीम, मकान नंबर 232, सालापुर खेड़ा, बिजवासन,दिल्ली खाता नंबर : एलबीजेएआई00003127299 | फ्लैट नंबर ई 104, ई 105, प्रथम तल, खसरा नंबर 9, पिंक प्राइड - दि सुइट्स, ग्राम जयसिंहपुरा बास, भंकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान - 303902 | 05-02-2022 रू.18,23,087/- | 04-11-2021 |
| 6. | विपुल शर्मा, रूचि भारद्वाज, एल-603, हाइ-बर्ड अपार्टमेंट, नीहो स्कॉटिश गार्डन, अहिंसा खंड-।।, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश, खाता नंबर : एलबीएजीआर00003463122 | फ्लैट नंबर 412, चतुर्थ तल, ग्रैंड फोर्ट, ग्राम सिकंदरा, शास्त्रीपुरम, आगरा, उत्तर प्रदेश | 14-02-2022 रू.25,80,944/- | 04-11-2021 |
| 7. | विपुल शर्मा, रूचि भारद्वाज, एल-603, हाइ-बर्ड अपार्टमेंट, नीहो स्कॉटिश गार्डन, अहिंसा खंड-।।, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश, खाता नंबर : एलबीएजीआर00003465113 | फ्लैट नंबर 412, चतुर्थ तल, ग्रैंड फोर्ट, ग्राम सिकंदरा, शास्त्रीपुरम, आगरा, उत्तर प्रदेश | 14-02-2022 रू.2,55,750/- | 04-11-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 17 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**

आंचल AANCHAL
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552 ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक 2330-33/निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 16.03.2022

**ई-प्रोक्योरमैन्ट नोटिस**

**निविदा सूचना संख्या-17,18 Raw Material/Bhusa/CFP/2022-23, Date - 17/03/2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा के द्वारा Two Bid System के अर्न्तगत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल, काम्पैक्ट फीड ब्लाक हेतु भूसा आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक **05/04/2022** के सांय **05.00** बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक **06/04/2022** की प्रातः **11.00** बजे कच्चे माल, एवं काम्पैक्ट फीड ब्लाक हेतु भूसा, यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पड़ाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

तालिका क्रम संख्या 01

| क्र0 सं0 | विवरण | कुल मात्रा | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क GST सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डी0ओ0एम0सी0 | 2050 मै0टन | 10,25,000.00 | 4720.00 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 02 | एम0ओ0सी0 | 500 मै0टन | 2,95,000.00 | 4720.00 | |
| 03 | मक्का | 450 मै0टन | 1,50,000.00 | 4720.00 | |
| 04 | नमक | 200 मै0टन | 75,000.00 | 1180.00 | |
| 05 | कैलासाईट पाउडर | 170 मै0टन | 75,000.00 | 590.00 | |
| 06 | एस.आर.एन.(slow-release-non-Protein nitrogen 23%) | 250 मै0टन | 1,10,000.00 | 4720.00 | |
| 07 | भूसा (भण्डारण) तथा माह अप्रैल, मई, जून में | 10000 कु0 | 1,01,600.00 | 3540.00 | |
| 08 | भूसा प्रतिमाह उत्पादन हेतु | 10000 कु0 | 1,08,000.00 | 4720.00 | |

नोट- निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एंव प्रस्तुतीकरण का तरीका-

निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट **https://uktenders.gov.in** पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। ई-निविदा वेबसाइट पर दिनांक **17/03/2022** की अपरान्ह **02.00** बजे से उपलब्ध रहेगी।

**सामान्य प्रबन्धक**



**परिशिष्ट IV A**
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गैरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029) (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **19.04.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **"जहां है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"**, तथा **"बिना किसी समर्थन के आधार पर"** ऋण खाता नं. **HHLRHN00238791 के लिए रू.39,53,370 /- (रुपए उनतालीस लाख तिरेपन हजार तीन सौ सत्तर मात्र) के लिए 09.03.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **10.03.2022** से प्रभावी जो **कपिल बजाज, शम्मा बजाज और परवीन** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.22,00,000/- (रुपए बाईस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.2,20,000/ - (रुपए दो लाख बीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम, खाता नं.32180585427, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** के साथ (IFSC: **SBIN0009995**), जिसकी शाखा **सीएजी शाखा,मुंबई (महाराष्ट्र)**, ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा । अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मुल्य का बकाया जमा कराना होगा ।

**अचल संपति(यों) का वर्णन**

**फ्लैट नं.606, छठ्ठी मंजिल, लिबरेट टावर, ऑमेक्स नॉर्थ एवेन्यू, गाँव सांखोल और बहादुरगढ़, सेक्टर -15, जिला झज्जर, बहादुरगढ़, हरियाणा-124510।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले।

दिनांक: 12.03.2022
स्थान : झज्जर

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# छात्रों पर चढ़ा फगुआ खुमार, स्कूल और कॉलेजों में जमकर उड़ा गुलाल

● कोविड नियमों में छूट मिलते ही राजधानी की सड़कों पर बिखरे होली के रंग

संजय राय। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो साल से युवाओं ने ठीक से होली नहीं खेली थी।

इस बार जब कोरोना के मामले लगातार कम हो रहे हैं और सरकार ने नियमों में छूट दी है तो युवा होली का जमकर आनंद उठा रहे हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में फगुआ बहार और रंगोत्सव की धूम है। छात्रों ने बुधवार को छुट्टी मिलते ही परिसर व बाहर सड़कों और पार्कों में एक-दूसरे को गुलाल से सरोबार कर होली की बधाई दी। इसी तरह स्कूलों में भी छोटे बच्चों ने जमकर रंग खेला। हर किसी के चेहरे पर इस तरह रंग और गुलाल लगा था की पहचाना मुश्लि हो रहा था। कोरोना की वजह से दो वर्षो की खामोशी के बाद अबकी बार युवाओं में रंगों के त्योहार को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

डीयू के कॉलेजों के बाहर व परिसर में होलियाना अंदाज में छात्र छात्राओं ने माहौल को उमंग और उत्साह के रस से भर दिया। ऐसा लग रहा था जैसे कोविड गाइडलाइन में छूट दिए जाने के बाद युवाओं की टोली होली खेलने का कोई मौका छोड़ने को तैयार नहीं है। सबके चेहरे पर रंग बिरंगे गुलाल लगे थे और सबने अपने अपने विभागों में शिक्षकों को बधाई दी और उनका आशीर्वाद लिया। वहीं अन्य परिसरों में भी जमकर होली खेली गई।



एक दूसरे को गुलाल लगाती युवतियां। फोटो: रंजन डिमरी।

## पार्कों में भी दिखी युवाओं की टोलियां

वहीं दूसरी ओर शहर के पार्क में भी युवाओं की टोली दिखी। सभी पूरे उत्साह के साथ होली खेलने में मशगुल दिखे। एक दूसरे को खदेड़कर और प्यार से गुलाल लगाकर होली मनाई। कोविड गाइडलाइन में ढील देने के बाद रंगोत्सव को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। छात्रों ने बताया कि गत दो साल से इस होली का इंतजार था। इस बार हमलोगों ने जमकर होली खेली है और छुट्टी हो जाने के कारण अब तो घर जाकर भी जमकर होली खेलेंगे।

## दिल्ली के नेताओं ने भी जमकर खेला रंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेताओं ने भी जमकर खेली होली। प्रदेश भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाया एवं रंगों की होली को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

आदेश गुप्ता ने सभी को बधाई एवं होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों के इस त्योहार को सभी लोग प्रेम पूर्वक मनाते हैं। जैसे भारत में सभी जाति एक साथ सौहार्द पूर्ण तरीके से रहते हैं, वैसे ही होली में सभी रंगों का एक होना इसकी सबसे बड़ खूबसूरती है। होली समारोह में मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल समेत अन्य नेता मौजूद थे।

इसके अलावा नजफगढ़ रावता मोड़ पर अनिल डागर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित रागिणी में कांग्रेस के पूर्व विधायक विजय लोचव, जिलाध्यक्ष सतबीर शर्मा, रमित सहरावत व अन्य साथी मौजूद रहे।



## इस्कॉन मंदिर में होगी पुष्प वर्षा

*नई दिल्ली। द्वारका स्थित श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश इस्कॉन मंदिर में होली के दिन भगवान पर ड्रोन के जरिए फूलों की वर्षा की जाएगी। गौर पूर्णिमा यानी होली के दिन शाम साढ़े पांच बजे द्वारका सेक्टर 13 में स्थित श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश इस्कॉन मंदिर में भगवान का 108 दिव्य द्रव्यों यानी दूध, दही, घी आदि से महा अभिषेक किया जाएगा। उसमें बताया गया है, इसके बाद शाम छह बजे गेंदा, गुलाब, चंपा, चमेली समेत 108 तरह के फूलों से पुष्प अभिषेक किया जाएगा। यह अभिषेक ड्रोन के माध्यम से भी किया जाएगा और उन्हीं फूलों से भक्त आपस में होली भी खेलेंगे। बयान के मुताबिक, होली के अवसर पर ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकित गौरमणि संकीर्तन की प्रस्तुति देंगी और इसके बाद महा-आरती का आयोजन किया जाएगा। उसमें बताया गया है कि लोग महा-अभिषेक व महा-आरती के लिए ऑनलाइन भी बुकिंग करा सकते हैं।*

# लोकायुक्त बने सेवानिवृत्त न्यायाधीश एचसी मिश्रा

● झारखंड हाईकोर्ट से हुए थे रिटायर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

झारखंड उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायाधीश हरीश चंद्र मिश्रा को दिल्ली का लोकायुक्त नियुक्त किया गया है। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने उन्हें पांच सालों के लिए लोकायुक्त नियुक्त किया है। मिश्रा कुछ महीने पहले ही अवकाश ग्रहण किया हैं। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2020 में रेवा खेत्रपाल के सेवानिवृत्त होने के बाद से लोकायुक्त का पद रिक्त था।

15 मार्च की अधिसूचना के अनुसार उपराज्यपाल अनिल बैजल ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मिश्रा को लोकायुक्त नियुक्त किया। मिश्रा अपना कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए पद पर रहेंगे।

## जामिया मिल्लिया इस्लामिया का प्रोफेसर गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर खालिद मोईन को एक लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। मोईन को दिल्ली स्थित एक कंपनी से रिश्वत की लेने के दौरान गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई ने मेसर्स ब्योम आर्किटेक्ट के प्रखर पवार और कंपनी के एक कर्मचारी आबिद खान को भी गिरफ्तार किया है। सीबीआई के प्रवक्ता आर सी जोशी ने कहा कि आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

# 'कार की हालत अच्छी हो तो दस साल बाद भी चले'

● भाजपा सांसद ने राज्यसभा में उठाया पुरानी गाड़ियों को सड़कों से हटाने का मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एनजीटी के आदेश अनुसार राजधानी में दस साल पुरानी डीजल गाड़ियां चलाने पर प्रतिबंध है जिसको लेकर अकसर गाड़ी चालकों में नाराजगी रहती है। देखा गया है कि अच्छी हालत होने के बाद भी कार कबाड़ी के यहां काटी जाती है।

अब इसको लेकर राज्यसभा में भी आवाज बुलंद हुई है। भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने बुधवार को कहा कि इस पर पुनः विचार किया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के अशोक बाजपेई ने विशेष उल्लेख के जरिए यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक आम व्यक्ति बैंक से लोन लेकर कार खरीदता है और बहुत मुश्किल से अपने खर्च नियंत्रित कर ईएमआई जमा करता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी जीवन में बहुत मुश्किल से एक बार ही कार खरीद पाता है। वह इसका उपयोग भी बहुत ही कम करता है। लोन पटाने में भी उसे खासी दिक्कत होती है।



उन्होंने कहा किसी तरह लोन जमा होता है, लेकिन दिल्ली जैसे महानगर में दस साल के बाद यह कार चलाने योग्य नहीं मानी जाती। आम व्यक्ति के लिए यह कार औने पौने दाम में बेचना ही एकमात्र विकल्प होता है। भले ही उसकी कार में कोई तकनीकी खामी नहीं होती। और कोई अन्य समस्या भी नहीं होती लेकिन उसकी कार चलाने योग्य नहीं मानी जाती।

बाजपेई ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार को इस नीति पर पुनः विचार करना चाहिए और कोई ऐसे उपाय निकालने चाहिए ताकि अच्छी हालत में होने पर कार दस साल के बाद भी चलाई जा सके।

ज्ञात हो दिल्ली में सैकड़ों गाड़ियां सरकार की इस नीति के कारण भेंट चढ़ जाती है। प्राय देखा गया कि गाड़ियां चलती भी और वक्त बीतने पर उसके रेटों पर बड़ी गिरावट देखी जाती है।

# कॉलेजों की ड्रेस में धार्मिक प्रथाएं समाहित हों

● मुस्लिम छात्राओं ने हिजाब पर कोर्ट के फैसले को निराशाजनक बताया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शिक्षण संस्थाओं में हिजाब को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसला को कुछ मुस्लिम छात्र कार्यकर्ताओं ने निराशाजनक बताया है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षण संस्थानों की ड्रेस में सामाजिक और धार्मिक प्रथाएं समाहित होनी चाहिए। दिल्ली में हुई एक प्रेस वार्ता में कई मुस्लिम छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने अदालत के फैसले पर बात की और अपनी मांगों को रखा। छात्र कार्यकर्ता हुमा मसीह ने कहा कि हिजाब को वर्दी पर एक स्वस्थ बहस शुरू करनी चाहिए थी कि क्या यह समावेशी है?

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की छात्रा सिमरा अंसारी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग चाहते हैं कि मुस्लिम महिलाएं शिक्षा हासिल नहीं करें और वे उन्हें शिक्षा और अपनी पहचान के बीच किसी एक को चुनने को मजबूर कर रहे हैं। अंसारी ने कहा कि वह कहना चाहती हूं कि शिक्षा लेने के अपने अधिकार को हासिल करेंगे और अपनी पहचान भी बनाए रखेंगे। हम किसी एक को नहीं चुनेंगे। उन्होंने कहा, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहनकर अगर किसी बैंक या किसी सार्वजनिक स्थान पर जाएंगी, तो उन्हें नैतिक पुलिसिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा। अगर उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो कौन जिम्मेदार होगा? केंद्र सरकार बेटी बचाओ की बात करती है लेकिन राज्य सरकार इसके खिलाफ जाती है। वक्ताओं ने कहा कि वर्दी में भारत जैसे विविध देश में धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि हिजाब प्रतिबंध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वालों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं।

# अगले महीने से शुरू हो सकती है डीयू कॉलेजों के प्रिंसिपल पदों पर नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालयों के कॉलेजों में स्थायी प्रिंसिपलों की नियुक्ति को लेकर स्क्रीनिंग व स्क्रूटनी का काम जोरों पर चल रहा है। इस कड़ी में भारती कॉलेज ने प्रिंसिपल पद की स्क्रीनिंग व स्क्रूटनी करने के बाद कमेटी ने प्रिंसिपल पद के जो आवेदन पत्र आए थे आवेदकों के एपीआई स्कोर के अंतर्गत जिन्होंने अपने डॉक्युमेंट उपलब्ध कराए उनके नामों को शॉर्टलिस्टेड कर उसे वेबसाइट पर डाल दिया है। वेबसाइट पर आवेदकों को शॉर्टलिस्टेड में किसी तरह की त्रुटि संबंधी सही करने के लिए 17 मार्च तक समय दिया गया है। दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (डीटीए) के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि भारती कॉलेज में 15 उम्मीदवारों को एपीआई स्कोर के अंतर्गत सही पाया गया है। इन उम्मीदवारों के नाम वेबसाइट में डॉ.अनुराधा गुप्ता, प्रोफेसर अनुपमा महाजन, प्रोफेसर संगीता मित्तल, डॉ.कामराज सिंधु, प्रोफेसर आशा रानी, डॉ.प्रशांत सिंह, प्रोफेसर सलोनी गुप्ता, प्रोफेसर रेखा सपरा, प्रोफेसर अजय कुमार झा, डॉ. नंदिनी चौधरी सेन, प्रोफेसर नमिता राजपूत, प्रोफेसर कुशा तिवारी, प्रोफेसर सरोज गुप्ता, डॉ. मोहम्मद रहीस, डॉ.राजीव सिंह आदि शामिल है।



# कई देशों के राजदूत पहुंचे भारत दर्शन पार्क



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी निगम के पंजाबी बाग स्थित भारत दर्शन पार्क का 27 देशों के राजदूतों, उच्चायुक्त और प्रतिनिधियों ने भ्रमण किया।

सभी देशों के राजदूतों ने इस पार्क में बनायी गयी ऐतिहासिक स्मारकों की अनुकृतियों देखा और कहा कि यह अनोखा पार्क अपनी भव्यता, व्यापकता व सुन्दरता के कारण दिल्ली को नयी पहचान दे रहा है। दक्षिणी निगम ने इस पार्क के भ्रमण के लिए गैर सरकारी संगठन इन्टरनेशनल कार्डसिल फार वर्ल्ड अफेयरस के सहयोग से आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बांग्लादेश, जमैका, डोमिनिकन गणराज्य, नाइजीरिया, फिजी, वियतनाम, कोरिया, श्रीलंका ,भूटान देशों के उच्चायुक्त, राजदूत और प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कहा कि वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए पंजाबी बाग क्षेत्र में बेहतरीन भारत दर्शन पार्क विकसित किया है। यह देश का पहला ऐसा पार्क है जिसमें 350 टन कबाड़ से विभिन्न राज्यों की 22 ऐतिहासिक स्मारकों और कलाकृतियों की अनुकृतियों जैसे कि ताजमहल, कुतुबमीनार, चारमीनार, विक्टोरिया मैमोरियल, तवांग गेट, रामेश्वरम, द्वारकाधीश, जग्गनाथ पुरी, बद्रीनाथ और वट वृक्ष निर्मित की गयी है।



डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते अनुराग ठाकुर व साथ में अन्य।

## सूचना प्रसारण मंत्री ने किया डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन

नई दिल्ली। आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत सरकार के डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन बुधवार को सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सुजानपुर में किया। चार दिवसीय सुजानपुर होली मोहत्सव में आयोजित इस प्रदर्शनी में भारत के स्वतंत्रता संग्राम को क्रमवार तरीके से दिखाया जा रहा है।

साथ ही स्वराज से विकास तक के 75 साल के सफर, हिमाचल के स्वतंत्रता सेनानियों सहित हिमचाल के विकास में भूमिका निभाने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में वाल ऑफ इंडिपेंडेंस आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनी में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है। प्रदर्शनी में मंत्रालय से जुड़े कलाकारों ने भी प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने अपने गीत और नृत्य के माध्यम से आजादी के संग्राम को चित्रित किया।

## संक्षिप्त समाचार



राजकीय विकास विद्यालय के विजेता छात्र-छात्राएं एवं अध्यापकगण।

### राज्य स्तरीय मानसिक गणित प्रतियोगिता

नई दिल्ली। राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय शालीमार बाग में राज्यस्तरीय मेंटल मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लेवल-1 में पांचवीं और छठीं कक्षा के छात्र शामिल हुए। प्रतियोगिता पूर्वी रीजन ने जीती। पश्चिमी रीजन दूसरे व उत्तरी रीजन तीसरे स्थान पर रहा। उप शिक्षा निदेशिका रेनू ने बच्चों के अंदर गणित के प्रति रुचि और उत्साह की भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रतियोगिता कई चक्रों तक चली और आखरी दौर में ही प्रथम टीम का निष्कर्ष निकल पाया, ज्यूरी के सदस्य संजीव कुमार और निझावन ने विजेता टीम की घोषणा की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश बत्रा ने बताया कि किस तरह से हम अपनी पूरी दिनचर्या में गणित से घिरे हुए हैं, इसलिए गणितीय गणनाओं को समझने से घबराना नहीं चाहिए।

### संपत्ति कर रियायती योजना की तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने संपत्तिकर जमा कराने के लिए आम माफी योजना की अंतिम तिथि को बढ़कर 31 मार्च 2022 तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले इस योजना की अंतिम तिथि 15 मार्च थी। इस योजना के अंतर्गत बकाया संपत्तिकर जमा कराने पर ब्याज और जुर्माने पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कोरोना संक्रमण के चलते बहुत से लोग निगम द्वारा प्रदम इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं इसलिए आम लोगो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह आम माफी योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाने का फैसला किया गया है।

### घर से गैस सिलेंडर चोरी करने वाला गिरफ्तार



नई दिल्ली। नजफगढ़ थाना पुलिस टीम ने घर से गैस सिलेंडर चोरी के मामले में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रवि के रूप में हुई है। उसके कब्जे से चोरी किया सिलेंडर बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी के अनुसार, 14 मार्च को नजफगढ़ थाना पुलिस को एक घर में सेंधमारी की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को शिकायतकर्ता ने बताया कि किसी ने रात को रसोइ का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर की चोरी कर ली हैं। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार छानबीन के दौरान आरोपी को छावला स्टैंड के बैंक साइड पार्क से दबोचा गया। पूछताछ में उसने सिलेंडर चोरी करने की बात स्वीकार कर ली।

### जिला कांग्रेस ने की सिब्बल पर कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस की चांदनी चौक जिला इकाई ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से कथित रूप से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। सिब्बल चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व सांसद हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जावेद मिर्जा ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व के खिलाफ कपिल सिब्बल की टिप्पणी पर विचार करने के लिए बुधवार को चांदनी चौक जिला कांग्रेस इकाई की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अनुरोध करती है कि सिब्बल के खिलाफ उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव पेश कर रही है।



टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।





वैक्सीन लगवाकर सेल्फी लेते बच्चे।

# वैक्सीन लगवाने को बच्चों में दिखा उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा भले ही कम हो गया है लेकिन संक्रमण का खतरा अभी भी बरकरार है। कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन ही मात्र सुरक्षा कवच है।

स्वास्थ्य विभाग ने 15-17 साल तक के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने के बाद बुधवार से 12-14 साल तक के बच्चों के लिए भी वैक्सीन लगाने की मुहिम का आगाज किया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों जबरदस्त उत्साह दिखा। बच्चे सभी 11 जिलों में बने 140 टीकाकरण केंद्रों पर पंक्ति में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। साथ ही 60 से ऊपर के सभी लोगों को एहतियाती खुराक भी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ चर्चा के बाद केंद्र की ओर से 12-13 वर्ष और 13-14 वर्ष आयु वर्ग के लिए वैक्सीनेशन की शुरुआत का फैसला लिया गया है। इन बच्चों को दी जाने वाली कार्बेवैक्स वैक्सीन देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन (आरबीडी) प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन है। यह कोरोना संक्रमण से मुकाबला करने में सक्षम है। 28 दिनों के अंतराल में 12-14 साल के बच्चों को कार्बेवैक्स वैक्सीन के की दूसरी खुराक दी जाएगी। ज्ञात हो कि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में कहा था कि 12 से 14 साल के बच्चों के टीकाकरण के दौरान टीकों का मिश्रण न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए टीका लगाने वालों और टीकाकरण टीम को प्रशिक्षण देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीकों का मिश्रण रोकने के लिए राज्यों को निर्धारित कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों पर समर्पित टीकाकरण सत्र आयोजित करें। पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य टीके की उन शीशियों को बदल सकते हैं, जिनके इस्तेमाल की अवधि जल्द खत्म होने वाली है।



# शुरू हुआ 12 से 14 साल के बच्चों का टीकाकरण

## जिले के 85 हजार बच्चों को लगाए जाएंगे कॉबेवैक्स वैक्सीन के टीके

## नागरिक अस्पताल में बच्चों को दी चॉकलेट और फूल


गुरुग्राम में कोरोना रोधी टीका लगवाने आए बच्चों को फूल व चॉकलेट देती टीकाकरण इंचार्ज डा. सुशीला यादव, साथ में नर्सिंग ऑफिसर्स।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** से बचाव के लिए जिले में बुधवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के मौके पर 12 से 14 साल के बच्चों का कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण कार्य शुरू किया गया है। इस टीकाकरण अभियान की शुरुआत गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला के जैकबपुरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से रिबन काटकर की। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव भी उपस्थित थे। वहीं नागरिक अस्पताल में टीका लगवाने आए बच्चों को फूल व चॉकलेट दी गई।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस दौरान टीका लगवाने वाली छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आपको घबराना नहीं है। उपायुक्त ने गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग की टीम की प्रशंसा की और कहा कि कोरोना काल में राष्ट्रीय स्तर पर भी गुरुग्राम जिला की एक अलग पहचान स्थापित की है। उन्हें पूरा विश्वास है कि उपरोक्त आयु वर्ग के इस अभियान में भी गुरुग्राम प्रदेश भर में लीड करेगा।

टीकाकरण अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि आज से शुरू किए गए इस अभियान के तहत जिला में 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के करीब 85 हजार बच्चों को कोरोना रोधी टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयु वर्ग के बच्चों को केवल कोबेवैक्स वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। लाभार्थी ऑनलाइन पंजीकरण के अलावा सीधे टीकाकरण केंद्र पर जाकर भी वैक्सीन लगवा सकते हैं।

### जिले में बनाए गए 82 टीकाकरण

**डा. यादव** ने कहा कि अभियान के तहत जिला में स्कूल व स्वास्थ्य केन्द्रों को मिलाकर 82 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं, वहीं सभी केन्द्रों पर यह निर्देश दिए गए हैं कि उम्र संबंधी दस्तावेज की जांच करने के बाद ही बच्चे का टीकाकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि बुधवार से शुरू हुए अभियान के तहत केवल वहीं बच्चें लाभपात्र होंगे, जिन्होंने 15 मार्च 2022 को 12 वर्ष की उम्र पूरी की है। इस अवसर पर टीकाकरण अभियान के नोडल अधिकारी उप-सिविल सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह, डॉ. जयप्रकाश राजलीवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत कराएं टीकाकरण : नवीन गोयल



## बुधवार को शुरू हुआ 12 से 14 के बच्चों का टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बच्चों को भी कोरोना से सुरक्षा कवच पहनाने के उद्देश्य से शुरू किए गए टीकाकरण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है। साथ ही आमजन से अपील की है कि वे अपने 12 से 14 साल के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराकर उन्हें सुरक्षित बनाएं।

नवीन गोयल ने कहा कि देश के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को कोरोना से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े स्तर पर पहले कोरोना की जांच और फिर वैक्सीनेशन शुरू की। देश के मुखिया होने के नाते उनकी अपने देश के लोगों को बचाने की जिम्मेदारी थी, जिसे उन्होंने पूरा किया। नवीन गोयल ने कहा कि अनेक विकसित देशों की तुलना में भारत ने जिस रणनीति से कोरोना से लड़ाई लड़ी और हराया, उसे सभी देशों ने सराहा। बात करें हरियाणा की तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश की जनता को कोरोना से बचाव के लिए तमाम प्रयास किए। बुजुर्ग हमारे घरों में सबसे महत्वपूर्ण होते हैं।

## कार्वावैक्स वैक्सीनेशन अभियान के पहले दिन लगी 150 को डोज

**सोहना।** पहले दिन 12 से 14 वर्ष की उम्र वाले 150 किशोरों ने कार्वावैक्स की डोज लगवाई। नागरिक अस्पताल ने कार्वावैक्स डोज के लिए दो स्थानों पर केन्द्र बनाए थे।


सोहना के स्कूल में छात्रा को टीका लगाते डॉक्टर।

कोरोना महामारी से बचाव के लिए नागरिक अस्पताल के साथ-साथ एक केन्द्र शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में बनाया गया। जहां पर 60 छात्राओं ने कार्वावैक्स डोज का टीका लगवाया। स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि एक दिन पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन कैंप लगाने की सूचना दे दी थी। नागरिक अस्पताल में वैक्सीनेशन की प्रभारी डॉक्टर गरिमा ने बताया कि अस्पताल परिसर में 90 किशोरों ने आकर कार्वावैक्स की डोज लगवाई। जिसके लिए विभाग द्वारा एक दिन पहले से पूरी तैयारियां कर ली गई थी। एसएमओ नवल किशोर ने बताया कि कार्वावैक्स का डोज उन किशोर को लगेगा। जिनकी उम्र 15 मार्च 2022 को 12 वर्ष पूरी हो चुकी है। इससे कर्म उम्र वाले किशोर का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं होगा। पंजीकरण के बिना किसी भी किशोर को टीका नहीं लगाया जाएगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### मेसुरेशन शारीरिक प्रक्रिया ये बीमारी नहीं : प्रो. बीना यादव



**गुरुग्राम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय खेड़की दौला में सेवा इन्टरनेशनल द्वारा आयोजित मेसुरेशन हाईजीन सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य बीना यादव ने कहा कि यह बीमारी नहीं है। किसी भी बच्चियों को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक शारीरिक प्रक्रिया है। ये हमारी शाररिक प्रकिया है। जब हम बड़े होते है। हमारे शरीर के अंदर भी कई प्रकार के बदलाव होते है। हमें आस-पास और परिवार के लोगों को समझना होगा, ताकि किसी भी बच्चियों को स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकें। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा ही नहीं, देश के अंदर लड़कियां बहुत आगे बढ़ रही है। आज का यह सेशन आप सब के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप यहां से सीखकर अपने घर परिवार के बच्चियों को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में प्रो. एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष प्रो. महराम यादव ने कहा ये पहल छोटी लग सकती है। ये हरियाणा के स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चियों के संख्या को घटाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक परिवार को जागरूक करने की आवश्यकता है।

### सतबीर पहलवान को मिल रही बधाइयां



**सोहना।** कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान को अनुसूचित जनजाति का प्रदेश सलाहकार नियुक्त होने पर बधाइयां देने वालों का ताता लगा हुआ है। खंड व जिला स्तरीय नेताओं समेत ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच और पार्टी कार्यकर्ता मंगलवार से ही शुभकामनाएं देने पहुंच रहे हैं। सतबीर पहलवान के सोहना में स्थित उनके निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं का बधाइयां देने वालों की भारी भीड़ हो रही है। बुधवार सुबह रिठौज, सहजावास, बहलपा, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, लोहटकी, सिरसका, खाईका, दौला, हरचंदपुर, किरन की खेड़ली, बाइखेड़ा, अलीपुर, भोंडसी समेत गुरुग्राम, पलवल, नूंह और पलवल से बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। सतबीर पहलवान ने बताया कि 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से हरियाणा के अंदर सत्ता में आएगी। प्रदेश के लोग भाजपा के सात वर्ष के शासन से दुखी हो लिए हैं। आज मजदूर, कमेरा और बेराजगार युवक रोजगार के लिए भटक रहा है। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री बनावटी बातें कर रहे हैं। केवल कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है। जहां मजदूर से लेकर नौकरी करने वाले कर्मचारी के हक की बातें की जाती है। कांग्रेस द्वारा कराएं जाने वाले विकास के कार्य धरातल पर दिखाई देते है।

### होली पर घर लौट रहे नागरिकों से बसों में भारी भीड़



**सोहना।** होली पर्व मानने के उद्देश्य से देश के अलग-अलग राज्यों के लोगों ने अपने-अपने घरों को लौटना शुरू कर दिया है। जिसको लेकर बसों में होली से दो दिन पहले से ही भारी भीड़ होने लगी है। प्रदेश के दूसरे जिलों से लेकर बिहार, पंश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश झारखंड़, राजस्थान, मध्यप्रदेश उतराखंड आदि से आए लोग होली का त्योहार परिजनों के बीच मनाने के लिए अपने पैतृक गांव जाने लगे हैं। बुधवार को सामान्य बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ देखी गई है। यात्रियों में 60 से 70 फीसदी मजदूर वर्ग के हैं। 10 से 15 फीसदी नागरिक सोहना समेत आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में नौकरी करने वाले हैं। होली का त्योहार मनाने के लिए अपने हमवतन लौट रहे नागरिकों के आवागमन से निजी बस संचालकों की मौज आ गई है।

# 15 वार्डों में 1700 लोगों ने दर्ज कराई आपत्तियां

**सोहना।** नगर परिषद को शहरी क्षेत्र के 15 वार्डों में रहने वाले करीब 1700 नागरिकों ने प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। जिसमें 1550 के लगभग ऑफ लाइन तथा 200 के लगभग ऑनलाइन हैं। ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड-एक के निवासियों ने प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस लेने से इंकार कर दिया है।

नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में लगते 15 वार्डों में याशी कंपनी द्वारा सर्वे के बाद करीब 4000 नागरिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस दिए गए थे। प्रॉपटी टैक्स नोटिसों पाई गई खामियों को लेकर शहरवासियों ने सर्वे का कड़ा विरोध किया। प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को दूर करने के लिए तुरन्त प्रभाव से दुरूस्तीकरण अभियान याशी कंपनी द्वारा फरवरी माह से शुरू किया था। लेकिन एक साथ भारी मात्रा में आपत्तियां दर्ज कराने वालों की भीड़ देखते हुए परिषद की तरफ से प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाने शुरू किए थे। 25 फरवरी से लेकर 14 मार्च के बीच में 1700 के लगभग शहरवासियों ने आपत्तियां दर्ज कराई है। जिनका दुरुस्तीकरण का कार्य तुरन्त प्रभाव से किया जा रहा है।

याशी कंपनी कर्मचारियों ने ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड नंबर 1,2,3,4,7,9 और 11 में प्रॉपर्टी टैक्स वितरण का कार्य शुरू किया हुआ है। शहर से लगते वार्ड 7, 9 और 11 में नोटिस वितरण का कार्य पूरा कर लिया है। ग्रामीण क्षेत्र के गांव रायसीना, मौहम्मदपुर गूर्जर, सांप की नंगली, गुंड़वास, धुनेला, बेरका, खाईका, सिरसका, लोहटकी और बालूदा में नोटिस वितरण का कार्य शुरु किया है। ग्रामीण क्षेत्र में करीब 2000 प्रॉपर्टी टैक्स का कार्य पूरा करना है। नगर परिषद का गठन 2014 में किया गया था। 2016 में नगर परिषद का पहला आम चुनाव हुआ था।

## टोल पर 24 घंटे खुली रहे इमरजेंसी लेन : निशांत कुमार यादव

**गुरुग्राम।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला में पड़ने वाले सभी टोल पर नियमानुसार इमरजेंसी लेन 24 घंटे खुली रहनी अनिवार्य है। टोल संचालन को लेकर सरकार द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिनकी पालना करना अनिवार्य है। आदेशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई भी होगी। वे बुधवार को यहां सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी एसडीएम को अपने अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले टोल प्रबंधकों के साथ बैठक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित एसडीएम टोल प्रबंधकों के साथ बैठक कर निर्धारित मानदंडों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में राजीव चौक तथा इफ्को चौक पर पैदल यात्रियों के लिए बने अंडरपास को आमजन के लिए सुविधाजनक बनाने संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई।

# हमारे बच्चों के लिए भी सुरक्षा कवच है वैक्सीन : सुंदर लाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** में 12 से 14 साल के बच्चों के लिए कोरोना रोधी वैक्सीन लगानी शुरू हो गई। सभी अभिभावक अपने बच्चों को यह टीका लगवाएं और बच्चों के लिए सुरक्षा कवच बनाएं। यह बात सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरकारी स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर वैक्सीनेशन कार्यक्रम में कही।

टीकाकरण का शुभारंभ पीएचसी भांगरोला की मेडिकल ऑफिसर डा. शालू वशिष्ठ व सरपंच सुंदर लाल यादव ने किया। इस अवसर पर 12 से 14 साल तक के बच्चों को कोरोना रोधी पहली डोज लगाई गई। बच्चों को और अभिभावकों को प्रेरित भी किया कि वे दूसरे बच्चों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। कोरोना से लड़ने के लिए यह वैक्सीन हमारा सुरक्षा कवच है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धीरे-धीरे पूरे देश को सुरक्षा कवच पहनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पहली-दूसरी डोज लगने के बाद बूस्टर डोज भी शुरू की जा चुकी है, ताकि हमारे बुजुर्ग और कोरोना वॉरियर कर्मचारी, अधिकारी पूरी तरह से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का पूरी दुनिया ने लोहा माना है। भारत कोरोना से लड़ाई लड़ने के बाद भी मैदान में मजबूती से खड़ा है। इस अवसर पर राजकुमार, दर्शना, ओमप्रकाश मेंबर, राकेश यादव, नीरू, भावना के अलावा स्कूल के अन्य शिक्षक व काफी संख्या में ग्रामीण बच्चों के साथ मौजूद रहे।


गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में बच्चों के वैक्सीन कार्य की शुरुआत करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

# आप में होता है हर कार्यकर्ता का उचित सम्मान : उमेश

## आप में होने को तैयार हैं कई नेता व सेंकड़ों कार्यकर्ता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल एवं आम आदमी पार्टी (आप) के नेता उमेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश भर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की जा रही अनदेखी और उपेक्षा झेल रहे अनेक भाजपा नेता व हजारों कार्यकर्ता आप में शामिल होने को उतावले हैं। ऐसा इसलिए कि भाजपा में निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ताओं की कोई कद्र नहीं रह गई है। यह बात उन्होंने अपने शीतला माता रोड स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कही।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे अधिक वोटों से जीत का रिकार्ड बनाने वाले उमेश अग्रवाल ने दावा किया कि पिछले दो ही दिन में सेंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उनसे संपर्क कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने की इच्छा जता चुके हैं। उमेश अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मान चाहता है। आम आदमी पार्टी में कार्यकर्ता का सम्मान है। यह कार्यकर्ता के सम्मान का ही परिणाम है कि पहले दिल्ली में और अब पंजाब में भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी। आम के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने दिल्ली में जो जन हितैषी नीतियां लागू की उनकी चर्चा अब पूरे देश में हो रही है। हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही के बीच भी भाजपा और निर्दलीय विधायक अरविंद केजरीवाल की नीतियों की प्रशंसा कर रहे हैं। जन मानस में भी खास चर्चा हो रही है कि जब आम आदमी पार्टी के विरोधी दलों के नेता और जन प्रतिनिधि भी अरविंद केजरीवाल की नीतियों की प्रशंसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उन्होंने जन हितैषी काम किये हैं।


पत्रकारों से बात करते आप नेता उमेश अग्रवाल।

पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितना काम आम आदमी पार्टी की सरकार ने किया उतना देश में किसी प्रदेश सरकार ने नहीं किया। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष मुकेश डागर व आम आदमी पार्टी दक्षिण हरियाणा संयोजक वीर सिंह उर्फ वीरू सरपंच ने एडवोकेट समीर महला, एडवोकेट हेमंत कुमार, एडवोकेट प्रवीण शर्मा एवं राजबाला शर्मा, संजय शर्मा, साईकुंज सोसायटी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, गौरव टांक, अरविंद राघव व सुरेंद्र खंडेलवाल को पटका व टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी में शामिल किया।

# विधायक ने विस में उठाई पुराने शहर में मेट्रो बस स्टैंड और अनाधिकृत कॉलोनियों की मांग

## बोले, नए गुरुग्राम में दिल्ली मेट्रो व रैपिड मेट्रो का हो रहा है संचालन और पुराने में एक भी नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुड़गांव** के विधायक सुधीर सिंगला ने पुराने गुरुग्राम शहर में मेट्रो शुरू करने की मांग हरियाणा विधानसभा के सत्र में उठाई। उन्होंने कहा कि नए गुरुग्राम में तो दो-दो मेट्रो सेवाएं (दिल्ली मेट्रो व रैपिड मेट्रो) हैं, लेकिन पुराने में एक भी नहीं। जबकि पुराने गुरुग्राम से हजारों लोग रोजाना दिल्ली जाते-आते हैं। ऐसे में इस विषय पर सरकार कदम बढ़ाए और पुराने शहर की मेट्रो से कनेक्टिविटी करें।


विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि नये गुरुग्राम में मेट्रो कनेक्टिविटी अच्छी होने के कारण दिल्ली-एनसीआर में लोगों का आना-जाना काफी सुविधाजनक है। पुराने गुरुग्राम शहर को मेट्रो से जोड़ने के लिए या फिर यात्रियों को मेट्रो में सफर करने के लिए ऑटो, बस आदि वाहनों से मेट्रो स्टेशन तक पहुंचना पड़ता है। इससे उनका समय अधिक खराब होता है। गुरुग्राम के लोगों ने कई बार उनसे मुलाकात करके मेट्रो संचालित करने के लिए मांग उठाई है। अगर पुराने गुरुग्राम तक मेट्रो का विस्तार हो जाता है तो यहां के लाखों लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल जाएगी। साथ ही शहर में यातायात की भीड़ भी कम होगी। क्योंकि लोग मजबूरी में अपने वाहनों या फिर पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करने को मजबूर हैं। इसलिए पुराने में मेट्रो सेवा अति आवश्यक है।

विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम में बस स्टैंड को लेकर भी विधानसभा में मांग उठाई। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के बस स्टैंड को शहर से बाहर की ओर बनाया जाए। विधायक ने गुरुग्राम में अनाधिकृत कालोनियों को अधिकृत करने के लिए भी सरकार से मास्टर प्लान बनाने की मांग की।

## फेडरेशन कप पर भी हरियाणा का कब्जा

**गुरुग्राम।** राजस्थान के भीलवाड़ा में आयोजित फेडरेशन कप वालीबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा वालीबॉल की टीम ने एक बार फिर स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय वालीवाल जगत में अपनी सवर्ज्ञश्रेष्ठता सिद्ध कर दी है। उल्लेखनीय है कि अभी 1 माह पूर्व भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भी हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया था।

नेशनल चैंपियन बनने के ठीक एक माह पश्चात एक बार फिर फेडरेशन कप का विजेता बनकर हरियाणा टीम के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय वालीवाल जगत में हरियाणा के नंबर वन होने पर मोहर लगाने का कार्य किया है। यहां यह बताना आवश्यक है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब हरियाणा वालीबॉल टीम ने किसी कैलेंडर वर्ष में एक साथ नेशनल चैंपियनशिप तथा फेडरेशन कप जीतने का गौरव प्राप्त किया है।

# #HarRangKiHoli भारतीयों में अपने ढंग से खुशी के रंग मनाने के लिए जोश भरता है Koo App का होली गान

## कू होली गान को सिद्धार्थ सक्सेना और चंदन जायसवाल ने कंपोज किया है, जिसे चंदन जायसवाल ने गाया है

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ/देहरादून

**होली** के मौके पर देश के पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेफॉर्म कू ऐप ने एक जोशीला होली गान- #HarRangKiHoli लॉन्च किया है। इसका मकसद इस बार भारतीयों को अपनी अनूठी परंपराओं को दिखाते हुए रंगों के त्योहार को अपने ढंग से मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। #HarRangKiHoli-प्रभावशाली शख्सियतों और सितारों के जरिये पूरे भारत से सांस्कृतिक विविधता और लोकाचार को एक साथ मिलाती है। इसमें रंगों और लाठी से खेली जाने वाली उत्तर प्रदेश की लट्ठमार होली की झलक, लोक नृत्य और मार्शल आर्ट को एक साथ मिलाकर पंजाब के होला मोहल्ला, स्थानीय लोगों द्वारा बसंत का स्वागत करने वाला गोवा का जीवंत शिग्मो, भगवान कृष्ण के भव्य जुलूस वाले पश्चिम बंगाल के डोल जात्रा तक का रंग शामिल है। इससे यह गान %कई संस्कृतियों, एक भावना% को बेहतरीन ढंग से दर्शाता है।




यह गान भारतीयों को उन सभी अनोखे तरीकों को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित करता है, जिसमें वे अलग-अलग ढंग से एक ही त्योहार मनाते हैं। कू ऐप पर यूजर्स- #Milerangmeratumhara (सुमिलेरंगमेरातुम्हारा) #SabkiBoliHappyHoli (सुसबकीबोलीहैप्पीहोली) #IndiaKiHoli (सुइंडियाकीहोली) जैसे हैशटैग के माध्यम से वीडियो और तस्वीरें शेयर कर रहे हैं जो उनके रिवाजों, त्योहार के पकवानों, व्यंजनों और विरासत को बेहतरीन रूप से पेश करते हैं। इस संबंध में कू ऐप के प्रवक्ता ने कहा, हमारा मंच हर उस चीज़ को सलाम करता है जिसे भारत मनाता है; चाहे वह खेल हो, चुनाव हो, फिल्में हों या त्योहार। होली भारत के सबसे मशहूर त्योहारों में से एक है और इस अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। 2022 इसलिए खास है क्योंकि लोगों को अब टीका लगा चुका है और लोग दो साल बाद होली को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाने के लिए उत्सुक हैं। अपनी मूल भाषा में लोगों को खुद को व्यक्त करने का अधिकार देने वाले एक मंच के रूप में कू ऐप- #HarRang KiHoli के जरिये त्योहारी माहौल को सामने लाने के लिए रोमांचित है। हम सभी को अपने मंच पर आने, अपनी होली परंपराओं को साझा करने और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# अमेजन.इन के होली शॉपिंग स्टोर के साथ अपने पकवानों पर कीजिए बेहतरीन स्वाद की बौछार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**होली** के मौके पर मुंह में पानी लाने वाले व्यंजनों के साथ भारत की रंग बिरंगी संस्कृति का जश्न मनाइए। यह आपके होली के उत्साह को और भी खुशनुमा बना देगा। ग्राहकों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होने के नाते Amazon.in आपकी होली से जुड़ी सभी जरूरी चीजें जैसे- घी, सूजी, आटा, मेवे, आपके पसंदीदा फलों आदि को विशेष रूप से तैयार होली शॉपिंग स्टोर के माध्यम से पेश कर रहा है।

ग्राहक एलेक्सा का उपयोग करके अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड पर उपलब्ध) पर होली स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉयस नेविगेशन का उपयोग कर सकते हैं। उपयोगकर्ता ऐप पर माइक आइकन पर टैप कर कह सकते हैं - एलेक्सा, होली शॉपिंग स्टोर पर ले जाएं और आप सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे। यहां सेलर्स की ओर से पेश किए गए कुछ उत्पाद दिए गए हैं जो आपके होली के जश्न का हिस्सा जरूर होने चाहिए

**सिर्फ एक रुपये में डील्स का उठाएं लाभ :** ताजी प्याज, 500 ग्राम (प्रोमो पैक) - यह हरफनमौला सब्जी आपको हर जगह काम आएगी। मसालेदार प्याज की बात करें जो यह आपके टैको और पिज्जा को और भी स्वादिष्ट बना देगा, या कैरमेलाइज्ड प्याज डिप्स और पिज्जा में मिठास भरा टेस्ट दे सकता है। इस बार होली के लिए किस्पी अनियन रिंग्स, पकौड़े, प्याज की कचौरी, चाट, जंगी चटनी, करी, सैंडविच, सूप, सलाद जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करें। आप इसके साथ बहुत कुछ आजमा सकते है। इसे 1 रुपये की शुरुआती कीमत पर Amazon.in से खरीदें।

ताजा सामग्री के साथ रंगों के त्योहार का जश्न मनाने के लिए तैयार कीजिए क्लासिक रेसिपी। ताजा संतरा - नागपुर, 1 किलो - इन ताजे, हाइजिनिक और प्राकृतिक संतरों के शानदार स्वाद के साथ मिठाई और हलवा तैयार करें। Amazon.in पर इनकी कीमत 83 रुपये से शुरू हैं।

# अमेजन.इन के होली शॉपिंग स्टोर पर खरीदें गुलाल से लेकर पिचकारी तक सबकुछ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रंगों** का त्योहार नजदीक है, इसलिए इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाने के लिए तैयार हो जाइए. Amazon.in एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होने के नाते आपकी सभी होली की आवश्यक चीजें - हर्बल गुलाल और पिचकारी से लेकर गुझिया और चकली बनाने वाली मशीन, पूजा की आवश्यक चीजें और सुरक्षात्मक गियर तक सभी को एक विशेषरूप से तैयार किए गए होली शॉपिंग स्टोर में उपलब्ध कराया गया है।

ग्राहक अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉयड पर) पर अलेक्जा का उपयोग कर होली स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉइस नेवीगेशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। यूजर्स ऐप पर माइक आइकन को टैप कर सकते हैं और कहें- अलेक्जा, होली शॉपिंग स्टोर पर चलो और आप सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे। यहां विक्रेताओं के कुछ उत्पादों के बारे में हम बता रहे हैं जो आपके होली समारोह का हिस्सा होने चाहिए




**होली स्टार्टर किट**

अंतरक्रांति नेचुलर होली गुलाल कलर - 6 उज्जवल रंगों में पूर्ण रूप से प्राकृतिक हर्बल गुलाल के साथ होली खेलें जो कि पूरी तरह से शुद्ध और सुरक्षित हैं। ये रंग हाथ से बने, बारीकी से छने, प्राकृतिक खुशबू से सुगंधित हैं और इनके साथ खेलने का आनंद जुड़ा है। इसे आप Amazon.in पर 699 रुपये की शुरुआती कीमत पर खरीद सकते हैं।

सरोवर सिल्वर प्लेटेड पूजा थाली सेट - रंगों के त्योहार का जश्न मनाइए और इस सिल्वर-प्लेटेड थाली सेट के साथ भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें, जो एक पूजा प्लेट, चंदनवाटी, सुगंधित अगरबत्ती, दीवी, आचमन लोटी, कनकवटी, चम्मच, गिलास, पारंपरिक घंटी के साथ आती है। Amazon.in पर इसे 1079 रुपये में प्राप्त करें।

जेड ब्लैक लग्जरी-प्रीमियम सुगंधित अगरबत्ती - हर कोई यह जानता है कि सुखदायक और ताजा सुगंध हमारे मन और आत्मा पर बहुत ज्यादा प्रभाव डालते हैं। अगरबत्ती के इस पैक में शामिल हैं ब्लैक मस्क, व्हाइट सेज, प्योर सेंडल और फ्रेंच लेवेंडर जो कुछ ही मिनटों में वातावरण को शांत और सकारात्मक बना देंगे। Amazon.in पर इसे आप 240 रुपए की शुरुआती कीमत में खरीद सकते हैं।

गुजिया मेकर - अगर आप नोसिखिया भी हैं, तब भी यह गुजिया मेकर आपको खूबसूरती से कटी हुई गुझिया बनाने में मदद करेगा। तो, होली पर सबकी पसंदीदा मिठाई बनाकर अपने प्रियजनों को आश्चर्यचकित कर दें। Amazon.in पर आप इसे 334 रुपये से शुरू होने वाली कीमत पर खरीद सकते हैं।

# युवा पीढ़ी भूलती जा रही टेसू के फूलों का महत्व

## गुजरे जमाने की बात हो गई टेसू के रंगों से होली खेलना

**कविता।** फरीदाबाद



सेक्टर-12 में लगा टेसू के फूलों का पेड़।



मुनिराज



धनेश्वर



नंदा

**पांच** दशक पूर्व टेसू के फूल के रंग से होली खेलने विशेष महत्व था। इन फूलों से बने रंगों को लोग पूर्वजों की सौगात व धार्मिक रूप से शुद्ध मानते थे। लेकिन हाईटेक युग में अब इसका महत्व समाप्त हो गया है। आज भी टेसू कुछ पेड़ एनआइटी, सेक्टर-12 और अरावली में बचे हैं।

जंगलों में टेसू का पेड़ ढाक (पलास) ही गायब हो गए हैं। अब इसके कुछ पेड़ देखने को तो मिलते हैं। लेकिन इनके फूलों से अब रंग बनाकर होली खेलना गुजरे जमाने की बात हो गई है। युवा पीढ़ी इसका न तो महत्व जानती है और न ही विशेषता। धार्मिक ग्रंथों में भी टेसू के फूल का वर्णन है। बताते है कि अयोध्या में टेसू के फूल से होली खेलने की परम्परा भगवान श्री राम ने शुरू की थी। इसकी जगह आधुनिक रंगों ने ले ली है। इस बारे में शहर के बुजुर्गों ने बताया कि वह होली का रंग ही कुछ और होता था, आज तो लोग टेसू के फूलों का महत्व ही भूलते जा रहे हैं।

**हर्बल में भी मिलावट:** एनएच पांच निवासी महंत मुनिराज जी ने 'टेसू रे टेसू घनटाल बजाईयो.......' गीत गाते हुए कहा कि टेसू के फूल तो अब बिल्कुल ही समाप्त हो गए हैं। वह टेसू से बचपन में रंग तैयार करके होली खेला करते थे। उस दौरान इस गीत को गाया करते थे। आज हर्बल गुलाल के नाम पर भी मिलावटी रंग बेचे जा रहे हैं। टेसू के फूल को आयुर्वेद में विशेष दर्जा हासिल है। फूलों की टहनी घर के अंदर टांगने से मच्छर नहीं आते। बच्चों के पेट रोग और बाहरी हवा का असर कम करने में भी टेसू का विशेष महत्व था।

**टेसू से बनता था रंग :** जवाहर कॉलोनी निवासी 80 वर्षीय धनेश्वर सेटोनी ने बताया कि टेसू के फूल से रंग तैयार कर होली खेलना शुभ माना जाता था। उन्होंने बताया कि फूल को पानी में पकाकर रंग तैयार करते थे, लेकिन जंगल खत्म होने से अब न टेसू का पेड़ बचे हैं और न ही फूल। ऐसे में अब बाजारी रंगों से होली खेलनी पड़ती है।

**अवैध खनन से समाप्त पेड़ :** 75 वर्षीय नंदा बताती है कि पांच दशक पहले जंगलों में सैकड़ों एकड़ बंजर पड़ी भूमि पर ढाक के पेड़ पाए जाते थे, जो अरावली वन क्षेत्र में आज देखने को मिल जाते हैं, वह समाप्त हो रहे है। बच्चों को आज इन पेड़ो पर लगने वाले फूलों का महत्व ही नहीं पता।

## सरेआम धुम्रपान करने पर काटे चालान : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में धूम्रपान निषेध ऑफ का अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने हुए और सिगरेट की खुली बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध है।

यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ अनुसार आता अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीसी ने कहा कि सिग्रेट एवं अदर तंबाकू प्रोडक्ट्स एक्ट (कोटपा) 2003 के तहत कैद, जुर्माना लागाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर और कोपटा के नियमों का उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। उपायुक्त के दिशानिर्देशों पर फरीदाबाद लघु सचिवालय परिसर में 50 लोगों के सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करने पर चालान किए गए।

# मेट्रो अस्पताल के ब्लड बैंक का लाइसेंस तीन महीने तक निलंबित

## निलंबन अवधि के दौरान संपूर्ण मानव रक्त संग्रह, भंडारण और प्रसंस्करण के लिए एफेरेसिस प्रक्रियाओं सहित बिक्री या वितरण के लिए यह ब्लड सेंटर संचालित नहीं होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



मेट्रो हॉस्पिटल।

**हरियाणा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि विभिन्न अनिमितताओं व उल्लंघनाओं को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बहुत बड़ी कार्यवाही करते हुए फरीदाबाद के सेक्टर 16ए, ओल्ड विंग के बेसमेंट फ्लोर में स्थित मैसर्स मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट विद मल्टीस्पेशलिटी ब्लड सेंटर (मेट्रो स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई) का लाइसेंस संख्या 681-बी(एच) को 16 मार्च से 15 जून, 2022 तक 3 माह की अवधि के लिए निलंबित किया है।

विज ने बताया कि निलंबन अवधि के दौरान संपूर्ण मानव रक्त और उसके घटकों के संग्रह, भंडारण और प्रसंस्करण के लिए एफेरेसिस प्रक्रियाओं सहित बिक्री या वितरण के लिए यह ब्लड सेंटर संचालित नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, यह सेंटर वरिष्ठ औषधि नियंत्रण अधिकारी, फरीदाबाद की देखरेख में रक्त के वितरण की निगरानी और भंडारण की सुविधा वाले अन्य लाइसेंस प्राप्त रक्त केंद्र में निर्धारित भंडारण की स्थिति के तहत पूरे मानव रक्त और रक्त घटकों को स्थानांतरित कर सकता हैं।

**मिली विभिन्न कमियां व उल्लंघनाएं :** विज ने बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर 16ए, ओल्ड विंग के बेसमेंट फ्लोर में स्थित मैसर्स मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट विद मल्टीस्पेशलिटी ब्लड सेंटर (मेट्रो स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई) के बारे में उन्हें एक व्यक्ति तरुण चोपड़ा द्वारा शिकायत की गई थी, जिसके तहत इस शिकायत पर कार्यवाही करने के लिए उन्होंने स्टेट ड्रग्स कंट्रोलर मनमोहन तनेजा को निर्देश दिये। इसके पश्चात स्टेट ड्रग्स कंट्रोलर मनमोहन तनेजा ने डिप्टी ड्रग्स कंट्रोलर (इंडिया), सेंट्रल ड्रग्स स्टैण्डर्ड कंट्रोल आर्गेनाईजेशन (नार्थ जोन) गाजियाबाद को अपना एक अधिकारी जॉइंट निरीक्षण हेतु तैनात करने का आग्रह किया। इसके पश्चात डिप्टी ड्रगस कंट्रोलर (इंडिया), सेंट्रल ड्रग्स स्टैण्डर्ड कंट्रोल आर्गेनाईजेशन (नार्थ जोन) गाज़ियाबाद की टीम ने 21 दिसम्बर, 2021 को जॉइंट निरीक्षण ब्लड सेंटर का किया। जिसमें तत्कालीन सीनियर ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर फरीदाबाद राकेश दहिया और ड्रग इंस्पेक्टर, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (नॉर्थ जोन) गाजियाबाद के सुरेश कलवानिया थे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान इस टीम ने ब्लड सेंटर में विभिन्न कमियां और अनिमितताओं को पाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उपलब्ध दस्तवेजो के अनुसार, रक्तदान और प्लेटलेट एफेरेसिस सहित रक्त केंद्र का संचालन चिकित्सा अधिकारी के पर्यवेक्षण के बिना किया गया पाया गया है। निरीक्षण के दौरान की गई गतिविधि के समय से भरे हुए रिकॉर्ड, रजिस्टर नहीं पाए गए। प्लेटलेट कंसंट्रेट आईपी के लिए गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण (सेल व्यवहार्यता, पीएच इत्यादि) नहीं पाया गया। डोनर काउच एफैक्रेसिस प्रक्रिया के लिए नहीं मिला और डॉ. निशा सहरावत को एमओ के रूप में फॉर्म 26-जी के तहत पृष्ठांकित पाया गया, लेकिन उपलब्ध रिकॉर्ड से, ब्लड सेंटर की गतिविधियों के साथ उनका जुड़ाव स्पष्ट नहीं हुआ। इस तरह की अन्य कई अनियमितताए पाई गई थी।

# पहले दिन 366 बच्चों ने लगवाई कोर्बीवैक्स वैक्सीन



12 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए वैक्सीन की शुरुआत कराते टीपरचंद शर्मा।

## 15 स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित : डॉ. मानसिंह

**फरीदाबाद।** सरकार की तरफ से 12 से 14 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कोर्बीवेक्स वैक्सीन लगाने की शुरुआत देशभर में बुधवार से की गई। जिले में पहले दिन 366 बच्चों को वैक्सीन लगाई गई। यह जानकारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मान सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि जिले में बुधवार को 12 से 14 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के लिए वैक्सीनेशन की शुरुआत की गई। जिला स्वास्थ्य विभाग को 35 हजार वैक्सीन मिली हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को कुल 1856 बच्चों, बुजुर्गों और अन्य आयुवर्ग के लोगों को वैक्सीन लगाई गई। जिसमें 12 से 14 आयुवर्ग के 366 बच्चे शामिल रहे। उन्होंने बताया कि पहले दिन 50 केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई गई। जिसमें बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में मंत्री मूलचंद शर्मा के भाई टीपरचंद शर्मा ने जिले में वैक्सीनेशन की शुरुआत की। इसी कड़ी में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस भी मनया गया। स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से इसके लिए विशेष निर्देश जारी किए गए थे। जिसके तहत सिविल अस्पताल बल्लभगढ़, एफआरयू दो, सीएचसी खेड़ीकला, एसजीएम नगर और संजय कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में 15 स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। सभी केन्द्रों पर दो आशा वर्कर और एक एएनएम को सम्मानित किया गया। पहला दिन होने के कारण बच्चों की संख्या कम थी। कुछ बच्चों और अभिभावकों को जानकारी नहीं थी कि केन्द्रों पर अब वैक्सीन लगनी शुरू हो गई है। विभाग की तरफ से उन्हें 83 हजार 600 बच्चों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य मिला है।

# सोना बदलने पर मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज के आरोपी मैनेजर गोपाल दत्त, रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव सत्यभान तथा ग्राहक सेवा कार्यकारी महिला निशा का नाम शामिल है। आरोपी गोपाल फरीदाबाद के सुन पेड़ आरोपी सत्यभान मथुरा के कोसी तथा आरोपित महिला निशा पलवल के मरोली गांव की रहने वाली हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज के एरिया मैनेजर उमाशंकर ने दिनांक 27 जनवरी को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी गोल्ड के बदले गोल्ड लोन प्रदान करती है। फरीदाबाद एनआईटी में 1/2 के चौक के पास उनके बैंक की एक शाखा है। उन्होंने बताया कि कंपनी के मैनेजर गोपाल दत्त ने सितंबर 2021 में शाखा प्रभारी के तौर पर अपना पदभार संभाला था वहीं रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव सत्यभान अगस्त 2020 से इस कंपनी में काम कर रहा था तथा आरोपी महिला निशा ग्राहक सेवा कार्यकारी के तौर पर जून 2021 को कंपनी में शामिल हुई थी। आरोपी मैनेजर ने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर ग्राहकों द्वारा बैंक में गिरवी रखे गए सोने को बदलकर उसकी जगह उतने ही वजन का नकली सोना रखकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की है।

# एक्सआर सेंट्रल ने सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को दी श्रद्धांजलि

## मेटाक्यूब प्लेटफॉर्म पर कर सकेंगे महान गायिका की विरासत का अनुभव

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम




**तकनीक** की बदलती दुनिया ने बहुत सी असंभव लगने वाली बातों को संभव कर दिया है। असंभव को संभव कर देने जैसा प्लेटफॉर्म है एक्सआर सेंट्रल का मेटाक्यूब, जिन्होंने सुर साम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर को अनूठे तरीके से श्रद्धांजलि दी है। इसमें लोगों को लताजी के 80 साल के संगीत सफर का अनूठे ऑडियो-विजुअल तरीके से अनुभव करने का विकल्प मिलेगा। अंशुल अग्रवाल और श्रेय मिश्रा द्वारा स्थापित एक्सआर सेंट्रल तेजी से मेटावर्स और वेब 3.0 की दुनिया में अपनी जगह बना रही है। इसकी मदद से लोगों को मेटावर्स का अनुभव मिलता है।

मेटाक्यूब में यूजर्स को शानदार तरीके से क्रॉस डिवाइस एक्सपीरियंस मिलता है। इस मेटा ट्रिब्यूट में विजिटर्स को अलग-अलग अवतार चुनने और फर्स्ट पर्सन या थर्ड पर्सन व्यू में जाने के साथ साथ खूबसूरत वर्चुअल सेटअप में दोस्तों व परिवार के लोगों से भी बात करने का मौका मिलता है। यहां ज्यूकबॉक्स की मदद से विजिटर्स लताजी के अलग-अलग गानों का आनंद ले सकेंगे। यहां विजिटर ऑडियो और वीडियो फीचर की मदद से अन्य अवतार से बात कर सकेंगे और यह भी देख सकेंगे कि दूसरा विजिटर कौन सा गाना सुन रहा है। उस स्पेस के केंद्र में लताजी का प्रतिरूप भी होलोग्राफिक तरीके से उपस्थित रहेगा।

मेटा ट्रिब्यूट में ऑडियो के लिए नवीनतम टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है, जिससे ऐसा अनुभव होता है कि कोई आपके सामने ही गा रहा है। जैसे ही अवतार अपनी जगह से दूर होता है, आवाज खुद ब खुद कम हो जाती है। एक्सआर सेंट्रल के सह-संस्थापक अंशुल अग्रवाल ने कहा, 'हमें इस अनूठे अनुभव को तैयार करने का गर्व है। इसमें विजिटर्स लताजी के करियर के खूबसूरत और अपने पसंदीदा गानों को सुन सकेंगे।' सह-संस्थापक श्रेय मिश्रा ने कहा कि मेटाक्यूब विभिन्न कारोबार और लोगों के संचालन एवं कम्युनिकेशन का तरीका बलने में सक्षम है। इसे लाखों तरीके से प्रयोग किया जा सकता है।

## बिजली कर्मियों ने की एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी

**फरीदाबाद।** अपने साथी माजिद जेई के साथ हुए अन्याय और गलत निलंबन से भड़के कर्मचारियों ने लामबंद होकर बिजली दफ्तर पर दरी बिछाकर निगम मैनेजमेंट और बल्लभगढ़ सबअर्बन इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-58 के एसडीओ के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अपना विरोध जताया। हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों के कार्यक्रम की अध्यक्षता सबडिविजिन के प्रधान सत्यप्रकाश चौहान एवम मंच का सफल संचालन सबडिविजिन के सचिव करतार सिंह ने किया। कर्मचारियों द्वारा जारी प्रदर्शन के मौके पर यूनियन के नेताओं ने कहा कि अभी यह विरोध शान्तिपूर्ण ढंग किया जा रहा इसका मैनेजमेंट या निगम अधिकारी यह ना मतलब समझें कि कर्मचारी दरियों पर शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं।

# 35वें सूरजकुंड मेले की तैयारियों की समीक्षा

## 19 मार्च से चार अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सूरजकुंड मेला परिसर का निरीक्षण करते मण्डल आयुक्त संजय जून और अन्य अधिकारी।

**मण्डल** आयुक्त संजय जून ने कहा कि 35वें इंटरनेशनल हैंडीक्राफ्ट सूरजकुंड मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, रैजिस्टैंस, बैरिकेडिंग सहित तमाम व्यवस्थाओं की एक एक करके समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां पूरी तरह से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर मेले में पुख्ता इंतजाम किए जाएं इसके लिए पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरा वह ड्रोन की निगरानी में रहेगा।

सूरजकुंड मेला इस बार 19 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित जा रहा है। डीसी जितेन्द्र यादव ने सभी विभागों के अधिकारियों साथ मेले की समीक्षा के दौरान कहा कि मेले सुरक्षा को लेकर इंतजामों में किसी भी तरह की कोई कमी न रखें। विभिन्न व्यवस्थाओं के मद्देनजर पूरे मेला परिसर को 8 भागों में विभक्त किया गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने मीटिंग में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान है और विश्व का सबसे बड़ा हैंडीक्राफ्ट का मेला है। ऐसे में सभी विभागों को तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मेले में पांच एंट्री गेट रहेंगे। आम जनता के लिए तीन गेट रहेंगे। एक गेट वीआईपी व एक गेट मीडिया इंट्री के लिए रहेगा। प्रत्येक गेट पर पर्यटकों का टेंपरेचर करने व सुरक्षा जांच की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक टिकट पर बार कोडिंग की व्यवस्था होगी। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मण्डल आयुक्त संजय जून को डीसी जितेन्द्र यादव ने विभाग वार एक एक कर पेयजल, पार्किंग, हैलीपेड, सड़कों, लाइटों, एम्बुलेंस, हेल्थचेक अप सेन्टर,मिडिया के पास सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करके सम्बंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान को जिला प्रशासन की तरफ से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं पुलिस की तरफ से डीसीपी मुख्यालय नितिश अग्रवाल को पुलिस की तरफ से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुरक्षा को लेकर पूरा मेला परिसर में पार्किंग स्थल व आस-पास की जगहें सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगी।

## सूरजकुंड मेले में डालसा का स्टॉल

**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेला 19 मार्च से 4 अप्रैल, 2022 तक सूरजकुंड फरीदाबाद पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश विदेश के सभी कलाकार सम्मिलित होते हैं। मेले का उद्देश्य है कि देश विदेश की कला एवं संस्कृति को मेले के माध्यम से जाना जा सके लोगों में कला व संस्कृति का आदान-प्रदान हो सके। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक स्टॉल हर साल की भांति इस वर्ष भी मेले में लगाया जा रहा है। यह स्टॉल हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के मेंबर सेक्रेट्री एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल के दिशा निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की देखरेख में लगाया जा रहा है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलवल पीयूष शर्मा एवं प्रतीक जैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भी देखरेख में भागीदारी रहेगी।

# आसमानी बिजली से मारे गए सिपाही के परिजनों को दी मदद



सिपाही स्वर्गीय सुभाष चंद के परिजनों को चेक भेंट करते पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा।

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21सी में पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने पिछले वर्ष जुलाई माह में आसमान से बिजली गिरने के कारण सिपाही सुभाष चंद की मृत्यु होने पर उनके परिजनों के आर्थिक सहायता के लिए एचडीएफसी बैंक की तरफ से 30 लाख रुपये का चेक उनके परिजनों को प्रदान किया। एचडीएफसी बैंक मैनेजर सचिन अरोड़ा और विपिन गुप्ता वेलफेयर इंस्पेक्टर नवीन कुमार मौजूद थे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सिपाही सुभाष चंद्र का जन्म वर्ष 1982 में कुरुक्षेत्र के चढ़ूनी जाटान गांव में हुआ था। मार्च 2019 में उन्होंने पुलिस विभाग में बतौर सिपाही ज्वॉइन किया था। पुलिस विभाग में भर्ती होने से पहले सुभाष ने भारतीय फौज में अपने सेवाएं प्रदान की थी। पिछले वर्ष जुलाई 2021 सिपाही छुट्टी लेकर अपने गांव गया हुआ था। खेतों में काम करते वक्त अचानक से आसमान से बिजली गिरी जिसकी वजह से सिपाही की मृत्यु हो गई। सिपाही के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। उनकी आर्थिक सहायता के लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने एचडीएफसी बैंक की तरफ से 30 लाख रुपये का चेक सिपाही सुभाष की पत्नी अनीता देवी को प्रदान करते हुए उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त किया तथा उनके परिवार को सांत्वना देकर उनका हौसला बढ़ाया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि संसार में ऐसी कोई दौलत नहीं है जो किसी इंसान को वापस ला सके परंतु सांसारिक जीवन में अनेक प्रकार की समस्याएं होती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## ब्राह्मण सभा ने किया प्रसाद वितरण



गांव मवई ग्रेटर फरीदाबाद में फल वितरित करते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा।

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने बाबा सूरदास की परिक्रमा जोकि हर वर्ष बाबा सूरदास मन्दिर गांव तिलपत फरीदाबाद से शुरू होकर कई गांवों ददसिया लालपुर महावतपुर टीकावली रिवाजपुर भोपानी बादशाहपुर पलवली वजीरपुर मवई होते हुए तिलपत पहुंचती है। इसी उपलक्ष्य में गांव मवई ग्रेटर फरीदाबाद में फल सेब संतरा भोजन प्रसाद जलजीरा और पानी वितरित किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा बाबा की कृपा पूरे इलाके पर बनी हुई है। यह पालकी परिक्रमा फाल्गुन पूर्णिमा को निकाली जाती, इस अवसर पर पंडित भूषण जेंदापुर, पंडित महेश शर्मा, पंडित दीपक पाराशर, रामकुमार, रामी, आशीष, ओमबीर, रामजीलाल, चन्द्रशेखर, लोकेश, मनीष आदि उपस्थित रहे।

## होली मिलन पर पहुंचे जेसी बोस के पूर्व कुलपति



जेसी बोस विश्व विद्यालय में कुलपति प्रो. एसके तोमर को पुष्पगुच्छ भेंट करते प्रो. दिनेश कुमार और राज नेहरू।

**फरीदाबाद।** होली के उपलक्ष में बुधवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पूर्व कुलपति रहे प्रो. दिनेश कुमार और श्री राज नेहरू ने कुलपति प्रो. एसके तोमर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दी। वर्तमान में प्रो. दिनेश कुमार गुरुग्राम विवि के कुलपति है और राज नेहरू श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के संस्थापक कुलपति हैं। पूर्व कुलपतियों ने प्रो. तोमर को अपने कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए की गई विभिन्न पहलों से अवगत कराया तथा विश्वविद्यालय की भावी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सहयोग देने के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जेसी बोस विवि इस क्षेत्र के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी मौजूद थे। प्रो. तोमर ने पूर्व कुलपतियों से विश्वविद्यालय के सुधार के क्षेत्रों को लेकर विचार मांगे। प्रो. तोमर ने प्रो. दिनेश कुमार और श्री राज नेहरू को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

## महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित



सेक्टर 12 खेल परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेतीं प्रतिभागी।

**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खेल परिसर सेक्टर-12 में खण्ड स्तरीय फरीदाबाद ग्रामीण ब्लाक महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल छह दौड़ करवाई गई। जिसमें 18 वर्ष से 30 वर्ष तक की लड़कियों, महिलाओं ने 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और पांच किलोमीटर साइकिल रेस में बढ़चढ़ कर भाग लिया। 31 वर्ष से उपर की महिलाओं ने आलू चम्मच रेस, मटका रेस और 100 मीटर दौड़ में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेता महिला प्रतिभागियों को क्रमश: 2100, 1100 और 750 रुपये की धनराशि के नकद पुरस्कार दिए गए। खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला खेल एवं कल्याण अधिकारी अनीता भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। सीडीपीओ मंजु श्योरान ने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण विभागीय स्कीमों के बारे में बताया फरीदाबाद ग्रामीण ब्लाक में विभिन्न दोड़ों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आए उन्होंने बताया कि 100 मीटर रेस में पूजा भतौला प्रथम, किरन अलीपुर तिलोरी द्वितीय, ममता खानपुर तृतीय स्थान पर रही। 300 मीटर रेस में प्रथम मोनिका तिगांव, द्वितीय सविता नाचौली रही। 400 मीटर रेस में प्रथम ऑचल नाचौली, द्वितीय मीनाक्षी कबूलपुर और तृतीय स्थान पर मीना चिरसी रही। चाटी रेस में ललिता तिलपत पहले, मुनेश लहंडोला दूसरे, धर्मवती महावतपुर तीसरे नंबर पर रहीं। प्रतियोगिता के पैटेटो रेस में प्रथम गीता खानपुर, द्वितीय अनुभा लहंडौला और तृतीय उषा महावतपुर रही। साईकिल रेस में क्रमश: प्रथम सृष्टि बड़ौली, द्वितीय पारुल तिगांग, तृतीय प्रियंका सरूरपुर और मनीषा भुआपुर रही। सुपरवाईजर पिंकी शर्मा, मधु सुनीता नागर, माया देवी, कार्यालय की सहायक गीता रानी और लिपिक अनिल कुमार उपस्थित रहे।

## अंडर 25 दो दिवसीय मैच में धीरू सिंह का चयन



धीरू सिंह।

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट अंडर 25 ( बीसीसीआई ट्रॉफी कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी) दो दिवसीय टीम में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के धीरू सिंह का चयन हुआ है। धीरू सिंह राइट हेंड ओपनर बल्लेबाज है। धीरू सिंह लेवल ए कोच धर्मेंद्र फागना के अंडर में अभ्यास करता है। रविंद्र फागना स्पोर्ट्स प्रमोशन चेयरमैन सतीश फागना ने बताया कि धीरू सिंह ने रोहतक लाहली चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम कैंप में शामिल हुए थे। सतीश फागना ने बताया कि धीरू सिंह को चयन के बारे में सूचना दे दी है। धीरू सिंह के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का सही मौका है। सतीश फागना ने हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिरुद्ध चौधरी और इंडिया ए कोच विजय यादव का धन्यवाद किया है। वीरवार को सुबह यहां से रवाना हो गए। धीरू सिंह ने अंडर-23 हरियाणा स्टेट 2017-2018 और 2018-2019 खेल चुके हैं और इंटर डिस्ट्रिक और लोकल क्रिकेट में भी काफी छाप छोड़ रखी है। 22 मार्च को जयपुर में दो दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

## कर्मचारियों के बीच चलाया जनसम्पर्क अभियान



राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारी से जनसंपर्क करते ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद के सदस्य।

**फरीदाबाद।** 15 ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद ने 28 और 29 मार्च को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए वीरवार को एनएच चार के केंद्रीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत इनकम टैक्स, केंद्रीय जीएसटी कार्यालय, भूजल विभाग, भारतीय रेलवे मैंस यूनियन के अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम सेक्टर 12 के पदाधिकारियों ने आगामी हड़ताल में भाग लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय यूनियनों की तरफ से भी हड़ताल में भाग लेने का आह्वान किया है। ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल के कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल, बैंक एम्पलॉइज यूनियन के अध्यक्ष किरपा राम शर्मा, सीटू प्रधान निरंतर पराशर जी के मनान, एटक के नेता उधम सिंह आदि भी इस अभियान में शामिल रहे।

# हिजाब मामला

## सर्वोच्च न्यायालय करेगा फैसला

**हिजाब** पर कर्नाटक और केरल उच्च न्यायालयों के फैसलों में भिन्नता है, जिसे अब सर्वोच्च न्यायालय स्पष्ट करेगा। कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले में भारत का सर्वोच्च न्यायालय सामान्य रूप से इस कारण हस्तक्षेप करेगा कि मंगलवार को आए कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले तथा 2016 में दिए केरल उच्च न्यायालय के फैसले मुख्यत: इस बिंदु पर अलग है कि हिजाब इस्लामी व्यवहार का अनिवार्य अंग है। कर्नाटक न्यायालय का कहना है कि ऐसा नहीं है। यह विभिन्न इस्लामी स्रोतों के साथ ही प्रख्यात न्यायविद अब्दुल्ला यूसुफ अली के काम पर आधारित है जिन्होंने कहा था कि 'आमतौर से मुस्लिम महिलाओं के लिए किसी पर्दे या हिजाब का उल्लेख नहीं है, बल्कि सीना ढकने के लिए एक घूंघट तथा वस्त्रों में सौम्यता का निर्देश है।' केरल उच्च न्यायालय ने 'कुरान के आदेशों तथा हदीसों' के आधार पर फैसला दिया था कि 'सिर ढकना तथा लंबी आस्तीनों वाली ड्रेस पहनना फर्ज है तथा चेहरे के अलावा शरीर का कोई और हिस्सा खुला होना हराम है। जब किसी कार्य से फर्ज का उल्लंघन होता है तो वह कार्य हराम हो जाता है जो प्रतिबंधित है।' उडुपी में शिक्षा संस्थान की लड़कियों को बिना हिजाब हटाए कक्षा में आने से रोक दिया गया। उनको भय है कि उनकी थोड़े दिनों में होने वाली परीक्षा छूट जाएगी। उनका यह भ्रम गलत नहीं है कि किस फैसले का पालन किया जाए। कर्नाटक उच्च न्यायालय इस बात से सहमत है कि जहां कुरान ने मुस्लिम महिलाओं को हिजाब पहनने का आदेश नहीं दिया है, वहीं 'इस धर्मग्रंथ के भीतर ऐसी काफी अंतर्निहित सामग्री है जो इस दृष्टिकोण का समर्थन करती है कि हिजाब पहनना अधिक से अधिक एक सुझाव है।'



निश्चित रूप से सुझाव का अर्थ अनिवार्य नहीं है, लेकिन इससे हिजाब पर प्रतिबंध भी उचित नहीं लगता है। इसका अर्थ केवल यह है कि इसे प्रयोगकर्ता के विवेक पर छोड़ देना चाहिए। अदालत ने कहा, 'यह वस्त्र अधिक से अधिक सार्वजनिक स्थानों में पहुंच सुनिश्चित करने का तरीका हो सकता है और अपने आप में धार्मिक नहीं है। यह महिलाओं को सक्षम बनाने तथा उनकी छवि ठीक रखने का उपाय था।' फिर समस्या कहां है? महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि यदि आवश्यक व्यवहार सिद्धान्त लागू किया जाए तो हम तार्किकता के नाम पर बाल की खाल निकालने लगेंगे। इससे वह सीमा टूट जाएगी जहां धर्म व्यक्तिगत पसंद और स्वतंत्रता के मुद्दों पर हावी होने लगेगा। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने यह भी कहा है कि हिजाब यूनीफार्म का हिस्सा नहीं हो सकता है क्योंकि यूनीफार्म अनुशासन की भावना पर जोर देती है। मजेदार बात है कि मंगलवार को फैसले की खबर आने के साथ ही यह खबर भी छपी है कि सिखों को हवाईअड्डों जैसे उच्च सुरक्षा वाले छोटी 'किरपान' ले जाने की अनुमति मिलेगी। स्कूलों में पढ़ने वाले सिख छात्र पगड़ी बांधते हैं तथा बाल नहीं कटवाते हैं और उनकी पगड़ी का रंग अक्सर यूनीफार्म के रंग से मैच करता है। अनेक बावर्दी सेवाओं में धार्मिक प्रतीक पहने जाते हैं जहां अनुशासन अनिवार्य है। इसलिए हिजाब मामले पर सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्टीकरण जरूरी है ताकि आवश्यक व्यवहार सिद्धान्त की गलत व्याख्या न हो सके। इसके साथ ही ऐसे मामलों में नियंत्रण नहीं थोपा जाना चाहिए जहां समाज को कोई खतरा न हो। अनुशासन व एकरूपता के नाम पर विविधता पर लगाम लगा कर व्यक्तिगत पसंदों व स्वतंत्रताओं को बाधित नही किया जाना चाहिए।

# यूक्रेन प्रकरण पर भारतीय दृष्टिकोण

### यूक्रेन की दयनीय दशा से संप्रभुता व रणनीतिक हितों की सुरक्षा तथा एनपीटी के जाल में न फंसने का भारतीय दृष्टिकोण सही सिद्ध होता है।



भूपिंदर सिंह
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



यूक्रेन संकट से अमूल्य सबक सामने आए हैं। इनमें से एक बहुत लंबे समय से नाभिकीय अप्रसार संधि-एनपीटी के प्रति भारत द्वारा व्यक्त किया जाने वाला संदेह है। इस संधि को नाभिकीय आयुधों का संभावित दुरुपयोग रोकने के उद्देश्य से प्रोत्साहित किया गया था और भारत ने ऐतिहासिक रूप से निरंतर शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बावजूद इस संधि का लगातार विरोध किया है। इसके साथ ही भारत ने पूरे दिल से नाभिकीय-मुक्त विश्व का समर्थन किया है, लेकिन दिल्ली का कभी विश्वास नहीं था कि एनपीटी यह लक्ष्य पूरा करने का माध्यम बन सकती है। भारत ने लगातार कहा है कि यह संधि ढांचागत रूप से 'परमाणु शक्ति संपन्न' देशों के पक्ष में झुकी है। 1967 के पहले इन 'परमाणु आयुध देशों' में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस शामिल थे।

यह संधि इन देशों का वर्चस्व बनाए रखती है तथा उन पर अपना खतरनाक आयुध भंडार समाप्त करने की कोई जिम्मेदारी नहीं डालती है। इस प्रकार एनपीटी की परिभाषा के अनुसार वह तथाकथित 'गैर नाभिकीय आयुध राज्यों' पर नाभिकीय प्रतिरोध थोपती है जिससे अनय को समान और समरूप नाभिकीय प्रतिरोध प्राप्त करने पर प्रतिबंध लगता है जो प्रतिरोधक या परस्पर विनाशकारी आयाम नहीं प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार यह संधि असमान है।

न केवल एनपीटी में शामिल 'नाभिकीय आयुध देशों' ने अपना भंडार नष्ट नहीं किया, बल्कि उन्होंने 'नाभिकीय आयुध से वंचित' देशों के प्रति आक्रामकता तथा उनको दबाने वाला विस्तारवाद भी प्रदर्शित किया। ईराक में नाभिकीय महाविनाश के हथियारों-डब्लूएमडी के अपुष्ट आरोप, आईएईए द्वारा पूर्ण परिपालन की पुष्टि के बावजूद ईरान के साथ नाभिकीय-समझौते को उलटना, चीन का बेशर्म क्षेत्र विस्तार तथा वर्तमान समय में रूस का यूक्रेन पर हमला एनपीटी के पांच लाभार्थियों के विशेषाधिकारों के प्रमाण हैं। इन देशों ने कभी जिम्मेदाराना व आश्वस्ति पैदा करने वाला व्यवहार नहीं किया। एनपीटी का अनुच्छेद 1 'नाभिकीय आयुध देशों' पर जिम्मेदारी डालता है कि वे नाभिकीय आयुधों या उसकी जानकारी का हस्तांतरण नहीं करेंगे। लेकिन इसके बावजूद चीन ने पाकिस्तान, उत्तर कोरिया तथा ईरानी नाभिकीय कार्यक्रमों को सहायता दी। इससे सिद्ध होता है कि एनपीटी की सारी अवधारणायें निरर्थक हैं। भारत में 1962 का चीनी आक्रमण तथा उसके बाद 1964 में चीन का नाभिकीय परीक्षण या उत्पीड़न के इरादे से अमेरिकी सातवें बेड़े का 1971 में हिंद महासागर में आना क्षेत्रीय व रणनीतिक खतरे के उदाहरण थे। इसके कारण भारत को अपने प्रतिरोधकों पर ध्यान देते हुए कार्रवाई की संप्रभु स्वतंत्रता पर जोर देना पड़ा। भारत ने 1974 में 'स्माइलिंग बुद्धा' के माध्यम से अपनी नाभिकीय क्षमता सिद्ध की, हालांकि उसने इसे 'शांतिपूर्ण नाभिकीय विस्फोट' कहा था।

हालांकि, एनपीटी पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर भारत विभिन्न कारणों से गैर-हस्ताक्षरकर्ताओं के समूह में शामिल हो गया जिसमें इस्राइल, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान व दक्षिणी सूडान हैं। लेकिन अनेक एनपीटी हस्ताक्षरकर्ताओं व खासकर 'परमाणु आयुध संपन्न' देशों के उलट भारत ने अप्रसार के प्रति जिम्मेदार व्यवहार प्रदर्शित किया है जो अपने आप में एक उदाहरण है। दिल्ली ने लगातार किसी ऐसी गैर-भेदभाव करने वाली संधि के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है जो न्यायोचित अधिकार देते हुए बिना किसी को विशेषाधिकार दिए सबकी सुरक्षा की गारंटी करती हो। भारत ने 'प्रथम प्रयोग नहीं' के साथ गैर-नाभिकीय देशों के खिलाफ नाभिकीय आयुधों के 'प्रयोग नहीं' की नीति के साथ विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधक नीति पर जोर दिया है। एनपीटी के दृष्टिकोण से बार-बार बाहरी बताए जाने के बावजूद भारत ने प्रभावशीलता पर व्यावहारिक रूप से जोर दिया है। इसके परिणामस्वरूप उसने हमेशा न्यायोचित संप्रभु व्यवहार किया है।

1991 में जब यूक्रेन सोवियत संघ-यूएसएसआर से अलग हुआ तो उसके पास पूरे सोवियत नाभिकीय आयुधों की एक तिहाई संख्या तथा उनके उत्पादन की एक तिहाई क्षमता मौजूद थी। इस प्रकार वह दुनिया में 1,700 नाभिकीय आयुधों वाला तीसरा सबसे बड़ा देश था। अपनी क्षमता तथा विरासत को देखते हुए वह व्यावहारिक रूप से अपनी नाभिकीय प्रतिरोधक क्षमता व स्तर बनाए रख सकता था। लेकिन इसके बजाय वह बूदापेस्ट मेमोरैंडम के अंतर्गत वित्तीय मुआवजा तथा एनपीटी के अनुसार पांच 'नाभिकीय आयुध देशों' में से तीन-रूस, अमेरिका व ब्रिटेन के साथ सुरक्षा आश्वासनों पर राजी हो गया। यह कदम 'आयुध संपन्न देशों' के वादे पर पूर्ण विश्वास के साथ उठाया गया था। मेमोरैंडम में अनेक गारंटियों के साथ स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 'यूक्रेन की वर्तमान सीमाओं के साथ उसकी स्वतंत्रता व संप्रभुता का सम्मान किया जाएगा।' इस मेमोरैंडम में यह भी कहा गया था कि 'हम यूक्रेन की राजनीतिक स्वतंत्रता व क्षेत्रीय अखंडता के प्रति धमकी या बल प्रयोग से बचने की अपनी जिम्मेदारी की पुष्टि करते हैं' तथा 'एक गैर-नाभिकीय राज्य व नाभिकीय आयुध अप्रसार संधि पर हस्ताक्षरकर्ता देश के रूप में यदि यूक्रेन पर कोई आक्रमण होता है या उसे आक्रमण का खतरा पैदा होता है तो उसकी रक्षा करेंगे।' आज रूस बिना कोई चिन्ता किए यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन कर रहा है और नाटो के प्रमुख सदस्य होने के बावजूद अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को अकेला छोड़ दिया है। इस प्रकार बूडापेस्ट मेमोरैंडम में किए वादे खोखले निकले हैं।

2014 में रूस के क्रीमिया पर कब्जे के बावजूद यूक्रेन वीरतापूर्वक एनपीटी के बारे में 1994 के फैसले पर डटा रहा। कुछ यूक्रेनी सांसदों व सुरक्षा रणनीतिकारों के स्वयं को आयुध संपन्न करने की सलाह पर भी उसने गौर नहीं किया। इसके उलट व्लादीमिर पुतिन ने क्रीमिया के बचाव में बेशर्मी के साथ नाभिकीय आयुधों की उसी प्रकार धमकी दी जिस प्रकार वह वर्तमान समय में खतरनाक रूप से नाभिकीय आयुधों की भाषा बोल रहे हैं। 2019 में यूक्रेनी राष्ट्रीय सुरक्षा के सचिव तथा रक्षा सलाहकार ने स्वीकार किया था कि 'नाभिकीय निशस्त्रीकरण एक ऐतिहासिक गलती थी' तथा 'हमें दी गई गारंटी उस कागज की कीमत के बराबर भी नहीं थी जिस पर इसे लिखा गया था।' यह घातक रूप से देर से समझ आने का शास्त्रीय उदाहरण है। यूक्रेन में वर्तमान नाटकीय स्थिति अपने संप्रभु व रणनीतिक हितों की रक्षा करने तथा एनपीटी के जाल में न फंसने के भारतीय दृष्टिकोण की पुष्टि करता है। वर्तमान समय में कीव नई दिल्ली से हस्तक्षेप करने की अपील कर रहा है, लेकिन उसने सुविधाजनक रूप से यह भुला दिया है कि यूक्रेन ने 1998 में भारत द्वारा नाभिकीय पुन:-परीक्षण या 'आपरेशन शक्ति' का विरोध किया था। भारत ने लगातार एनपीटी के दायरे से बाहर अपने सुरक्षा सरोकारों पर ध्यान दिया है। इसी कारण आज अधिकांश एनपीटी हस्ताक्षरकर्ताओं की तुलना में भारत को अधिक सम्मानजनक स्थान प्राप्त है।

# जलवायु संकट से निबटने हेतु संविधान संशोधन जरूरी

प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



चिली अपने संविधान को फिर से लिख रहा है, और इस तरह के कठोर कदम के पीछे का कारण जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक संकट है। इस दक्षिण अमेरिकी देश में एक जलवायु और पारिस्थितिक आपातकाल घोषित किया गया है; नया संविधान लिखने के लिए 155 प्रतिनिधियों को चुना गया है। चिली लिथियम नामक नरम चमकदार धातु को और अधिक निकालना चाहता है, जिसका अर्थ पेट्रोलियम के बिना वाहन चलाने के लिए बैटरी बनाने के लिए आवश्यक है। यह आर्थिक पहल संवैधानिक एजेंडे का हिस्सा होगी। चिली के पास ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर सभी देशों की तुलना में अधिक लिथियम का भंडार है।

दशकों से, चिली दक्षिण अमेरिका में कुछ हद तक अलग रहा है, एक ऐसे क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और स्थिर आर्थिक विकास का आनंद ले रहा है जो लंबे समय से संघर्ष और आर्थिक संकट में फंस गया है। लेकिन चिली की समृद्धि असमान रही है, जिसकी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ रही है, जो कि सामाजिक असमानता और घर्षण है। जनमत संग्रह के समर्थक एक नए चार्टर की कल्पना करते हैं जो सभी चिलीवासियों, विशेष रूप से मुफ्त उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ किफायती आवास और परिवहन के लिए अधिक बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करेगा, निजी क्षेत्र की भूमिका को सीमित करेगा और अधिक समान समाज बनाने के लिए सार्वजनिक कल्याण का विस्तार करेगा। उनका तर्क है कि जबकि चिली की अर्थव्यवस्था दशकों से मंडरा रही है, विकास उसके अधिकांश लोगों तक नहीं पहुंचा है। राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक विकास के क्षेत्रीय मॉडल के रूप में दशकों के बाद, चिली ने पाया कि यह अब दोनों को बनाए नहीं रख सकता है। क्या नया संविधान देश के नेताओं को अधिक समानता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक सफलता बनाए रखने के तरीके खोजने में मदद करेगा? या, क्या यह एक स्थायी ट्रेड ऑफ होगा?

उल्लेखनीय बात यह है कि यहां एक देश एक विशिष्ट उद्देश्य के साथ एक राष्ट्रीय दस्तावेज बनाने का निर्णय ले रहा है, न कि केवल एक संविधान। अधिकांश देशों ने अपनी राष्ट्रीय आवश्यक जरूरतों के जवाब में एक विशिष्ट एजेंडा के बिना अपने राष्ट्रीय दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जब हम 70 साल पीछे मुड़कर देखते हैं और समीक्षा करते हैं कि 26 जनवरी 1950 की प्रत्याशा में भारतीय नेताओं ने क्या किया, तो



हमें एक उदाहरण मिलेगा। उन्होंने ब्रिटिश शासकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली व्यवस्था को कमोबेश आगे बढ़ाने का फैसला किया। यह भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा पेश किया गया था, जो कि ब्रिटिश क्राउन के सबसे चमकीले रत्न को भारतीयों को अधिक शक्तियों के साथ अधिक कुशलता से संचालित करने के लिए पेश किया गया था। जब इसे पारित किया गया, तब भारतीय साम्राज्य के विभाजन की परिकल्पना नहीं की गई थी। भारत के नेता उसे कैसे संघीय या एकात्मक बनाना चाहेंगे, यह अंग्रेज नहीं जानते थे। 1946 में, कैबिनेट मिशन नामक एक तीन-नेता प्रतिनिधिमंडल ने भारत का एक ऐसा ढीला संघीय नक्शा प्रस्तावित किया कि केंद्र में केवल तीन विषय होंगे, अर्थात विदेश मामले, रक्षा और संचार। बाकी विषय प्रांतों को हस्तांतरित होंगे, जैसा कि उन दिनों राज्यों को कहा जाता था। उनका मुख्य प्रयास उपमहाद्वीप को विभाजित किए बिना मुस्लिम लीग को खुश रखना था। जब नेता दस्तावेज़ लिखने के लिए बैठे, तो उनके मन में अल्पसंख्यकों, एक संघीय मुखौटा था, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत केंद्र था कि देश टूट न जाए। इसने लेखों की समवर्ती सूची की शुरूआत की व्याख्या की, जो उन विषयों से संबंधित थी जिनमें केंद्र और राज्यों दोनों की शक्ति थी। कानून और व्यवस्था एक राज्य का विषय है, लेकिन क्रमश: अंग्रेजों द्वारा स्थापित केंद्रीय रिजर्व पुलिस और असम राइफल्स को कायम रखा गया। और नियत समय में, अधिक अर्धसैनिक बलों को जोड़ा गया। फिर भी जब अंतर-सांप्रदायिक दंगे भड़के, तो अक्सर सेना को बुलाए जाने की मांग की जाती थी। गुजरात में, 2002, संकट शुरू होने के तीसरे दिन तक मांगों पर जोर दिया गया। सेना तुरंत दिखाई दी; लेकिन तब केंद्रीय रिजर्व पुलिस किस लिए थी?

जिस तरह चिली को मिट्टी के नीचे से अधिक लिथियम निकालने की तत्काल आवश्यकता है, 1950 में हमारी तात्कालिकता देश को इसकी विविधता, अंतर-भाषी लेकिन अधिक अंतर-सांप्रदायिक के सामने एक साथ रखने की थी। 1947 में, हमने अपने क्षेत्र का लगभग 35 प्रतिशत खो देते हुए देश के विभाजन की अनुमति दी। कुछ ही वर्षों में सांप्रदायिक दंगे शुरू हो गए। पाकिस्तान के पश्चिमी विंग में, वे तब तक जारी रहे जब तक कि लगभग सभी हिंदुओं और सिखों ने भारत में शरण नहीं ले ली। पूर्वी विंग से रक्तपात और अपहरण के कारण लगातार बहिर्वाह हो रहा था। न तो विभाजन और न ही संविधान ने हमारी केंद्रीय समस्या का समाधान किया। 1781 में, अमेरिका ने एक संविधान लिखा जिसने स्पष्ट रूप से ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब दिए। इन 240 वर्षों में केवल 23 संशोधन हुए हैं। हमारे दस्तावेज़ में 72 वर्षों के दौरान 100 से अधिक संशोधन हुए हैं। संतुलन पर, अमेरिका एक सभ्यता के रूप में विकसित हुआ है; यह आज सबसे धनी राष्ट्र है और इसके अधिकांश नागरिक समृद्ध हैं। निश्चित रूप से, इसकी किसी भी समस्या के लिए इसके संविधान को दोष नहीं दिया जा सकता है।

सोवियत संघ ने 1917 की अक्टूबर क्रांति के तुरंत बाद व्लादिमीर लेनिन के निर्देशन में अपना संविधान लिखा। 1991 तक, सोवियत संघ का पतन हो गया और 16 अलग-अलग देशों में बिखर गया। यह एक वैचारिक विफलता थी; कार्ल मार्क्स ने इस मनोविज्ञान की अनदेखी की कि बेहतर काम करने के लिए मनुष्य के पास प्रोत्साहन होना चाहिए। समानता एक आकर्षक विचार लग सकता है लेकिन लोग समान नहीं हैं, और काम पर इस तरह के व्यवहार की अपेक्षा नहीं करते हैं। वस्तुओं और सेवाओं का उचित तरीके से वितरण महत्वपूर्ण है लेकिन उनका उत्पादन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सोवियत ने इस पर ध्यान नहीं दिया और नष्ट हो गए।

## आप की बात

### गोलमोल चीनी कूटनीति

**चीनी** कूटनीतिज्ञ कभी, किसी भी हाल में नीट एंड क्लीन भाषा में बात नहीं करते। कूटनीतिक वार्तालाप के दौरान सीधे इधर या उधर हो जाने की बात उनकी कन्फ्यूशियन ट्रेनिंग में सिखाई ही नहीं गई है। वार्ता से पहले जारी सार्वजनिक बयान में यांग जीची ने रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई जिक्र ही नहीं किया। सिर्फ एक लाइन का बयान कि दिसंबर में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता से निकले बिंदुओं पर अमल ही रोम में होने जा रही बातचीत का मकसद है। रही बात रूसियों को हथियार देने या न देने की तो अमेरिका स्थित चीनी राजदूत ने बयान जारी किया कि रूस ने उनके देश से हथियार मांगे ही नहीं। लिहाजा इस बारे में कोई बातचीत होने का सवाल कहां उठता है? अभी जब तक तो हम हर बात के दो ही पहलुओं के बारे में जानते थे।मगर चीनी कूटनीतिज्ञ और नेताओं के बयान सुनने के बाद पता चला कि एक ही बात के आठ से 10 पहलू हो सकते हैं। जिन्हें गोलमोल जवाब कहा जा सकता है। और जरूरत पड़ने पर उसी से पलटने में कोई गुरेज नहीं करना पड़ता है। चीन व अमेरिका हो या कोई भी शक्तिशाली देशों वह सिर्फ अपने हितों के लिए ही अन्य देशों से संबंध रखते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### भारत की बात सुनी जाए

रूस यूक्रेन युद्ध में जैविक और विषाक्त हथियारों की गहरी चिंता उभरी है। रूस की धमकी और यूक्रेन के परमाणु संयंत्रों पर खतरनाक बमबारी ने इन चिंताओं को और दुगना कर दिया है। मानव जीवन के अस्तित्व के प्रति पैदा होते खतरे के मद्देनजर भारत के उस कथन को समझना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यक्त किया है।आज नाजुक हालातों में अगर इस गंभीर मुद्दे की उपेक्षा की गई तो इसका दुष्परिणाम सारी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है। दूसरे पखवाड़े में पहुंचा रूस यूक्रेन युद्ध लगातार आशंकाओं से घिरा हुआ है। रूस द्वारा अंधाधुंध बमबारी जारी है। यूक्रेन के कई सामरिक महत्व के ठिकाने इसमें नष्ट हो गए हैं। लगातार चारों तरफ से घिरते यूक्रेन के पास वैसे आणविक अस्त्रो की कमी है मगर सहयोगी देशों के सहयोग ने उसका आत्मविश्वास जरूर बढ़ा दिया है। ऐसे में बचाव के तमाम रास्ते बंद होते अगर यूक्रेनिया जे जैविक अस्त्रों का सहारा लिया तो दुनिया में तबाही मच जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत ने जैविक हथियार संधि के मुद्दों को आपसी सहयोग से सुलझाने का सुझाव दिया है जिस पर तुरंत अमल जरूरी है। जरा सी लापरवाही मानव जगत के अस्तित्व को खतरे में डाल सकती है।

- **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

### हिजाब के पीछे

**हाल** ही में कर्नाटक में हिजाब को लेकर खूब बवाल हुआ धर्म गुरुओं व धार्मिक और अनन्य प्रकार के मुस्लिम संगठनों ने हिजाब के समर्थन में पूरी ताकत लगा दी, यहां तक की इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) ने भी हिजाब का समर्थन किया लेकिन कर्नाटक हाईकोर्ट विवाद पर विराम लगते हुए कहा कि हिजाब धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है,स्कूल यूनिफार्म को लेकर बाध्यता एक उचित प्रबंधन है । स्कूल-कॉलेज में छात्र यूनिफॉर्म पहनने से मना नहीं कर सकते हैं एक और महत्वपूर्ण बात कोर्ट ने कही कि हिजाब विवाद के पीछे अदृश्य ताकतें हैं। निश्चित ही गौर करने की बात है कि हमारे देश में कुछ अदृश्य ताकतें प्रभावी रूप से काम कर रही है जो एक छोटे से विवाद या विरोध को एक बड़े विध्वंसकारी विद्रोह रूपी हिंसात्मक आन्दोलन में बदलना चाहती है और ये ताकते आसमानी नही है हमारे देश में ही है हमारे बीच में ही उपस्थित हैं जिनको हमारे देश को तोड़ने वाली विदेशी ताकतों का भी आर्थिक और अन्य रूपों से समर्थन रहता है।

- **सुनील विद्यार्थी,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भाजपा** को हराने के लिए सभी विपक्षी दलों को साथ आना चाहिए। कांग्रेस की प्रतीक्षा करने की कोई जरूरत नहीं है।

- **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

**यूक्रेन** मे रासायनिक हथियारों का प्रयोग करने पर रूस को भारी कीमत अदा करनी पड़ेगी।

- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**आप** उनके भी विधायक हैं जिन्होंने आपको वोट नहीं दिया है। कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

- **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री

# अगले पांच साल में वाहनों से संबंधित पूरा परिदृश्य बदल जाएगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में उम्मीद जताई कि डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या में अगले दो-तीन साल में खासी कमी आएगी और इलेक्ट्रिक सहित विभिन्न वैकल्पिक ईंधनों से चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ेगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में वाहनों से संबंधित पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। गडकरी ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहनों पर अधिक खर्च आने का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि आने वाले समय में वाहनों से जुड़ा परिदृश्य बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन साल में डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या में खासी कमी आएगी और इलेक्ट्रिक सहित विभिन्न वैकल्पिक ईंधनों से चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक ईंधन आधारित वाहनों पर आने वाले खर्च को देखते हुए लोग स्वाभाविक रूप से ऐसे वाहनों को पसंद करेंगे। उन्होंने वैकल्पिक ईंधनों से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के विभिन्न कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि अगले पांच साल में पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। गडकरी ने कहा कि इससे एक ओर लोगों को ईंधन पर होने वाले भारी खर्च से राहत मिलेगी वहीं कच्चे तेल के आयात पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। यूरोप व अन्य देशों में गैर-पारंपरिक ईंधनों से चलने वाले वाहनों पर जोर दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसका पर्यावरण पर भी अच्छा असर होगा और विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से भी निजात मिल सकेगी। उन्होंने भारतीय इंजीनियरों की सराहना करते हुए कहा कि वे काफी प्रतिभाशाली हैं और उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों व इससे संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया है। गडगरी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग से जुड़े बुनियादी ढांचे की कमी के मुद्दे को खारिज करते हुए कहा कि आने वाले समय में वह दिन आएगा जब चार्जिंग व्यवस्था सभी कार्यालयों सहित हर जगह होगी।

उन्होंने कहा कि स्कूटर और कार निर्माता छोटे चार्जर मुहैया करा रहे हैं और पूरे दिन कार का उपयोग करने के बाद रात में चार्ज किया जा सकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि बैटरी की लागत एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, लिथियम आयन एक बड़ी चुनौती है। हमारे पास लिथियम आयन नहीं है। लगभग 81 प्रतिशत बैटरी हम यहां भारत में बनाते हैं। अब लिथियम आयन दुनिया में उपलब्ध है। सरकार कुछ खानों का अधिग्रहण करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत 8 लाख करोड़ रुपए मूल्य के कच्चे तेल का आयात करता है जिसके अगले पांच साल में बढ़कर 25 लाख करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह समय अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण के हित में वैकल्पिक ईंधन, बिजली, इथेनॉल, हरित हाइड्रोजन आदि को अपनाने का है और देश उस रास्ते पर बढ़ रहा है।

## गडकरी ने हरित हाइड्रोजन आधारित इलेक्ट्रिक वाहन टोयोटा मिराई को पेश किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को हरित हाइड्रोजन आधारित आधुनिक फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहन (एफसीईवी) टोयोटा मिराई को पेश किया।

गडकरी ने कहा कि यह भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है जिसका उद्देश्य देश में इस तरह के वाहनों के लिए परिवेश तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन से चलने वाले एफसीईवी शून्य कार्बन उत्सर्जन समाधान में सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल है और इसमें पानी के अतिरिक्त कोई और उत्सर्जन नहीं होता। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) हाइड्रोजन से चलने वाली एफसीईवी टोयोटा मिराई का भारतीय सड़कों और मौसमी परिस्थितियों में अध्ययन एवं आकलन करने के लिए आरंभिक परियोजना चला रही हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आर के सिंह और महेंद्र नाथ पांडेय भी उपस्थित थे। इससे पहले गडकरी ने कहा था कि वह खुद टोयोटा की मिराई का इस्तेमाल करना शुरू करेंगे। वहीं टोयोटा ने कहा कि उसने मिराई को 2014 में पेश किया गया था और यह दुनिया के पहले हाइड्रोजन ईंधन वाले इलेक्ट्रिक वाहनों में से एक है। यह वाहन एक बार चार्ज करने के बाद 650 किलोमीटर दौड़ सकता है।

# विपक्ष ने जनजातीय समाज का सिर्फ वोटबैंक के रूप में किया इस्तेमालः मुंडा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को विपक्षी दलों पर जनजातीय समाज को नजरअंदाज कर उसे सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की मौजूदा सरकार उनकी संस्कृति की रक्षा करते हुए समाज के संपूर्ण विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है।

राज्यसभा में जनजातीय मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुंडा ने कहा कि जनजातीय समाज का विकास में ही देश का विकास और उज्ज्वल भविष्य निहित है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज जिन कमियों व समस्याओं से जूझता रहा है, उन्हें दूर करने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने उन कमियों व समस्यों को ढंकने का काम किया। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, आपने जनजातीय समाज के साथ अन्याय किया और उनकी कमियों व समस्याओं को आपने अपना राजनीतिक हथियार बनाया व उन्हें वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया। यही वजह है कि उनकी कमियों को ढंकते-ढंकते आज आप खुद सिमटते जा रहे हैं। मुंडा ने कहा कि जनजातीय समाज की संवैधानिक व्यवस्था का संरक्षण हो, इसके लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है और जनजातीय क्षेत्रों का संपूर्ण विकास हो यही इस सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज स्वाभिमानी है और उन्हें गौरव प्रदान इस सरकार का संकल्प है तथा इसी को दृष्टिगत रखते हुए भगवान बिरसा बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा, इससे पूरा आदिवासी समाज गौरवान्वित है।

# हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला निराशाजनक : छात्राएं

**भाषा।** नई दिल्ली

**छात्र** कार्यकर्ताओं ने हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को बुधवार को निराशाजनक बताते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों की वर्दी में सामाजिक और धार्मिक प्रथाएं समाहित होनी चाहिए।

उच्च न्यायालय ने 129 पन्नों के आदेश में कहा कि हिजाब इस्लाम में जरूरी धार्मिक प्रथा नहीं है और परिसर में शांति, सद्भभावना एवं लोक व्यवस्था को बाधित करने वाले किसी भी तरह के कपड़े पर रोक लगाने के कर्नाटक सरकार के आदेश को बरकरार रखा। राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस वार्ता में कई मुस्लिम छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने अदालत के फैसले पर बात की और अपनी मांगों को रखा। छात्र कार्यकर्ता हुमा मसीह ने कहा कि हिजाब को वर्दी पर एक स्वस्थ बहस शुरू करनी चाहिए थी कि क्या ए समावेशी है? उन्होंने कहा, हिजाब के मुद्दे को लेकर वर्दी संस्कृति पर स्वस्थ चर्चा शुरू करनी चाहिए थी। इसपर चर्चा शुरू करनी चाहिए थी कि क्या वर्दी समावेशी और लोकतांत्रिक है या नहीं, लेकिन कोई भी इसपर बात नहीं कर रहा है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की छात्रा सिमरा अंसारी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग चाहते हैं कि मुस्लिम महिलाएं शिक्षा हासिल नहीं करें और वे उन्हें शिक्षा और अपनी पहचान के बीच किसी एक को चुनने को मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब भी मुस्लिम महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में बात करने के लिए आगे आई हैं, तो कुछ खास विचारधारा के लोगों को इससे मसला हुआ है। यह (हिजाब प्रतिबंध) मुस्लिम महिलाओं को अपनी पढ़ाई और पहचान के बीच चयन करने के लिए मजबूर कर शिक्षा हासिल करने से रोकने का एक व्यवस्थित तरीका है। अंसारी ने कहा, मैं कहना चाहती हूं कि हम शिक्षा लेने के अपने अधिकार को हासिल करेंगे और अपनी पहचान भी बनाए रखेंगे। हम किसी एक को नहीं चुनेंगे। उन्होंने कहा, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहनकर अगर किसी बैंक या किसी सार्वजनिक स्थान पर जाएंगी, तो उन्हें नैतिक पुलिसिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# भाजपा के लिए राष्ट्रपति चुनाव जीतना आसान नहीं होगाः ममता

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि चार राज्यों में विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हालिया जीत के बावजूद, हो सकता है कि भगवा पार्टी के लिए आगामी राष्ट्रपति चुनाव जीतना आसान नहीं हो क्योंकि उसके पास देश में कुल विधायकों की संख्या का आधा भी नहीं है।

इस बात पर जोर देते हुए कि खेल अभी खत्म नहीं हुआ है बनर्जी ने कहा कि जिनके पास देश में कुल विधायकों की संख्या का आधा भी नहीं है, उन्हें बड़ी बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि विधानसभा चुनावों में हार के बावजूद समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियां पिछली बार की तुलना में मजबूत हैं। बनर्जी ने विधानसभा में कहा, इस बार भाजपा के लिए राष्ट्रपति चुनाव इतना आसान नहीं होगा। उनके पास देश के कुल विधायकों में से आधे भी नहीं हैं। विपक्षी दलों के पास देश भर में अधिक विधायक हैं। उन्होंने कहा, खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। यहां तक कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हारने वाली समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों के पास पिछली बार की तुलना में अधिक विधायक हैं। राष्ट्रपति चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से एक निर्वाचक मंडल के माध्यम से आयोजित किया जाता है जिसमें संसद के निर्वाचित सदस्य और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाएं शामिल होती हैं। राज्य विधानसभाओं के प्रत्एक मतदाता के मतों की संख्या और मूल्य एक सूत्र द्वारा निकाला जाता है जो 1971 में राज्य की जनसंख्या को ध्यान में रखता है।



अहमदाबाद में होली के पर्व को लेकर एक दूसरे पर फूलों की बारिश करतीं महिलाएं




थाणे में कोविड का टीका लगवाने के बाद फोटो खिंचवाते बच्चे

# खुर्शीद ने सिब्बल और जी-23 की आलोचना की

● संकट में नेतृत्व के श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर गांधी परिवार का किया समर्थन

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बुधवार को गांधी परिवार के नेतृत्व की आलोचना करने के लिए अपने पार्टी सहयोगी कपिल सिब्बल पर पलटवार करते हुए उनसे पूछा कि उन्होंने (कपिल सिब्बल) पार्टी में किसी भी पद के लिए चुनाव कब लड़ा था।

संगठन से इतना कुछ मिलने के बावजूद शिकायत करने को थोड़ा दुखद बताते हुए खुर्शीद ने सिब्बल सहित ग्रुप ऑफ 23 के हस्ताक्षरकर्ताओं पर भी निशाना साधा जिन्होंने 2020 में सोनिया गांधी को एक पत्र लिखकर पार्टी में व्यापक बदलाव की मांग की थी। खुर्शीद ने पीटीआई-भाषा से कहा, गांधी परिवार पार्टी को एक साथ जोड़े रखने वाला कारक है और संकट की इस घड़ी में नेतृत्व के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। इससे पहले सिब्बल ने कहा कि यह गांधी परिवार के लिए नेतृत्व की भूमिका छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को मौका देने का समय है। सिब्बल ने एक साक्षात्कार में कहा था कि गांधी परिवार को स्वेच्छा से हट जाना चाहिए क्योंकि उनके द्वारा नामित एक निकाय उन्हें कभी नहीं कहेगा कि उन्हें सत्ता की बागडोर नहीं संभालनी चाहिए। सिब्बल की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए खुर्शीद ने पूछा, पार्टी में कोई पद पाने के लिए सिब्बल ने चुनाव कब लड़ा था? खुर्शीद ने ऐसे समय में गांधी परिवार का पुरजोर बचाव किया है, जब कांग्रेस हाल के विधानसभा चुनावों में अपनी चुनावी हार के बाद अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है। इन पांच राज्यों में उत्तर प्रदेश भी शामिल है जहां उसे सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली और बमुश्किल दो प्रतिशत से थोड़े अधिक मत मिले। खुर्शीद के अनुसार, पार्टी के भीतर लोगों से बात करने के बाद आम धारणा यह है कि वे चाहते हैं कि राहुल गांधी पूर्णकालिक पार्टी अध्यक्ष का पद संभालें। उन्होंने कहा, ... हम सभी ईमानदारी से उम्मीद कर सकते हैं कि चुनाव अगस्त में होगा, और अगस्त में वह फिर से पार्टी के अध्यक्ष बन उपकृत करेंगे। उन्होंने कहा, हम सत्ता में रहने के कुछ हद तक आरामदायक जीवन के आदी रहे हैं क्योंकि यह गांधी परिवार के सदस्यों द्वारा पीढ़ियों से गारंटीकृत था और हम अचानक परेशान महसूस कर रहे हैं कि वे हमें फिलहाल सत्ता में नहीं रख पाए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने तर्क दिया कि आंतरिक कलह से पार्टी को मदद नहीं मिलती है, बल्कि इससे भाजपा को मदद मिलती है। सिब्बल ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि वह घर की कांग्रेस नहीं, सब की कांग्रेस चाहते हैं। खुर्शीद ने सिब्बल की आलोचना करते हुए कहा कि रविवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में एआईसीसी मुख्यालय के पास अपनी मर्जी से गांधी परिवार के समर्थन में जुटी भीड़ को भी समावेशी कांग्रेस का हिस्सा माना जाना चाहिए।

## परीक्षा का पर्चा लीक करने में शामिल पाए जाने पर स्कूलों का पंजीकरण रद्द होगा

**मुंबई ( भाषा )।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री वर्षा गायकवाड ने बुधवार को कहा कि सरकार 10वीं कक्षा का परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल पाए जाने पर स्कूल का पंजीकरण निलंबित करेगी। राज्य की स्कूल शिक्षा मंत्री ने विधान परिषद के कुछ सदस्यों के एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। गायकवाड ने कहा, यदि कोई स्कूल 10वीं कक्षा की परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल पाया जाता है, तो उसका पंजीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। यदि कोई स्कूल छात्रों को परीक्षा के दौरान उत्तरों की नकल करने की अनुमति देता है, तो शिक्षा विभाग अगली बार वहां परीक्षा नहीं आयोजित करेगा। मंत्री ने सदन को यह भी बताया कि अहमदनगर में एक स्कूल, जिसने छात्रों को उत्तर की नकल करने की अनुमति दी थी, का पंजीकरण समाप्त किया जाएगा। जल्द ही इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि राज्य का स्कूल शिक्षा विभाग परीक्षाओं के आयोजन के लिए पहले ही गृह विभाग से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध कर चुका है, क्योंकि हर स्कूल में अब एक परीक्षा केंद्र है।

## सारा जोसेफ को उपन्यास बुधिनी के लिए मिला पुरस्कार

**नई दिल्ली( भाषा )।** मलयालम लेखिका सारा जोसेफ को उनके उपन्यास बुधिनी के लिए बुधवार को शी द पीपल्स का महिला लेखक पुरस्कार 2021 देने की घोषणा की गई। संगीता श्रीनिवासन द्वारा मलयालम से अनुवादित इस किताब को प्रीति गिल, जी संपत और लक्ष्मी सुबोध के चयन मंडल ने अंतिम रूप से चयनित छह किताबों की सूची से चुना है। गिल के अनुसार, बुधिनी की कहानी भारत को समेटे हुए है, एक ऐसा भारत जो अभी भी काफी हद तक अज्ञात और खामोश है, जिसकी कहानियां अभी भी हमारी तथाकथित मुख्यधारा का हिस्सा नहीं हैं। यह कहानी भारत के बारे में हमारी धारणा और समझ को समृद्ध करती है। अंतिम रूप से चयनित अन्य किताबों में ए मिरर मेड ऑफ रेन (नाहीद फिरोज पटेल), ए रेड-नेक्ड ग्रीन बर्ड (अंबई, जीजेवी प्रसाद द्वारा अनुवादित, सिस्टरहुड ऑफ स्वान्स (सेल्मा कार्वाल्हो), द बेगम एंड द दास्तान (तराना खान) और वाट वी नो अबाउट हर (कृपा जीई) शामिल हैं। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित किताब बुधिनी एक वास्तविक घटना को केंद्र में रखकर लिखी गई है जब जवाहरलाल नेहरू ने 1959 में दामोदर नदी पर एक बांध का उद्घाटन करने के लिए झारखंड का दौरा किया था। दामोदर घाटी निगम द्वारा पंद्रह वर्षीय बुधिनी को प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए चुना गया था। बुधिनी ने नेहरू को माला पहनाई, जिसके लिए उन्हें उनके गांव से बहिष्कृत कर दिया गया क्योंकि इसे विवाह के रूप में देखा गया था। नारीवादी कार्यों के लिए चर्चित जोसेफ साहित्य अकादमी पुरस्कार समेत कई पुरस्कार हासिल कर चुकी हैं।

## चार केंद्रीय विश्वविद्यालय पूर्णकालिक कुलपतियों के बिना काम कर रहे : सरकार

**नई दिल्ली ( भाषा )।** सरकार ने बुधवार को बताया कि देश के चार केंद्रीय विश्वविद्यालय पूर्णकालिक कुलपति के बिना काम कर रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंध्रप्रदेश स्थित राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, बिहार स्थित बिहार महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू कश्मीर स्थित कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा ओडिशा स्थित ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक कुलपति नहीं हैं। सरकार ने कहा कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है जो साल भर चलती रहती है। उन्होंने कहा कुलपतियों की नियुक्ति एक व्यापक प्रक्रिया है जिसमें कार्यकारी परिषद की ओर से नामांकन लेना, खोज सह चयन समिति का गठन, पद का विज्ञापन, आवेदनों की छंटनी एवं जांच, चयनित प्रतिभागियों के साथ संवाद करना, संबद्ध प्राधिकार से सतर्कता मंजूरी और अनुमोदन लेना आदि शामिल हैं। हर कदम की सरकार द्वारा निगरानी की जाती है। मंत्री ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की छह रिक्तियों को 2019-20 और 2020-21 में भरा गया जबकि 2021-22 में 20 कुलपतियों की नियुक्ति की गई।

# मोदी सरकार ने सैनिकों के साथ विश्वासघात कियाः सुरजेवाला

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) से संबंधित उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश के लाखों के सैनिकों के साथ विश्वासघात किया है।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि मोदी सरकार को संप्रग सरकार के समय तय मापदंडों के मुताबिक ही ओआरओपी अविलंब लागू करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सशस्त्र बलों में वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) सरकार का एक नीतिगत फैसला है और इसमें कोई संवैधानिक दोष नहीं है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि एक रैंक- एक पेंशन का केंद्र का नीतिगत फैसला मनमाना नहीं है और सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेगा। पीठ ने निर्देश दिया कि ओआरओपी के पुनर्निर्धारण की कवायद एक जुलाई, 2019 से की जानी चाहिए और पेंशनभोगियों को बकाया भुगतान तीन महीने में होना चाहिए। सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार सैनिकों की वीरता के नाम वोट बटोरती है, लेकिन जवानों को वन रैंक, वन पेंशन का अधिकार नहीं देती...मोदी सरकार की दलील चलते यह फैसला आया है। उन्होंने कहा, संप्रग सरकार ने कोश्यारी समिति की अनुशंसा के अनुसार ओआरओपी लागू करने की घोषणा की थी....2015 के मोदी सरकार ने एक आदेश में जरिए ओआरओपी को बदल दिया और कहा कि समयपूर्व सेवानिवृत्त होने वालों को ओआरओपी नहीं मिलेगा। जबकि सेना में अधिकतर जवान 40 साल की उम्र तक सेवानिवृत्त हो जाते हैं। सुरजेवाला ने सवाल किया, क्या 30 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन से वंचित करना देश की सेना के साथ विश्वासघात नहीं?

## रूस-यूक्रेन युद्धः सरकार ने कहा कि भारत से कुछ उत्पादों का निर्यात प्रभावित होने की आशंका

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाणिज्य** और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उद्योग जगत से मिली जानकारी के अनुसार रूस-यूक्रेन के युद्ध के कारण भारत से दवाओं, दूरसंचार उपकरण, चाय, कॉफी और समुद्री सामग्रियों जैसे कुछ उत्पादों का निर्यात प्रभावित होने की आशंका है। गोयल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि वाणिज्य विभाग को मौजूदा हालात की जानकारी है और वह जरूरी आयात की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के साथ नियमित परामर्श कर रहा है। उन्होंने कहा कि हालात स्थिर होने पर ही युद्ध के बाद के परिदृश्य के प्रभाव का सटीक आकलन किया जा सकता है। गोयल ने कहा, उद्योग जगत से मिली जानकारी के अनुसार भारत से कुछ उत्पादों का निर्यात प्रभावित होने की आशंका है जिसमें दवाएं, दूरसंचार उपकरण, चाय, कॉफी और समुद्री उत्पाद आदि शामिल हैं।

# जम्मू कश्मीर में स्थिति बहुत अच्छी लगातार हो रहा सुधारः कुलदीप सिंह

**भाषा।** जम्मू

**केंद्रीय** रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) कुलदीप सिंह ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति "बहुत अच्छी है और इसमें और सुधार हो रहा है। वह बल के 83वें स्थापना दिवस से पहले डीजी परेड की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को शिरकत करनी है।

सीआरपीएफ प्रमुख सिंह ने यह भी कहा कि 2021-22 में अभियानों के दौरान बल ने 162 आतंकवादी और माओवादी मार गिराए गए, 1500 को गिरफ्तार किया और 750 अन्य को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया, जबकि बल के 12 कर्मियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 169 अन्य घायल हुए। सीआरपीएफ जम्मू के एम ए स्टेडियम में शनिवार को अपने वार्षिक 83वें स्थापना दिवस परेड का आयोजन करेगी और संयोग से, यह पहली बार है कि बल दिल्ली-एनसीआर के बाहर अपना वार्षिक दिवस मना रहा है। सिंह ने स्टेडियम में डीजी परेड के इतर पत्रकारों से कहा, (जम्मू-कश्मीर में) स्थिति बहुत अच्छी है। सीआरपीएफ नागरिक अधिकारियों की सहायता कर रही है और स्थानीय सरकार को भी सहायता प्रदान कर रही है। स्थिति में बहुत सुधार हुआ है और आगे भी सुधार हो रहा है। सीआरपीएफ की अलग अलग बटालियनों के जवानों ने परेड प्रस्तुत की और सीआरपीएफ महिला डेयर डेविल्स ने मोटरसाइकल से हैरतअंगेज़ स्टंट दिखाए। सिंह ने कहा कि डीजी परेड पूर्ण अभ्यास की तरह होता है। गृह मंत्री के कार्यक्रम के बारे में पूछने पर, खासकर, शुक्रवार को उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता करने की खबरों पर, सिंह ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने विभिन्न बलों को निर्देश दिया है कि वह देश के विभिन्न स्थानों पर वार्षिक दिवस परेड आयोजित करें और लोगों को शक्ति प्रदर्शन से रू-ब-रू कराएं। सीआरपीएफ के प्रमुख ने कहा, इससे कर्मियों के साथ-साथ नागरिकों, विशेषकर युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। यह राष्ट्रीय एकता में भी मदद करेगा। घाटी में छुट्टी पर गए सीआरपीएफ के एक जवान की हाल में हत्या के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस साल इस तरह की यह पहली घटना है लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्वाई की और अपराधी को कम से कम समय में गिरफ्तार कर लिया। शोपियां जिले के चेक चोटीपोरा गांव में आतंकियों ने सीआरपीएफ जवान मुख्तार अहमद की उनके घर पर 12 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी थी। आतंकवादियों द्वारा छुपने के लिए धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता..वे कहीं भी हों, सुरक्षा बल पहुंचेंगे और उन्हें खत्म कर देंगे। इससे पहले सीआरपीएफ प्रमुख ने परेड को संबोधित करते हुए कहा कि 2021-2022 में हथियार और गोलाबारूद का बड़ा जखीरा पकड़ा गया है।

# रेलवे के निजीकरण का कोई प्रश्न ही नहीं : अश्विनी वैष्णव

भाषा। नई दिल्ली



**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रेलवे के निजीकरण का कोई प्रश्न ही नहीं है और इस बारे में कही गई सारी बातें काल्पनिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की दृष्टि में रणनीतिक क्षेत्र के रूप में रेलवे की सामाजिक जवाबदेही है जिसे वाणिज्यिक व्यवहार्यता पर ध्यान देते हुए पूरा किया जा रहा है।

रेल मंत्री ने यह भी कहा कि भर्ती को लेकर छात्रों के साथ गलतफहमी को रेलवे ने सहानुभूतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है।

उन्होंने कहा, भर्ती पर कोई रोक नहीं है....1.14 लाख रिक्तियों को लेकर भर्ती प्रक्रिया जारी है। वर्ष 2022-23 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए रेल मंत्री ने कहा, रेलवे के निजीकरण का कोई प्रश्न ही नहीं है। इस बारे में कही गई बातें काल्पनिक हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे का निजीकरण नहीं हो सकता है क्योंकि पटरियां रेलवे की हैं, इंजन रेलवे के हैं, स्टेशन और बिजली के तार रेलवे के हैं। इसके अलावा डिब्बे और सिग्नल प्रणाली भी रेलवे की ही हैं। वैष्णव ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती पीयूष गोयल भी पहले स्पष्ट कर चुके हैं कि रेलवे का ढांचा जटिल है और इसका निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मालगाड़ियों का भी निजीकरण नहीं किया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा, सरकार की दृष्टि में रणनीतिक क्षेत्र के रूप में रेलवे की सामाजिक जवाबदेही है। इसका अब तक पालन किया गया और आगे भी किया जाएगा। इसे वाणिज्यिक व्यवहार्यता पर ध्यान देते हुए पूरा किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस विषय पर चर्चा के दौरान कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर रेलवे के निजीकरण की ओर कदम बढ़ाने और सिर्फ मुनाफा कमाने पर ध्यान देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि सरकार की ओर से रेल आधुनिकीकरण की बात करना सिर्फ दुष्प्रचार है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे की सामाजिक जवाबदेही पर ध्यान दें तब स्पष्ट होगा कि हम 60 हजार करोड़ रूपए की सब्सिडी दे रहे हैं। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने वर्ष 2022-23 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों को मंजूरी प्रदान कर दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुम्बई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम चल रहा है तथा गुजरात खंड में 99.7 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण हो गया है, 750 से अधिक खम्भे बन चुके हैं तथा नर्मदा एवं तापी नदियों पर पुलों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर कार्य 8 किलोमीटर प्रति महीने की दर से आगे बढ़ रहा है और इसे बढ़ाकर 10 किलोमीटर प्रति महीने किया जाएगा।

### जल्द ही पायलट परियोजना के तहत एक स्टेशन, एक उत्पाद कार्यक्रम शुरू होगा : रेल मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत की विविधता के विभिन्न आयामों को शामिल करते हुए पारंपरिक शिल्प, लघु उद्योग को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से सरकार जल्द ही पायलट परियोजना के तौर पर एक स्टेशन, एक उत्पाद कार्यक्रम की शुरूआत करेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने बताया कि हम भारत की विविधता पर नजर डालें तब उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक हर जगह अलग-अलग विशिष्ट उत्पाद हैं, अलग खानपान एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं।

### देश में 12-14 साल आयु वर्ग के लिए कोविड रोधी टीकाकरण अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** समूचे भारत में 12-14 साल के उम्र के बच्चों के लिए बुधवार को कोविड रोधी टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया। हालांकि मध्य प्रदेश में इसका आगाज़ आज नहीं हो सका जहां अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को जरूरी प्रशिक्षण के बाद 22 मार्च से टीकाकरण शुरू किया जाएगा।इस अभियान में 12-14 आयु वर्ग के बच्चों को बायोलॉजिटकल ई का कॉर्बेवैक्स का टीका लगाया जाएगा। एक मार्च 2021 तक देश में 12 और 13 साल आयु वर्ग के बच्चो की संख्या 4.7 करोड़ थी।इसी के साथ 60 वर्ष की आयु से अधिक उम्र के सभी लोग कोविड रोधी टीके की एहतियाती खुराक लगवाने के पात्र हैं। उन्हें दूसरी खुराक लगवाने के नौ महीने बाद तीसरी खुराक लगाई जाएगी। इस मौके पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश कोविड महामारी से लड़ने के लिए बेहतर स्थिति में है, लेकिन लोगों को सभी सावधानियों का पालन करते रहना चाहिए।



गुड़गांव के एक स्कूल में 12-14 साल आयु वर्ग के बच्चों के कोविडरोधी टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान बच्चे को टीका लगातीं स्वास्थ्यकर्मी

# पूर्वोत्तर में उग्रवादी हिंसा में 74 फीसदी की कमी आई : सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में 2014 के बाद से सुरक्षा हालात में सुधार हुआ है और उग्रवादी हिंसा में 74 फीसदी की कमी आई है।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति तथा पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न उग्रवादी समूहों के साथ शांति वार्ता शुरू करने का नतीजा है कि आज पूर्वोत्तर में शांतिपूर्ण माहौल है और वहां विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवादी समूहों की समस्याओं का संविधान के दायरे में समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहलों के चलते विभिन्न विद्रोही समूह बातचीत के लिए आगे आए और उन्होंने अपने अभियान रोक दिए। कुछ ने तो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। राय ने कहा कि बातचीत से अलग रहने वाले समूहों से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सशस्त्र बल और राज्य पुलिस निपट रहे हैं। उन्होंने कहा इस बेहतर रणनीति की वजह से पूर्वोत्तर के राज्यों में 2014 के बाद से सुरक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 से तुलना करें तो पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवादी हिंसा में 74 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के मारे जाने की घटनाओं में 89 फीसदी की और सुरक्षा बलों के कर्मियों के मारे जाने की घटनाओं में 60 फीसदी की कमी आई है। राय ने कहा कि हालांकि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है लेकिन केंद्र सरकार पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों में पूरी तरह से मदद कर रही है।

## क्विक न्यूज

### विचाराधीन कैदियों की सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में है। राज्यसभा को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की जेलों में 31 दिसंबर 2020 की स्थिति के अनुसार 80,557 विचाराधीन कैदी थे जबकि बिहार की जेलों में 44,187 विचाराधीन कैदी और मध्यप्रदेश की जेलों में 31,712 विचाराधीन कैदी थे। राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश की जेलो में बंद कुल कैदियों की संख्या।,07,395 है जबकि बिहार की जेलों में कुल 51,934 कैदी और मध्यप्रदेश की जेलों में कुल 45,484 कैदी बंद हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महाराष्ट्र की जेलो मे 26,171 विचाराधीन कैदी है वही पश्चिम बंगाल की जेलो मे 20,144 विचाराधीन कैदी, झारखंड की जेलों में 17,103 विचाराधीन कैदी, राजस्थान की जेलो मे 16,930 विचाराधीन कैदी, पंजाब की जेलों में 15,643 विचाराधीन कैदी, ओडिशा की जेलों मे 15,619 विचाराधीन कैदी, हरियाणा की जेलों में 14,951 विचाराधीन कैदी तथा दिल्ली की जेलो मे 14,506 विचाराधीन कैदी है।

### बसपा सांसदों ने कांशीराम के लिए भारत रत्न की मांग लोकसभा में उठाई

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली और मलूक नागर ने बुधवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि बसपा के संस्थापक दिवगंत कांशीराम को भारत रत्न प्रदान किया जाए। उन्होने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग की। उत्तर प्रदेश के अमरोहा से लोकसभा सदस्य अली ने कहा, मान्यवर कांशीराम जी की कल (15 मार्च) जयंती थी। उन्होंने समाज को एकजुट किया था। हमारी मांग है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। मुझे उम्मीद है कि सरकार कांशीराम जी को भारत रत्न से सम्मानित करेगी। शून्यकाल में ही बसपा के मलूक नागर ने पार्टी संस्थापक दिवंगत कांशीराम को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत-रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की।नागर ने कहा कि कल 15 मार्च को बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई गई जिन्होंने समाज के शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए बहुत काम किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि कांशीराम को भारत-रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाना चाहिए।

### मांडविया ने एशिया, यूरोप में कोविड मामलों में वृद्धि के बीच उच्च सतर्कता का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** कुछ यूरोपीय और पूर्वी एशियाई देशों मे कोविड-19 मामलो मे वृद्धि के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को अधिकारियों को उच्च स्तर की सतर्कता और निगरानी बनाए रखने और जीनोमिक अनुक्रमण को आक्रामक रूप से करने के निर्देश दिए।मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक मे 27 मार्च से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू करने के सरकार के फैसले, टीकाकरण की स्थिति और जीनोमिक निगरानी के स्तर की समीक्षा की गई।एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, चीन, सिंगापुर, हांगकांग, वियतनाम और कुछ यूरोपीय देशों में बढ़ते मामलों को देखते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। सूत्र ने कहा, मंत्री ने आक्रामक जीनोमिक अनुक्रमण, उच्च निगरानी और उच्च स्तर की सतर्कता का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ राजेश गोखले, फार्मास्युटिकल विभाग मे सचिव एस अपर्णा, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल, आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव और एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया और एनटीएजीआई के कोविड-19 कार्यकारी समूह के अध्यक्ष डॉ एन के अरोड़ा सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियो ने बैठक मे हिस्सा लिया।

### ईडी ने छत्तीसगढ़ में कई परिसरों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले मे छत्तीसगढ़ मे कई स्थानो पर छापेमारी की। एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी की ओर से जारी एक बयान मे कहा गया कि 14 मार्च को रायपुर, पाटन और दल्ली राजहरा मे मुख्य आरोपी सुभाष शर्मा, उसके परिजनो और अन्य लोगो तथा जयंती साहू और उसके भाइयो के परिसरो पर नौ स्थानो की तलाशी ली गई। बयान मे कहा गया, विभिन्न इकाइयो, लोगो और परिवार वालो के नाम पर लेनदेन के विवरण, संपत्ति के कागजात, पावर ऑफ अटर्नी बरामद किए गए और 10 लाख रुपए जब्त किए गए। शर्मा को इस महीने एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। कंपनियो के जरिए विभिन्न बैंको से गलत तरीके अपनाकर ऋण लेने के आरोप मे शर्मा और अन्य के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कई प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया।

### आतंकवादी संगठन के सदस्यों को धन मुहैया कराने वाले भोपाल के दो लोग जांच के दायरे में : मिश्रा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि तीन दिन पहले भोपाल से गिरफ्तार किए गए प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के चार संदिग्ध सदस्यों को धन और अन्य सहायता मुहैया कराने वाले दो स्थानीय लोगों की भी जांच की जा रही है। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया, भोपाल से पकड़े गए जेएमबी के चार संदिग्धों के तार कोलकाता से जुड़ रहे हैं। इसकी जांच के लिए हमारी पुलिस आज ही कोलकाता रवाना हो रही है। वहां जाकर जो भी तार (संपर्क) जहां तक फैले हुए हैं, उनका पता लगाएगी। उन्होंने बताया कि संदिग्धों के पास से एक वीडियो भी मिला है जिसमें पेट्रोल बम बनाने का तरीका बताया गया है। मिश्रा ने बताया, गिरफ्तार किए गए इन संदिग्धों को धन एवं अन्य दूसरी सहायता पहुंचा रहे दो स्थानीय लोगों की भी जांच की जा रही है। इन दोनों को पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में लिया था।

मिश्रा ने एक दिन पहले कहा था कि रविवार को भोपाल से आतंकी संगठन जेएमबी के चार संदिग्ध सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी, जिनमें फजहर अली उर्फ महमूद, मोहम्मद अकील उर्फ अहमद, जहरुद्दीन उर्फ इब्राहिम और फजर जैनुल अबादीन उर्फ अकरम शामिल हैं। वर्तमान में ए चारों 14 दिन की पुलिस रिमांड पर हैं। इनमें से तीन लोगों ने स्वीकार किया है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों के कब्जे से जिहादी साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन लोगों को ऐशबाग थाना क्षेत्र और एक अन्य इलाके से रविवार को गिरफ्तार किया गया।

# पाकिस्तानी आका नागरिकों को नुकसान पहुंचाने एवं शांति भंग करने के लिए आतंकवादी भेज रहे हैं: डीजीपी

भाषा। जम्मू

**जम्मू कश्मीर** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तानी आका (हैंडलर) आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने एवं शांति भंग करने के लिए आतंकवादियों को इस केंद्र शासित प्रदेश में भेज रहे हैं।सिंह ने किश्तवाड़ जिले में एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से कहा, पिछले दो सप्ताह में आतंकवादियों के नापाक मंसूबे तब सामने आए जब उन्होंने पंचों एवं सरपंचों को निशाना बनाया। निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाने एवं उनकी हत्या करने की उनकी नापाक हरकत की सभी वर्गों ने कड़ी निंदा की है। डीजीपी पुलिस विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने किश्तवाड़ आए थे। विभाग ने पुलिस अधीक्षक अमन ठाकुर की याद में यह टूर्नामेंट आयोजित किया है। ठाकुर फरवरी, 2019 में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। सरपंचों -- समीर भट और शबीर अहमद मीर की क्रमशः नौ एवं 11मार्च को श्रीनगर एवं कुलगाम जिलों में हत्या कर दी गई थी। मोहम्मद याकूब डार नामक एक निर्दलीय पंचायत सदस्य को दो मार्च को आतंकवादियों ने गोलियों से भून डाला था। पुलिस प्रमुख ने कहा, पाकिस्तानी आका (हैंडलर) चुनिंदा हत्याओं एवं ग्रेनेड हमले के जरिए आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने उन्हें (आतंकवादियों को) इस केंद्र शासित प्रदेश में भेज रहे हैं। श्रीनगर में (छह मार्च को) ऐसे ही एक हमले में एक लड़की समेत दो आम नागरिक मारे गए थे। आतंकवाद निरोधक अभियानों के संदर्भ में उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में हमने छह सफल अभियान चलाए है जिनमें श्रीनगर का भी अभियान शामिल है।

# मोदी उपनाम टिप्पणी मामले में अदालत का राहुल गांधी को नोटिस

- मजिस्ट्रेट की अदालत ने आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए समय प्रदान करने के मंत्री के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया था

भाषा। अहमदाबाद



**गुजरात उच्च** न्यायालय ने राज्य के भाजपा मंत्री पूर्णेश मोदी की एक याचिका पर राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। पूर्णेश मोदी ने इस याचिका में सूरत की एक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ 2019 के "मोदी उपनाम" वाले उनके बयान पर आपराधिक मानहानि मामले संबंधी उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी।

शिकायतकर्ता ने सूरत की अदालत के 23 फरवरी के आदेश को हाल ही में उच्च न्यायालय चुनौती दी थी। सूरत की अदालत ने मंत्री की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने आरोपी (गांधी) को उनके भाषण से संबंधित सीडी और/ या पेन ड्राइव और /या ऐसे अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की सामग्री को व्यक्तिगत रूप से समझाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति वी एम पंचोली ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में प्रतिवादियों गांधी और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किए, जिसका जवाब 28 मार्च को देना है। उच्च न्यायालय ने साथ ही शिकायतकर्ता के अनुरोध के अनुसार, सूरत अदालत के समक्ष लंबित निजी आपराधिक मानहानि मामले में कार्यवाही पर भी अंतरिम रोक लगा दी। भाजपा मंत्री (तत्कालीन एक विधायक) ने 2019 में कर्नाटक के कोलार में एक लोकसभा चुनाव रैली को संबोधित करते हुए गांधी द्वारा "मोदी उपनाम" पर की गई टिप्पणी को लेकर गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

शिकायतकर्ता ने कहा कि कांग्रेस सांसद की कथित टिप्पणी, सभी चोरों का सामान्य उपनाम मोदी कैसे है? , ने पूरे मोदी समाज को बदनाम किया।गांधी ने पिछले साल सूरत की अदालत में पेशी के दौरान दोष स्वीकार नहीं किया था। अदालत ने भाजपा नेता द्वारा अप्रैल 2019 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 (मानहानि से निपटने) के तहत दायर मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का बयान भी दर्ज किया था।सुनवाई के दौरान, शिकायतकर्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारी और कोलार के कलेक्टर से प्राप्त तीन सीडी की प्रमाणित प्रतियां जमा कीं, जिसमें "मोदी" उपनाम के बारे में उनकी टिप्पणी थी। शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी चाहते थे कि सूरत की अदालत गांधी की उपस्थिति में सीडी चलाए ताकि वह सीआरपीसी की धारा 313 के प्रावधानों के अनुसार उनकी सामग्री को व्यक्तिगत रूप से समझा सकें और भविष्य में किसी भी तकनीकी आपत्ति से बचा जा सके। अदालत ने यह अनुरोध खारिज कर दिया था।

मजिस्ट्रेट की अदालत ने आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए समय प्रदान करने के मंत्री के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया था।पूर्णेश मोदी को पिछले साल नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।कोलार में रैली के दौरान, गांधी ने कथित तौर पर कहा था, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी ...ऐसा कैसे कि इन सभी के नाम में मोदी लगा हुआ है?

### केरल में एसएफआई को आतंकवादी संगठन की तरह प्रतिबंधित किया जाए

**नई दिल्ली ।** केरल से कांग्रेस के सांसद हिबी इडेन ने बुधवार को लोकसभा में मांग की कि माकपा से संबद्ध संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) को राज्य में आतंकवादी संगठन की तरह प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। इडेन ने आरोप लगाया कि एसएफआई के सदस्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं तथा विरोधी राजनीतिक दलों के सदस्यों पर हमले कर रहे हैं। इडेन ने तिरुवनंतपुरम के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज में एसएफआई के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस समर्थित केरल स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) की एक महिला नेता की कथित तौर पर नृशंस तरीके से पिटाई के विषय को सदन में शून्यकाल में उठाया। उन्होंने आरोप लगाया, तिरुवनंतपुरम में गवर्नमेंट लॉ कॉलेज में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के गुंडों ने एक जघन्य अपराध को अंजाम दिया। स्टूडेंट यूनियन की अध्यक्ष और उनकी साथी छात्राओं को एसएफआई के गुंडों ने जघन्य तरीके से पीटा।

### कश्मीरी पंडितों के लिए राजीव गांधी ने संसद का घेराव किया था : कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** कश्मीर फाइल्स फिल्म पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि जब कश्मीरी पंडितों का कश्मीर घाटी से पलायन हो रहा था तो सिर्फ उस समय के विपक्षी नेता राजीव गांधी ने आवाज उठाई थी और संसद का घेराव किया था, लेकिन तत्कालीन वीपी सिंह सरकार को समर्थन दे रही भाजपा के नेता लालकृष्ण आडवाणी और नरेंद्र मोदी रथयात्रा निकालने में व्यस्त थे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को यह बताना चाहिए कि वह कश्मीरी पंडितों का कब तक पुनर्वास करेंगे?

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला और कई अन्य महान व्यक्तियों के प्रेरणास्रोत महात्मा गांधी जी थे। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण कि इस देश के प्रधानमंत्री को फिल्म देखकर महात्मा गांधी के बारे में ज्ञान हुआ। अब लगता है कि उन्हें फिल्म देखकर ही कश्मीरी पंडित भाई-बहनों के बारे में ज्ञान हुआ। सुरजेवाला ने सवाल किया, जब कश्मीरी पंडितों पर जुल्म हो रहा था तो उस समय सरकार का समर्थन कर रही भाजपा के नेता आडवाणी बंटवारे वाली रथयात्रा निकालने में व्यस्त थे और मोदी जी इस यात्रा इवेंट मैनेजर थे। उनके मुताबिक, उस वक्त सिर्फ राजीव गांधी ने कश्मीरी पंडितों की आवाज उठाई थी जो खुद एक कश्मीरी पंडित परिवार से ही नाता रखते थे। सुरजेवाला ने कहा, राजीव गांधी जी ने कश्मीरी पंडितों के लिए संसद का घेराव किया था। उन्होंने सवाल किया, मोदी जी बताएं कि जब 1990 में कश्मीरी पंडित आतंक और बर्बरता के साए में पलायन को मजबूर हुए तब भाजपा के 85 सांसद, जिनके समर्थन से केंद्र की वी.पी.सिंह सरकार चल रही थी, क्या कर रहे थे? मुख्यमंत्री को हटाकर उनके बिठाए राज्यपाल ने सुरक्षा देने की बजाय पंडितों को पलायन के लिए क्यों उकसाया?

# द कश्मीर फाइल्स कश्मीरी पंडितों की पीड़ा, संघर्ष को दुनिया के सामने लाई: शाह



भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने बुधवार को घाटी से कश्मीरी पंडितों के जबरन पलायन पर आधारित बॉलीवुड फिल्म द कश्मीर फाइल्स को सच्चाई का एक साहसिक प्रतिनिधित्व बताया।

शाह ने यह भी कहा कि फिल्म ने दुनिया के सामने कश्मीरी पंडितों के बलिदान, असहनीय दर्द और संघर्ष को उजागर किया है। शाह ने यह टिप्पणी विवेक अग्निहोत्री, अनुपम खेर, पल्लवी जोशी सहित फिल्म के निर्माताओं और अभिनेताओं के उनसे यहां मुलाकात करने के बाद की।गृह मंत्री शाह ने फिल्म की टीम के साथ अपनी तस्वीर भी ट्विटर पर पोस्ट की।उन्होंने हिंदी में ट्वीट किया, आज द कश्मीर फाइल्स की टीम के साथ भेंट की। अपने ही देश में अपना घर छोड़ने को मजबूर हुए कश्मीरी पंडितों के बलिदान, असहनीय पीड़ा और संघर्ष की सच्चाई इस फिल्म के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने आई है, जो एक बहुत ही प्रशंसनीय प्रयास है। शाह ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स सत्य का एक निर्भीक निरूपण है। ऐसी ऐतिहासिक गलतियों की पुनरावृत्ति न हो इस दिशा में यह समाज व देश को जागरूक करने का काम करेगी। ए फिल्म बनाने के लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं। मैं इस फिल्म को बनाने के लिए पूरी टीम को बधाई देता हूं। बाद में, खेर ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने के लिए गृह मंत्री का आभार जताया।अग्निहोत्री ने ट्वीट किया, आपके प्रोत्साहन के लिए बहुत बहुत धन्यवाद अमित शाह जी। कश्मीरी लोगों और सुरक्षा बलों के मानवाधिकारों के लिए आपका निरंतर प्रयास सराहनीय है। शांतिपूर्ण और दृष्टिकोण मानवता और भाईचारे समृद्ध कश्मीर के लिए आपका को मजबूत करेगा।

### असम सरकार के कर्मचारियों को फिल्म देखने के लिए आधे दिन का अवकाश दिया जाएगा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखने के लिए आधे दिन की छुट्टी दी जाएगी। वहीं, एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने दावा किया कि इस फिल्म से सांप्रदायिक तनाव बढ़ेगा इसलिए इस पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित फिल्म द कश्मीर फाइल्स 1990 में कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने यहां एक मल्टीप्लेक्स में मंगलवार रात को मंत्रिमंडल के सहकर्मियों के साथ फिल्म देखी और कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को फिल्म देखने के लिए आधे दिन का विशेष अवकाश दिया जाएगा। सरमा ने कहा, उन्हें केवल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देनी होगी और अगले दिन टिकट सौंपना होगा। सरमा ने कहा कि कश्मीरी पंडितों का जनसंहार और कश्मीर से उनका पलायन मानवता पर एक धब्बा है। उन्होंने ट्वीट किया, फिल्म में उनकी हृदय विदारक पीड़ा को दर्शाया गया है। मैंने मंत्रिमंडल के अपने सहयोगियों और भाजपा तथा अन्य दलों के विधायकों के साथ इस फिल्म को देखा।

### फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने को उत्सुक हूं: धनखड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने फिल्म द कश्मीर फाइल्स के जरिए सच्चाई सामने आने का दावा करते हुए बुधवार को कहा कि वह फिल्म देखने के लिए उत्सुक हैं।यह फिल्म 1990 में घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है।धनखड़ ने कहा कि यह फिल्म जिस समय पर आधारित है, उस समय वह केंद्रीय मंत्रिपरिषद में थे और उन्होंने कश्मीर का दौरा किया था।उन्होंने उत्तर बंगाल के दौरे के लिए रवाना होने से पहले यहां एनएससीबीआई हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, मैं द कश्मीर फाइल्स को देखने के लिए उत्सुक हूं। सच्चाई सामने आ गई है क्योंकि (मुद्दे की) सही तरीके से सामने रखा गया है। धनखड़ ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए "ऐतिहासिक कदम" के बाद कश्मीर में अच्छे बदलाव आ रहे हैं, जिसने राज्य को विशेष दर्जा दिया था।उन्होंने कहा, मुख्यधारा में समावेशी विकास हो रहा है। यह लोकतंत्र की मजबूती और कानून के शासन के सम्मान के लिए शुभ संकेत है। फिल्म "द कश्मीर फाइल्स" पर उनके ट्विटर हैंडल में किए गए एक पोस्ट में कहा गया है कि धनखड़ "प्रशंसनीय सुविचारित प्रयास के लिए प्रशंसा कर रहे है, जो बहुत आवश्यक सच्चाई को उजागर करता है और उस समय की जमीनी वास्तविकता की पड़ताल करता है। ऐसे अन्य क्षेत्र हैं जिस पर इसी तरह की ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

# सेंसेक्स 1,040 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,000 के करीब

भाषा। मुंबई







**शेयर बाजारों** में एक दिन की गिरावट के बाद बुधवार को फिर तेजी लौटी और चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक चढ़कर फिर 56,000 अंक के स्तर के पार निकल गया। रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत का सार्थक परिणाम आने की उम्मीद के बीच मजबूत वैश्विक रुख से भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती से भी बाजार को गति मिली। हालांकि, निवेशकों की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बुधवार को होने वाली नीतिगत घोषणा पर है।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,039.80 अंक यानी 1.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,816.65 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 312.35 अंक यानी 1.87 प्रतिशत मजबूत होकर 16,975.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 4.69 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर रहा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस में भी में तेजी रही। दूसरी तरफ, केवल दो शेयर सन फार्मा और पावर ग्रिड 0.35 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। यूक्रेन के बयान के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी रही। यूक्रेन ने कहा है कि रूस के साथ बातचीत में समझौते को लेकर गुंजाइश है। हालांकि, रूसी सैनिकों ने कीव शहर पर हमले तेज कर दिए हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि रूस की मांगें अपेक्षाकृत अधिक वास्तविक हो रही हैं। बुधवार को दोनों देशों के बीच फिर बातचीत होने की संभावना है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल के दाम नरम होने से घरेलू बाजार में तेजी लौटी। सकारात्मक वैश्विक रुख और प्रोत्साहन पैकेज की उम्मीद में चीनी बाजार में जोरदार तेजी आने से बाजार को समर्थन मिला। उन्होंने कहा, दुनिया के शेयर बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि को शामिल करते हुए अब स्थिर हो रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो यह बाजार के लिए राहत वाली बात होगी और बाजार में उतार-चढ़ाव कम होगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों का असर बृहस्पतिवार को बाजार पर दिखेगा।

उन्होंने कहा, हमारा सुझाव है कि तेजी पर कुछ मुनाफावसूली करना बेहतर होगा। इसका कारण 17,150 के स्तर पर अवरोध है....। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। उधर, अंतरराष्ट्रीय बाजार में मानक कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड 2.94 प्रतिशत बढ़कर 102.84 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 44 पैसे मजबूत होकर 76.18 पर पहुंच गई। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को 1,249.74 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# न्यायालय ने अमेजन की याचिका पर फ्यूचर से जवाब-तलब किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अमेरिका की ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की अंतरिम याचिका पर फ्यूचर समूह से जवाब-तलब किया। याचिका में फ्यूचर रिटेल (एफआरएल) के रिलायंस रिटेल के साथ विलय सौदे को लेकर मध्यस्थता कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने और एफआरएल की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायाधीश ए एस बोपन्ना और न्यायाधीश हिमा कोहली की पीठ के समक्ष अमेजन ने यह भी आग्रह किया कि न्यायालय ऐसा आदेश दे, जिससे एफआरल की संपत्तियां बनी रहें ताकि अगर वह मध्यस्थता कार्यवाही में जीतता है, तो ए संपत्तियां उसके लिए उपलब्ध रहे।

पीठ ने अमेरिकी कंपनी की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं गोपाल सुब्रमण्यम और रंजीत कुमार से कहा, हम इस पर 23 मार्च को सुनवाई करेंगे और कुछ आदेश देंगे। इस बीच, आप (फ्यूचर रिटेल लि. और फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लि.) इस बारे में अपना जवाब दें। शुरू में पीठ ने कहा कि अगर अमेजन तत्काल कुछ अंतरिम आदेश चाहती है, तब वह दिल्ली उच्च न्यायालय जा सकती है या मध्यस्थता न्यायाधिकरण से मध्यस्थता कार्यवाही शुरू करने को लेकर राहत का आग्रह कर सकती है। इस पर कंपनी की तरफ से पेश सुब्रमण्यम ने कहा, मैं इस न्यायालय के आदेश का इंतजार करूंगा।

फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) और फ्यूचर कूपन्स प्राइवेट लि. (एफसीपीएल) की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और मुकुल रोहतगी ने कहा कि वे मध्यस्थता कार्यवाही के लिए सहमत थे। साल्वे ने कहा, मैं कल इस बात के लिए सहमत था। हमें आगे कार्यवाही की जरूरत नहीं है।

## दाम बढ़ने की आशंका से मार्च में पेट्रोल, डीजल की बिक्री में जोरदार उछाल

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के बाद वाहन ईंधन के दाम बढ़ने की अटकलों के कारण मार्च माह के पहले 15 दिन देश में पेट्रोल, डीजल की बिक्री महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर गई है। दाम बढ़ने की आशंका से उपभोक्ताओं और डीलर गाड़ियों के टैंक पूरी तरह भरवा रहे हैं। लगभग 90 प्रतिशत बाजार पर नियंत्रण रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मार्च के बीच 12.3 लाख टन रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 18 प्रतिशत और 2019 की तुलना में 24.4 प्रतिशत अधिक है। वहीं डीजल की सालाना आधार पर बिक्री 23.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35.3 लाख टन और 2019 के मुकाबले 17.3 फीसदी अधिक रही। 1-15 मार्च 2020 के दौरान हुई बिक्री के मुकाबले इस वर्ष पेट्रोल 24.3 फीसदी अधिक और डीजल 33.5 फीसदी अधिक बिका।

## इंडियन ऑयल ने भारी छूट पर रूस से 30 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने कच्चे तेल की मौजूदा अंतरराष्ट्रीय दरों के मुकाबले रूस से भारी छूट पर 30 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि आओईसी ने मई डिलिवरी के लिए यूराल्स क्रूड को दिनांकित ब्रेंट की तुलना में 20 से 25 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर खरीदा है। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों द्वारा आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने के बाद रूस ने भारत और अन्य बड़े आयातकों को रियायती कीमतों पर तेल और अन्य वस्तुओं की पेशकश शुरू कर दी है। आईओसी ने अपनी शर्तों के आधार पर रूस से कच्चे तेल 2393ीरीदा है। इसमें विक्रेता द्वारा भारतीय तट तक कच्चे तेल की आपूर्ति शामिल है। यह शर्त माल ढुलाई और बीमा की व्यवस्था में प्रतिबंधों के कारण होने वाली किसी भी जटिलता से बचने के लिए रखी गई थी। अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 प्रतिशत आयात से पूरा करने वाला भारत सस्ती दरों पर कच्चे तेल की खरीद कर ऊर्जा बिल में कमी लाना चाहता है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि देश गैर-पारंपरिक आपूर्तिकर्ता से ईंधन खरीदने के लिए आवश्यक बीमा और माल ढुलाई जैसे पहलुओं पर विचार करने के बाद ही रियायती कीमतों पर कच्चे तेल को बेचने के रूस के प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगा। गौरतलब है कि भारत अपनी कच्चे तेल जरूरतों का सिर्फ 1.3 प्रतिशत ही रूस से खरीदता है।

# बीते साल अडाणी की संपत्ति 49 अरब डॉलर बढ़ी, अंबानी अब भी सबसे अमीर भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति गौतम अडाणी की संपत्तियों में पिछले साल यानी 2021 में 49 अरब डॉलर का बड़ा इजाफा हुआ है। यह दुनिया के शीर्ष तीन धनाढ्य उद्योगपतियों एलन मस्क, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्तियों में शुद्ध रूप से हुई वृद्धि से अधिक है। एम3एम हुरुन ग्लोबल की बुधवार को जारी अमीरों की सूची-2022 में यह जानकारी दी गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी 103 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे धनवान भारतीय बने हुए हैं। उनकी संपत्ति में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बंदरगाह से लेकर ऊर्जा समेत विभिन्न कारोबार से जुड़े अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी 81 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनकी संपत्तियां 153 प्रतिशत बढ़ीं। हुरुन की अमीरों की सूची के अनुसार, पिछले 10 साल में अंबानी की संपत्ति 400 प्रतिशत, जबकि अडाणी की 1,830 प्रतिशत बढ़ी है।

एचसीएल के शिव नडार 28 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ भारतीय अमीरों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इसके बाद क्रमशः सीरम इंस्टिट्यूट के साइरस पूनावाला (26 अरब अमेरिकी डॉलर) और इस्पात क्षेत्र के दिग्गज लक्ष्मी निवास मित्तल (25 अरब डॉलर) का स्थान है। एम3एम हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट ने एक बयान में कहा कि दुनिया के अमीरों की सूची में 59 साल के गौतम अडाणी की संपत्ति सबसे ज्यादा बढ़ी है। उन्होंने पिछले साल अपनी संपत्ति में 49 अरब डॉलर जोड़े। उनकी संपत्ति शुद्ध रूप से दुनिया के शीर्ष तीन सबसे अधिक अमीर उद्योगपतियों... एलन मस्क, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्तियों से अधिक बढ़ी है। नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन की सूचीबद्धता के बाद अडाणी की संपत्ति में कई गुना का इजाफा हुआ है।

अंबानी की संपत्ति 2021 में 20 अरब डॉलर बढ़ी है। नायका की संस्थापक फाल्गुनी नायर 7.6 अरब डॉलर के साथ हुरुन की अमीरों की सूची में शामिल होने वाली सबसे अमीर नई सदस्य हैं। बयान के अनुसार, 2022 एम3एम हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में 69 देशों की 2,557 कंपनियों के 3,381 अरबपतियों को शामिल किया गया है। हुरुन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि भारत न केवल अरबपतियों की संख्या के आधार पर, बल्कि उन अमीरों की संख्या के मामले में भी तीसरे स्थान पर है, जिन्होंने अपनी संपत्ति में कम से कम एक अरब डॉलर जोड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत और दुनिया के ज्ञात अरबपतियों का 8 प्रतिशत है। यह पांच साल पहले 4.9 प्रतिशत था। भारत में अरबपतियों की संख्या 215 है जबकि चीन में यह 1,133 तथा अमेरिका में 716 है। 2022 की सूची में अडाणी ने सर्वाधिक संपत्ति जोड़ी। उसके बाद क्रमशः गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन तथा लक्जरी सामान से जुड़े समूह एलवीएमएस के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बर्नार्ड अर्नाल्ट (39 अरब अमेरिकी डॉलर जोड़े) का स्थान है।

## टाटा स्टारबक्स छह शहरों में हवाईअड्डों पर आठ नए स्टोर खोलेगी

भाषा। नई दिल्ली

**टाटा स्टारबक्स** ने बुधवार को कहा कि देश में अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उसकी योजना छह शहरों में हवाईअड्डों पर आठ नए स्टोर खोलने की है। टाटा कंज्यूमर और स्टारबक्स कॉरपोरेशन के बीच 50-50 प्रतिशत भागीदारी वाले संयुक्त उपक्रम टाटा स्टारबक्स ने एक बयान में कहा कि नए स्टोर बेंगलुरु, भुवनेश्वर, गोवा, गुवाहाटी, जयपुर और लखनऊ में खोले जाएंगे। टाटा स्टारबक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुशांत दास ने कहा, दिसंबर से जनवरी के बीच हमने छह नए बाजारों में कदम रखा, जो विस्तार की सबसे बड़ी कवायद थी। अब हवाईअड्डों पर आठ नए स्टोर खोले जाएंगे जो भारत में अपने ब्रांड और कारोबार को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टाटा स्टारबक्स के अभी देश के 26 शहरों में 258 स्टोर हैं।

## क्विक न्यूज

### फरवरी में निजी इक्विटी-उद्यम पूंजी निवेश दोगुना होकर 5.8 अरब डॉलर पर : रिपोर्ट

**मुंबई।** निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी निवेश फरवरी, 2022 में बढ़कर 5.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। फरवरी, 2021 की तुलना यह दोगुना रहा है। इस दौरान मुख्य निवेश स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में आया है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उद्योग के लिए काम करने वाली आईवीसीए और परामर्शक कंपनी ईवाई की मासिक रिपोर्ट के अनुसार निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी निवेश फरवरी, 2022 में उछलकर 5.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो फरवरी 2021 में 2.5 अरब डॉलर पर था। इसके अलावा फरवरी में सौदों की मात्रा 33 फीसदी बढ़कर 117 पर पहुंच गई, लेकिन जनवरी, 2022 की तुलना में चार प्रतिशत कम है। तब सौदों की मात्रा 122 पर थी। इस दौरान 4.4 अरब डॉलर के 17 बड़े सौदे हुए। वही कुल निवेश का लगभग आधा यानी 2.5 अरब डॉलर स्टार्टअप क्षेत्र को मिला। प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने 2022 में अधिकतम निवेश प्राप्त करना जारी रखा, जबकि उभरते हुए वित्त प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के लिहाज से पिछले महीने उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### आरआईएनएल की संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकक नियुक्त करेगी सरकार, बोलियां मांगीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) के निजीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इसकी संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए कंपनियों से निविदाएं आमंत्रित की है। मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 27 जनवरी को आरआईएनएल में सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। आरआईएनएल को विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र या विजाग स्टील भी कहा जाता है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने आरआईएनएल की संपत्तियों का मूल्यांकन करने और इसके रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया में मदद के लिए एक संपत्ति मूल्यांकक की नियुक्ति के लिए 11 मार्च को अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) निकाला था। मूल्यांकक भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के पास पंजीकृत होना चाहिए।

### कार के इंजन में पानी घुसने पर होने वाली खराबी के लिए कवर उपलब्ध कराएगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने हाइड्रोस्टैटिक लॉक (इंजन में पानी घुस जाने) और मिलावटी ईंधन के कारण इंजन के खराब या बंद हो जाने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों को एक विशेष कवर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। घरेलू बाजार की सबसे बड़ी कार कंपनी ने ग्राहकों के साथ अपनी बिक्री के बाद की सेवा (ऑफ्टर-सेल्स सर्विस) को और मजबूत करने के अपने प्रयासों के तहत ग्राहक सुविधा पैकेज (सीसीपी) पेश किया है। इस पैकेज के तहत वाहनों के इंजन में पानी घुसने या गलत या मिलावटी ईंधन से हुए नुकसान को कवर किया जाएगा। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (सेवा) पार्थो बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सड़कों पर भारी जलभराव और मिलावटी ईंधन के कारण इंजन के बंद या खराब होने की घटनाओं में पिछले कुछ वर्षों के दौरान वृद्धि देखी गई है। ऐसी स्थिति में ग्राहकों को अब घबराने की जरूरत नही है।

### फुल ईयर पाठ्यक्रम

**नई दिल्ली।** अमेजन अकादमी ने आज कक्षा 10 से कक्षा 11 और कक्षा 11 से कक्षा 12 में जाने वाले छात्रों के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में फुल ईयर नीट और जेईई अल्टीमेट पैक शुरू करने की घोषणा की है। साल भर के इस पाठ्यक्रम को छात्रों को समग्र तैयारी प्रदान कर प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च अंक हासिल करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। जिसमें लाइव कक्षाएं, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और डेटा एनालिटिक्स समर्थित शिक्षण शामिल हैं। पाठ्यक्रम उच्च श्रेणी के विशेषज्ञ शिक्षकों, जिन्होंने पूर्व में टॉप रैंकर्स को पढ़ाया है के द्वारा अमेजन अकादमी में एक शोध.आधारित संशोधन कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया जाता है। पाठ्यक्रम 28 मार्च 2022 से शुरू होगा।

### साइबर अपराधियों ने सहकारी बैंक को लगाया डेढ़ करोड़ का चूना

**ठाणे।** साइबर अपराधियों ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली शहर में एक सहकारी बैंक को उसके सर्वर में सेंध लगाकर 1.51 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। अज्ञात हैकरों ने 12 मार्च को बैंक का सर्वर हैक कर लिया और डेटा के साथ छेड़छाड़ की। उन्होंने 1,51,96,854 रुपए इधर-उधर कर दिए। उसने बताया कि मानपाड़ा थाने में इस बाबत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धारा और सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 65 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और अभी तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नही किया गया है।

# रिलायंस से अपनी दुकानें वापस लेने को प्रतिबद्ध, जरूरी कदम उठाएंगे: फ्यूचर रिटेल

**नई दिल्ली।** किशोर बियानी की अगुवाई वाली फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) ने बुधवार को कहा कि वह रिलायंस रिटेल से अपने स्टोर वापस लेने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरत के अनुसार मूल्य समायोजन को लेकर आवश्यक सभी कार्वाई करेगी। कंपनी ने यह भी कहा कि रिलायंस समूह का उसकी दुकानों का अधिग्रहण उसके लिए अचंभित करने वाला कदम है। एफआरएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी दुकानों को कब्जे में लेने के कदम ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के दिसंबर, 2021 के आदेश के बाद बने सकारात्मक परिदृश्य को जटिल बना दिया है। कंपनी ने कहा, एफआरएल और उसका निदेशक मंडल रिलायंस समूह द्वारा मूल्य समायोजन और अधिग्रहीत की गई दुकानों (पट्टों) को वापस लेने के लिए आवश्यक सभी कार्वाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एफआरएल और उसका निदेशक मंडल एक व्यवहारिक समाधान पर पहुंचने के लिए कदम उठा रहा है जो सभी संबंधित पक्षों के हित में होगा।

रिलायंस रिटेल ने फरवरी की शुरुआत में एफआरएल की कम-से-कम 300 दुकानों के परिचालन को अपने नियंत्रण में ले लिया था और उसके कर्मचारियों को नौकरी की पेशकश की थी। बियानी समूह के दुकान मालिकों को किराया भुगतान नहीं करने के बाद रिलायंस रिटेल ने यह कदम उठाया था। एफआरएल के अनुसार, कंपनी और उसके निदेशक मंडल ने रिलायंस समूह के इस कदम पर कड़ी आपत्ति जताई थी तथा रिलायंस समूह को नोटिस देकर पिछले कुछ दिनों में उसके द्वारा उठाए गए कदमों पर पुनर्विचार करने को कहा था। कंपनी के निदेशक मंडल ने रिलायंस समूह को यह भी सूचित किया कि बुनियादी ढांचा, माल भंडार आदि समेत एफआरएल से संबंधित संपत्तियां इन दुकानों के अंदर पड़ी है। इसे एफआरएल के कर्जदाताओं के पक्ष में सुरक्षित रखा जाए।

उसने कहा, निदेशक मंडल ने रिलायंस समूह से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि सुरक्षित संपत्तियों का कब्जा हस्तांतरित नहीं किया जाए और कर्जदाताओं के लाभ के लिए उसे सुरक्षित रखा जाए। एफआरएल ने यह भी कहा कि कई मीडिया रिपोर्ट और अमेजन के सार्वजनिक नोटिस में गलत जानकारी दी गई है कि कंपनी ने अपनी खुदरा संपत्तियां रिलायंस को सौंप दी है और यह मध्यस्थता न्यायाधिकरण एसआईएसी (सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र) तथा उच्चतम न्यायालय के आदेशों के खिलाफ है। उसने कहा, इस प्रकार की सूचना पूरी तरह से गलत और तथ्यों से परे है। एफआरएल ने कहा, कंपनी ने अपनी दुकानें रिलायंस समूह को नहीं सौंपी हैं। इसके उलट एफआरएल के निदेशक मंडल ने दो बैठकों कीं और रिलायंस समूह से कहा कि दुकानों का एकतरफा तरीके से अधिग्रहण अचंभित करने वाला कदम है।

## विदेश व्यापार नीति को 31 मार्च से आगे बढ़ा सकता है वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय मौजूदा विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) को इस साल 31 मार्च से आगे बढ़ा सकता है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल सितंबर में सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण विदेश व्यापार नीति 2015-20 को 31 मार्च, 2022 तक बढ़ा दिया था। मौजूदा नीति एक अप्रैल, 2015 से लागू हुई थी। विदेश व्यापार नीति भारत में आयात और निर्यात के लिए दिशानिर्देश प्रदान करती है। मंत्रालय प्रत्एक पांच साल में नीति की घोषणा करता है। अधिकारी ने बताया कि नई नीति के लिए विचार-विमर्श की प्रक्रिया के तहत मंत्रालय विभिन्न पक्षों के साथ कई बैठकें कर चुका है। विभिन्न अधिकारियों के साथ तालमेल के लिए भारत सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी की निगरानी में एक अलग विदेश व्यापार नीति प्रकोष्ठ बनाया गया है। देश का वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में 374.81 अरब डॉलर रहा है।

# सरसों का उत्पादन 29 प्रतिशत बढ़कर 109.5 लाख रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग के निकाय सीओओआईटी ने फसल वर्ष 2021-22 के रबी सत्र में देश का सरसों का उत्पादन 29 प्रतिशत बढ़कर 109.50 लाख टन पर पहुंचने का अनुमान लगाया है। रबी (जाड़े के मौसम) सत्र में उगाए जाने वाले सरसों दाना (तिलहन) का उत्पादन पिछले वर्ष 85 लाख टन हुआ था। सीओओआईटी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि केंद्रीय तेल उद्योग और व्यापार संगठन (सीओओआईटी) ने अपने 42वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान सरसों के उत्पादन के अनुमानों को अंतिम रूप दिया। यह सम्मेलन 12-13 मार्च को राजस्थान के भरतपुर में आयोजित किया गया था।

सीओओआईटी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 में सरसों का उत्पादन 109.5 लाख टन होने का अनुमान है। सरसों खेती का रकबा 87.44 लाख हेक्टेयर आंका गया है, जबकि औसत उपज 1,270 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होने का अनुमान लगाया गया है। सीओओआईटी के अध्यक्ष सुरेश नागपाल ने कहा, हमने पूरे भारत में विभिन्न टीमों द्वारा व्यापक क्षेत्र का दौरा करने के बाद इस रबी सत्र में सरसों के उत्पादन के अनुमान को अंतिम रूप दिया है। सरसों का उत्पादन रिकॉर्ड 109.5 लाख टन तक बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरसों के उत्पादन में संभावित वृद्धि को देखते हुए सरसों तेल का उत्पादन भी अधिक होगा। उन्होंने कहा कि इससे देश के कुल खाद्य तेल आयात में कमी आ सकती है। नागपाल ने कहा, किसानों ने इस रबी सत्र के दौरान सरसों की फसल का रकबा बढ़ाया है क्योंकि उन्हें पिछले साल की फसल से बेहतर कीमत मिली है। सरसों दाना, रबी के मौसम में ही उगाया जाता है। इसकी बुवाई अक्टूबर से शुरू होती है।

# पेज एक का शेष

इस माह...

जल्दी पीछे हटाने, तनाव को बढ़ाने वाली कार्रवाई से बचने, सीमा प्रबंधन पर सभी समझौतों और प्रोटोकॉल का पालन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बहाल करने के कदम जैसे उपाय शामिल थे। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने पिछले साल जुलाई में ताजिकिस्तान के राजधानी शहर दुशांबे में एससीओ की एक अन्य बैठक के इतर द्विपक्षीय बैठक भी की थी, जिसमें सीमा रेखा पर ध्यान केंद्रित किया गया था। वे सितंबर में दुशांबे में फिर मिले। भारत लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले हफ्ते विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने इस पर फिर जोर दिया था। श्रृंगला ने कहा था कि हमने चीन को स्पष्ट कर दिया है कि हमारे संबंधों के विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति आवश्यक है। भारत-चीन संबंधों का विकास तीन पारस्परिक आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और हित पर आधारित होना चाहिए।

आगे की...

के बाद भी जी 23 समूह के नेता बार-बार बैठकें करके पार्टी को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी कांग्रेस में कोई भी पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को कमजोर नहीं कर सकता तथा पार्टी के सभी लोग उनके साथ हैं। जी 23 के नेताओं की इस बैठक से तीन दिन पहले गत रविवार को सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई थी जिसमें पार्टी नेताओं ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में विश्वास जताया था और उनसे आग्रह किया था कि वह कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं के इस समूह ने अपनी सक्रियता उस वक्त बढ़ाई है जब पार्टी को हालिया विधानसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा।

पूर्व रक्षा...

कड़ा विरोध किया था, लेकिन जब त्यागी प्रमुख बने तो उन्होंने इसकी सिफारिश की। सीबीआई के अनुसार, यह कथित तौर पर फिनमेकेनिका और अगस्ता वेस्टलैंड के शीर्ष अधिकारियों के इशारे पर किया गया था, जिन्होंने तीन बिचौलियों- क्रिश्चियन मिशेल, गुइडो हाश्के और कार्लोस गेरोसा की सेवाएं ली थी। इन बिचौलियों ने त्यागी और उनके रिश्तेदारों राजीव, संदीप और जूली को कथित रूप से रिश्वत दी थी। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि मिशेल की फर्म ने 3,600 करोड़ रुपए के सौदे को अपने पक्ष में करने के लिए कंपनियों से लगभग 42.27 मिलियन यूरो, सौदे की राशि का लगभग सात प्रतिशत प्राप्त किया। रिश्वत कथित तौर पर मिशेल और एक वकील, गौतम खेतान की कंपनियों के माध्यम से, कई अनुबंधों के जरिए उन्हें भेजा गया था। मामले में पहला आरोप पत्र सितंबर 2017 में पूर्व वायुसेना प्रमुख त्यागी और अन्य के खिलाफ दायर किया गया था। इसके बाद सितंबर 2020 में मिशेल और अन्य के खिलाफ एक और आरोप पत्र दायर किया गया।

ओआरओपी नीतिगत...

पृष्ठभूमि, मांग का कारण, संसदीय समिति के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती है, जिसने सशस्त्र बलों से संबंधित कर्मियों के लिए ओआरओपी को अपनाने का प्रस्ताव रखा था और इसके अलावा, रिपोर्ट को सरकारी नीति के एक बयान के रूप में नहीं माना जा सकता है।

शपथ लेकर...

मंच और मंच के सामने बड़ी संख्या में उपस्थित लोग पीले (बसंती) रंग की पगड़ी में नजर आए। बसंती रंग को अक्सर भगत सिंह के बलिदान से जोड़ा जाता है। आम आदमी पार्टी दिल्ली के बाद दूसरे राज्य में सत्ता में आई है। पंजाब में पार्टी ने 117 में से 92 सीटों पर जीत हासिल की है। अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार के मंत्री भी कार्यक्रम में पीली पगड़ी पहने नजर आए। आप के नवनिर्वाचित विधायक भी कार्यक्रम में पहुंचे थे। मान की बेटी 21 वर्षीय सीरत मान और 17 वर्षीय बेटे दिलशान मान समारोह में शामिल होने अमेरिका से यहां पहुंचे थे। मान का 2015 में पत्नी से अलगाव होने के बाद दोनों बच्चे अपनी मां के साथ रहने चले गए थे। मान के सीएम बनने पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनाइक ने भी मान को शुभकामनाएं दीं। पटियाला की सांसद परनीत कौर ने भी मान को बधाई दी। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने ट्वीट किया कि मैं पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर भगवंत मान को बधाई देता हूं। मान को बधाई देने वालों में गिद्दड़बाहा कांग्रेस विधायक अमरिंदर सिंह राजा वारिंग और पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता मनप्रीत सिंह बादल भी शामिल हैं। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बुधवार को कहा कि उनको भगवंत मान के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था।

हिजाब मामले...

इसे सूचीबद्ध करेंगे। हमें वक्त दीजिए। मामले में उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के आदेश के खिलाफ कुछ याचिकाएं दायर की गई हैं। उच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत हिजाब पहनना इस्लाम धर्म में आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। उच्च न्यायालय ने कक्षाओं में हिजाब पहनने की अनुमति मांगने वाली उडुपी में गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं के एक वर्ग की याचिकाएं खारिज कर दी थीं। उसने कहा कि स्कूल की वर्दी का नियम एक उचित पाबंदी है और संवैधानिक रूप से स्वीकृत है, जिस पर छात्राएं आपत्ति नहीं उठा सकतीं।

असम में...

को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जीएमसीएच के अधीक्षक अभिजीत शर्मा ने कहा कि आरोपी को तड़के करीब एक बजे अस्पताल लाया गया, जिसके शरीर में चार गोलियां लगी थीं। शर्मा ने कहा, जब उसे यहां लाया गया तो उसकी धड़कन नहीं थी। हमने उसके शव को मुर्दाघर में रख दिया है और पोस्टमार्टम के बाद उसके परिवार को सौंप देंगे। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपी के हमले में दो महिला पुलिसकर्मी घायल हुई हैं, लेकिन वे अब खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि लड़की की मां द्वारा आठ मार्च को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद से फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को कामरूप जिले के दामपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि गुवाहाटी के एक होटल में 16 फरवरी को 15 साल की एक किशोरी के साथ पांच लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था। आरोपियों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया था और उसे लीक करने की धमकी दे रहे थे। विशेष पुलिस महानिदेशक सिंह ने कहा कि एक अन्य घटना में आरोपी ने 10 मार्च को उदलगुरी जिले के एक चाय बागान में आठ साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी।

मुठभेड़ में...

बाद बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने कहा, आतंकवादियों की पहचान शोपियां के आदिल तेली और साकिब तांत्रे के तौर पर हुई है। तीसरा आतंकवादी शायद उमर तेली है। हमने पहचान के लिए उनके परिवार को बुलाया है। ए तीनों लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय आतंकवादी थे। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 और दो बंदूक बरामद हुई हैं। आईजीपी ने बताया कि ए तीनों शहर के खोनमोह इलाके में नौ मार्च को हुई एक सरपंच की हत्या में शामिल थे। वे पंचायती राज संस्था के सदस्यों और संरक्षित लोगों पर हमले करते थे। कुमार ने कहा, यह अभियान पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। हमने बडगाम में प्रादेशिक सेना के एक जवान सहित केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों एवं सरपंचों आदि की हालिया हत्याओं में शामिल सभी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

सड़क हादसे...

और जल्द ही देश भर में विश्व बैंक की मदद से 7,500 करोड़ रुपए की एक योजना लागू की जाएगी। गडकरी ने सड़क इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में सुधार किए जाने के साथ ही जागरूकता व नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेघालय और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने सड़क दुर्घटनाओं को लगभग 50 फीसदी तक कम करने में सफलता प्राप्त की है, जबकि दादरा और नगर हवेली और नगालैंड आदि में दुर्घटनाओं में क्रमशः 47 और 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के मामले में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र जैसे राज्यों का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और इसमें सुधार किए जाने की जरूरत है।

# जेलेंस्की ने अमेरिकी संसद से की और मदद की अपील

## ● कहा, रूसियों पर और अधिक आर्थिक प्रतिबंध लगाएं, आय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण शांति है

एपी। वाशिंगटन

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई में अमेरिकी संसद से और अधिक मदद की अपील करते हुए पर्ल हार्बर और 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमलों का बुधवार को जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि उनके देश के ऊपर उड़ान वर्जित क्षेत्र की घोषणा संभव नहीं हो सकती है।

अमेरिकी संसद भवन परिसर में सीधे प्रसारण वाले अपने संबोधन में जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका को रूसी सांसदों पर अवश्य ही प्रतिबंध लगा देना चाहिए और रूस से आयात रोक देना चाहिए। साथ ही, उन्होंने अपने देश में युद्ध से हुई तबाही और विनाश का एक मार्मिक वीडियो सांसदों से खचाखच भरे एक सभागार में दिखाया। जेलेंस्की ने कहा, हमें अब आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं आपसे और अधिक (मदद करने) की अपील करता हूं। उन्होंने रूसियों पर और अधिक आर्थिक प्रतिबंध लगाने की अपील करते हुए कहा, आय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण शांति है। उनके संक्षिप्त संबोधन के पहले और बाद में सांसदों ने अपनी सीट पर खड़े होकर उनका अभिनंदन किया। जेलेंस्की ने अपने संबोधन की शुरूआत यूक्रेनी भाषा में एक दुभाषिए के जरिए की, लेकिन फिर उन्होंने रक्तपात को खत्म करने में मदद के लिए अंग्रेजी में एक भावुक अपील की। उन्होंने कहा, यदि मौतें नहीं रोकी जा सकती तो मैं जीवन का कोई महत्व नहीं देखता हूं। जेलेंस्की इसके बाद अब स्पेन की संसद को भी



संबोधित कर सकते हैं। करीब तीन हफ्ते पहले युद्ध शुरू होने के बाद से जेलेंस्की विश्व के देशों की संसदों का उपयोग अपने देश पर रूस के विनाशकारी हवाई हमलों को रोकने में सहयोगी नेताओं से मदद मांगने में कर रहे हैं। बाइडन प्रशासन ने उड़ान वर्जित क्षेत्र या यूक्रेन के पड़ोसी पोलैंड से लड़ाकू विमान उपलब्ध कराना रोक दिया है क्योंकि रूस के साथ अमेरिका कोई सीधा टकराव मोल लेने से बचना चाहता है। जेलेंस्की ने अमेरिकी नागरिकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि यूक्रेन मदद करने को लेकर आभारी है, विशेष रूप से बाइडन का। साथ ही, उन्होंने बाइडन से और अधिक मदद करने के लिए अपने पद का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आप एक राष्ट्र के नेता हैं। मैं कामना करता हूं कि आप विश्व के नेता बनें। विश्व का नेता बनने का मतलब शांति का अग्रदूत बनना होगा।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, जेलेंस्की के संबोधन के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन भी अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे, जिसमें उनके द्वारा यूक्रेन को 80 करोड़ डॉलर की सुरक्षा सहायता की घोषणा करने की उम्मीद है। इसके साथ ही, केवल पिछले हफ्ते घोषित की गई कुल राशि बढ़ कर एक अरब डॉलर हो जाएगी।

अधिकारी ने बताया कि इसमें बख्तरबंद रोधी और वायु-रक्षा हथियारों के लिए धन शामिल हैं। अब सेना की हरी पोशाक में नजर आ रहे जेलेंस्की इस युद्ध के केंद्र में एक नायक के रूप में उभरे हैं, जिसे कई देश द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप के लिए सबसे बड़े खतरे के तौर पर देख रहे हैं। करीब 30 लाख शरणार्थी यूक्रेन से पलायन कर गए हैं, जो आधुनिक काल में सबसे तेजी से होने वाला पलायन है। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में संबोधन के दौरान विंस्टन चर्चिल और हैमलेट का जिक्र किया था। उन्होंने मंगलवार को कनाडा की संसद और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो को प्रिय जस्टिन संबोधित करते हुए अपील की। जेलेंस्की ने युद्ध शुरू होने पर यूरोपीय संघ के नेताओं से यूक्रेन की सदस्यता पर शीघ्रता से काम करने को कहा था और उन्होंने अपने युवा लोकतंत्र को बचाने के लिए और अधिक मदद की गुहार लगाई थी।

बाइडन ने जोर देते हुए कहा था कि अमेरिकी सैनिक यूक्रेन में जमीन पर नहीं उतरेंगे और लड़ाकू विमानों के लिए जेलेंस्की के अनवरत अनुरोध को बहुत जोखिम भरा बताया, जो संभवत: परमाणु हथियारों से लैस रूस के साथ सीधा टकराव मोल लेना होगा। बाइडन ने हाल में कहा था, नाटो और रूस के बीच सीधा टकराव तृतीय विश्व युद्ध होगा।

## कूटनीतिक प्रयासों के बीच यूक्रेन की रक्षापंक्ति को कुचलने के प्रयास में रूसी बल

एपी। कीव

**रूस** के सैन्य बलों ने बुधवार को यूक्रेन के राजधानी क्षेत्र और अन्य प्रमुख शहरों में भारी गोलाबारी कर यूक्रेनी रक्षा पंक्ति को कुचलने की कोशिश की जो लगभग तीन हफ्तों बाद भी रूस के लिए चुनौती बनी हुई है। लगातार बमबारी के बावजूद कीव की जमीन पर रूसी सेना की प्रगति रुकी हुई है। इस बीच आशा की एक किरण उभरी है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता में प्रगति हो सकती है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि बातचीत जारी रहेगी और युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस की मांग अधिक यथार्थवादी होती जा रही है। रूस ने कीव के आसपास और शहर के भीतर के इलाकों में गोले बरसाए, जिसकी चपेट में आने के बाद 12 मंजिला एक अपार्टमेंट की इमारत आग की लपटों में घिर गई। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना यूक्रेनी क्षेत्र में ज्यादा अंदर पहुंचने में असमर्थ रही है लेकिन उसने शहरों पर भारी गोलाबारी जारी रखी है। ब्रिटिश और अमेरिकी खुफिया आकलन ने लड़ाई के बारे में यूक्रेनी नेता के दृष्टिकोण का समर्थन किया। उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने वीडियो संदेश में कहा, प्रयासों की अब भी आवश्यकता है, संयम बरतने की जरूरत है। कोई भी युद्ध समझौते से ही खत्म होता है।

पेंटागन के आकलन पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि रूसी कीव के अंदर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के लिए लंबी दूरी के प्रक्षेपास्त्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन उनकी जमीनी सेना देश भर में बहुत कम या कोई प्रगति नहीं कर पा रही। अधिकारी ने कहा कि रूसी सैनिक अब भी राजधानी के केंद्र से लगभग 15 किलोमीटर (9 मील) दूर हैं। इस बीच जेलेंस्की बुधवार को अमेरिकी संसद को सीधे संबोधित करने की तैयार कर रहे हैं। उधर ब्रसेल्स में नाटो के सदस्य राष्ट्रों के रक्षा मंत्री भी बुधवार को बैठक करेंगे। राजनयिक मोर्चे पर और जमीन पर भी घटनाक्रम आगे बढ़े हैं और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप की सबसे भारी लड़ाई के बीच यूक्रेन से निकलने वाले लोगों की संख्या 30 लाख से अधिक हो गई। कीव की आपात एजेंसी द्वारा जारी एक बयान और तस्वीरों के अनुसार, बुधवार को मध्य कीव में 12 मंजिला अपार्टमेंट पर बम गिरने से उसकी ऊपरी मंजिल को नुकसान पहुंचा और आग लग गई, जिससे क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया। बगल की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। एजेंसी ने दो पीड़ितों की सूचना दी, हालांकि यह नहीं बताया कि वे घायल हुए या मारे गए। कीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेक्सी कुलेबा ने बुधवार को कहा कि रूसी सैनिकों ने कीव के उपनगरों में लड़ाई तेज कर दी है, विशेष रूप से उत्तर पश्चिम में बुका शहर के आसपास और ज़ाइटॉमिर की ओर पश्चिम की ओर जाने वाले राजमार्ग के आसपास। उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक राजधानी कीव की परिवहन व्यवस्था को ध्वस्त करने और रसद पहुंचाने की क्षमताओं को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वे कीव पर कब्जा करने के लिए व्यापक हमले की योजना बना रहे हैं। कीव के आसपास के 12 शहरों में पानी और बिजली के अलावा गैस की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। भारी गोलीबारी के कारण पूरे कीव क्षेत्र में बच्चों के स्कूलों, संग्रहालयों, चर्चों, रिहायशी क्षेत्रों और अन्य इमारतों को खाली करा लिया गया है। मध्यरात्रि के आसपास रूसी युद्धपोतों ने ओडेसा के दक्षिण में तुजला के पास यूक्रेनी समुद्री तट पर मिसाइलों और गोले दागकर हमला किया। यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय के सलाहकार एंटोन गेराशचेंको ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में रात में जोरदार धमाका हुआ। यहां के अस्पताल के कर्मचारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को दो मोर्चों पर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। एक तरफ देश में युद्ध छिड़ा हुआ है जबकि दूसरी तरफ इन लोगों को देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण भी चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करना पड़ रहा है।

# यूक्रेन के साथ वार्ता आगे बढ़ रही: रूस

एपी। कीव

**रूस** के सैन्य बलों के यूक्रेन के राजधानी क्षेत्र और अन्य प्रमुख शहरों में जारी हमलों के बीच दोनों देश बुधवार को अगले दौर की प्रस्तावित वार्ता के लिए आशान्वित नजर आए। लगातार बमबारी के बावजूद कीव की तरफ सैन्य काफिला के बढ़ने की गति कुछ थमने के बीच दोनों पक्षों ने कहा है कि वार्ता में प्रगति हो रही है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए एक तटस्थ सैन्य स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की जा रही है , जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने युद्ध को समाप्त करने की रूस की मांगों को अधिक यथार्थवादी बताया। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन के भीतरी क्षेत्र तक जाने में असमर्थ रही है, लेकिन मारियुपोल सहित शहरों की भारी गोलाबारी जारी है।

जेलेंस्की ने कहा है कि उनके देश को पता है कि वह नाटो में शामिल नहीं हो सकता। रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने जेलेंस्की के बयान का स्वागत किया और कहा कि व्यापार जैसी भावना वार्ता में उभरने लगी है जो उम्मीद बंधाती है कि हम इस मुद्दे पर सहमत हो सकते हैं। लावरोव ने बुधवार को रूसी चैनल आरबीके टीवी से कहा, सुरक्षा गारंटी के संबंध में तटस्थ स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा, ऐसे फार्मूला हैं जिसपर मेरे विचार से सहमति बन सकती है। रूसी वार्ताकार व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा, यूक्रेन की सेना के आकार से जुड़े मुद्दों के संबंध में चर्चा की जा रही है। राजनयिक वार्ता की सफलता काफी अनिश्चित है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मायखाइलो पोडोलीक ने रूसी दावों का खंडन किया कि यूक्रेन स्वीडन या ऑस्ट्रिया की तुलना में तटस्थता के एक मॉडल को अपनाने के लिए खुला है।

## अमेरिकी सीनेट में युद्ध अपराधों के लिए पुतिन की जांच कराने वाला प्रस्ताव पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने यूक्रेन पर हमले को लेकर युद्ध अपराधों के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके प्रशासन की जांच कराने की मांग करने वाले एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। सीनेटर लिंडसे ग्राहम के प्रस्ताव में कहा गया है कि सीनेट पुतिन के निर्देश पर रूसी सैन्य बलों द्वारा किए जा रहे मानवता के खिलाफ हिंसा, युद्ध अपराधों, अपराधों की कड़ी निंदा करती है। यह प्रस्ताव संभावित युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालतों को पुतिन, उनकी सुरक्षा परिषद और सैन्य नेताओं की जांच कराने के लिए प्रेरित करता है। सीनेट में बहुसंख्यक नेता चक शूमर ने कहा, इन अत्याचारों की युद्ध अपराधों के तौर पर जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी संसद में दोनों दलों के सांसदों ने यूक्रेन में रूस के युद्ध के खिलाफ एकजुटता दिखाई है। सीनेट में इस प्रस्ताव को मंगलवार को निर्विरोध पारित कर दिया गया।



रूस के साथ चल रहे युद्ध में शहीद हुए कर्नल वेलेरी गुड्ज को बोरिस्पिल में श्रद्धांजलि देते यूक्रेन के सैनिक

# रूस के संबंध में चीन के निर्णयों पर कड़ी नजर रखी जाएगी: अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

व्हाइट हाउस ने कहा है कि रूस के संबंध में चीन जो भी फैसला करेगा, उस पर दुनिया की नजर होगी। अमेरिका का यह बयान उन खबरों के बीच आया है, जिसमें दावा किया गया है कि चीन, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैन्य या आर्थिक मदद करने की कोशिश कर रहा है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मंगलवार को एक सवाल के जवाब में कहा, हम करीबी नजर बनाए हुए हैं। दुनिया की भी इस पर करीबी नजर है। हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार इसको लेकर स्पष्ट हैं। अगर वे हमारे प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हैं तो इसके परिणाम भुगतने होंगे। साकी ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चीन जो निर्णय लेता है उस पर दुनिया की नजर होगी, लेकिन किसी भी संभावित प्रभाव या परिणाम के संदर्भ में, हम इसे व्यक्तिगत राजनयिक माध्यमों पर छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अपने चीनी समकक्ष के साथ लंबी बातचीत के दौरान हमारी एक-चीन नीति को दोहराया, साथ ही ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की बलपूर्वक एवं उकसावे वाली कार्वाइयों को लेकर हमारी चिंताओं को भी रेखांकित किया। प्रेस सचिव ने एक सवाल के जवाब में कहा, कई प्रतिबंध हम पहले ही लगा चुके हैं और निश्चित रूप से हम देखते हैं कि क्या प्रतिबंधों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। हम यह भी देखते हैं कि क्या किसी अन्य देश ने सैन्य आक्रमण के लिए सहयोग प्रदान किया है। आज मेरे पास आपके समक्ष प्रस्तुत करने के लिए ऐसा कोई आकलन नहीं है। यह पूछे जाने पर कि यदि चीन युद्ध में रूस को सैन्य या आर्थिक मदद करता हुआ पाया जाता है, तो इसके जवाब में क्या कार्वाई की जाएगी। इस पर साकी ने कहा कि अमेरिका सीधे चीन और चीनी नेतृत्व के साथ इस संबंध में बातचीत करेगा, मीडिया के माध्यम से नहीं। उन्होंने कहा, मैं ध्यान दिलाना चाहूंगी कि हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कल अपनी बैठक में परिणामों को लेकर बेहद स्पष्ट थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका करीबी नजर बनाए है और यह भी कहा कि सिर्फ अमेरिका ही ऐसा नहीं कर रहा है। चीन जो भी फैसला करेगा, उस पर दुनिया की नजर है।

## जॉनसन ने रूस पर तेल, गैस की निर्भरता खत्म करने का आह्वान किया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन पर युद्ध के विरोध में रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने और उसके तेल एवं गैस निर्यात पर निर्भरता खत्म करने के अभियान की घोषणा की है। इस कवायद के तौर पर वह बुधवार को खाड़ी क्षेत्र की यात्रा आरंभ करेंगे। जॉनसन का अबू धाबी और रियाद में ऊर्जा, क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवीय राहत पर वार्ता के लिए नेताओं से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। डाउनिंग स्ट्रीट ने इस वार्ता को यूक्रेन में संकट पर वैश्विक कार्वाई प्रेरित करने के लिए ब्रिटेन की कोशिश बताई है। नेताओं के रूस-यूक्रेन संकट के बीच ऊर्जा सुरक्षा में सुधार लाने और वैश्विक ऊर्जा एवं खाद्य कीमतों में अस्थिरता कम करने के प्रयासों पर चर्चा करने की संभावना है। जॉनसन ने यात्रा से पहले कहा, राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन पर जो क्रूर और बिना उकसावे का हमला किया है, उसके दुनियाभर, यूरोप की सीमाओं के बाहर भी दूरवर्ती परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, ब्रिटेन नई वास्तविकता से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बना रहा है। दुनियाभर को हाइड्रोकार्बन और तेल एवं गैस के लिए रूस पर निर्भरता कम करनी चाहिए। इस प्रयास में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अहम अंतरराष्ट्रीय साझेदार हैं। हम दीर्घकाल में क्षेत्रीय सुरक्षा, मानवीय राहत प्रयास के लिए समर्थन और वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए उनके साथ काम करेंगे। जॉनसन संयुक्त अरब अमीरात में शहजादे मोहम्मद बिन जाएद से बातचीत करेंगे।

## यूरोपीय परिषद ने मानवाधिकार संस्था से रूस को किया बाहर

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय परिषद ने यूक्रेन पर आक्रमण करने के मास्को के अप्रत्याशित कदम को लेकर रूस को महाद्वीप की सबसे महत्वपूर्ण मानवाधिकार संस्था से बुधवार को बाहर कर दिया। परिषद के मंत्रियों की समिति ने एक बयान में कहा, रूसी संघ,26 वर्षों की सदस्यता के बाद आज से यूरोपीय परिषद का सदस्य नहीं माना जाएगा। परिषद के 47 सदस्य देश हैं। यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्वाई की हफ्तों से की जा रही निंदा के आलोक में यह निर्णय लिया गया। इस हफ्ते की शुरूआत में परिषद के विधानमंडल ने रूस को निष्कासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी और आम सहमति से रूस को मानवाधिकार संस्था से बाहर करने का निर्णय किया।

# मृत्युदंड से बच सकता है 9/11 हमले का पाकिस्तानी मास्टरमाइंड: रिपोर्ट

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिकी** अभियोजकों ने पाकिस्तानी आतंकवादी और 9111 हमले के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद और ग्वांतानामो बे हिरासत शिविर में बंद चार अन्य लोगों के साथ एक समझौते पर बातचीत शुरू कर दी है। इस समझौते के परिणामस्वरूप इन कैदियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। मीडिया की एक खबर में यह कहा गया है। अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में कहा गया है कि ऐसा होने से मृत्युदंड की वकालत कर रहे पीड़ितों के परिवारों को निराशा होगी। न्यूयॉर्क में 11 सितंबर, 2001 को आतंकवादी हमले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) के दो टॉवर को निशाना बनाया गया था। हमले में कई भारतीयों सहित लगभग 3,000 लोगों की मौत हो गई थी। अखबार के मुताबिक, जल्द किसी समझौते की उम्मीद नहीं है, लेकिन दोषी की दलीलों से सजा के आजीवन कारावास में बदलने से अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को ग्वांतानामो बे में हिरासत अभियान को समाप्त करने की अपनी योजना को बदलना पड़ सकता है और इसके बजाय इसे कुछ लोगों के लिए एक सैन्य जेल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। खबर के अनुसार, 58 वर्षीय शेख और चार अन्य सह-प्रतिवादियों के लिए अभियोजकों ने वकीलों के साथ बातचीत शुरू कर दी है ताकि एक संभावित समझौते पर बातचीत की जा सके जो मृत्युदंड की संभावना को खत्म कर देगा। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्वांतानामो बे में वर्षों से चल रहे मामले को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। मामला शुरू होने के लगभग एक दशक बाद, सैन्य न्यायाधीश ने मुकदमा आरंभ करने की तारीख निर्धारित नहीं की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान, इस तरह की बातचीत का प्रयास असफल रहा था और आरोपी साजिशकर्ताओं ने मांग की थी कि वे ग्वांतानामो में अपनी सजा काटना चाहते हैं, जहां वे प्रार्थना और समूहों में भोजन कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी कोलोराडो की सुपरमैक्स जेल नहीं जाना चाहते हैं, जहां कैदियों को दिन के 23 घंटे तक एकांतवास में रखा जाता है। मामले में प्रमुख अभियोजक क्लेटन ट्रविट ने रक्षा टीम को लिखा कि वे चर्चा करें कि क्या सभी पांच मामलों के लिए सुनवाई पूर्व समझौता संभव है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि इस मामले में एक मुख्य मुद्दा यह है कि शेख के अलावा कितने अभियुक्त पैरोल की संभावना के बिना आजीवन कारावास की सजा काटेंगे और क्या हमलों में कम भूमिकाओं वाले कुछ अभियुक्तों को छोटी सजा मिलेगी।



विंडसर में ब्रिटेन की महारानी ऐलीजाबेथ द्वितीय कनाडा की नई गवर्नर जनरल मेरी सिमोन का स्वागत करते हुए

# भारत का रूस से रियायती दर पर तेल लेना अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं: व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट** हाउस ने कहा है कि भारत का रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल लेना अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। साथ ही उसने कहा कि देशों को यह विचार करना चाहिए कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच आप कहां खड़ा होना चाहते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले हफ्ते रूस से तेल और गैस के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मंगलवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, किसी भी देश के लिए हमारा संदेश यही है कि हमने जो प्रतिबंध लगाए हैं और अनुशंसित किए हैं, उनका पालन करें।

भारत द्वारा रियायती दर पर कच्चे तेल की रूसी पेशकश को स्वीकार करने की संभावना वाली एक रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर साकी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह उन (प्रतिबंधों) का उल्लंघन होगा। साकी ने कहा, लेकिन इस बात पर गौर करें कि मौजूदा समय के संदर्भ में आप इतिहास में किस तरह दर्ज होना चाहते हैं। रूसी नेतृत्व को समर्थन, एक आक्रमण को समर्थन है, जिसके स्पष्ट रूप से विनाशकारी प्रभाव हैं। भारत ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का समर्थन नहीं किया है और वह सभी हितधारकों से बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाने का लगातार आग्रह कर रहा है।

उसने रूस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रस्ताव को पारित करने के लिए हुए मतदान में भी हिस्सा नहीं लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अधिकारियों ने भारत की स्थिति को समझने की पूरी कोशिश की है और अपने सांसदों से कहा है कि भारत, अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रूसी सैन्य आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर है। इस बीच, भारतीय-अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने उन खबरों को लेकर निराशा व्यक्त की, जिनमें दावा किया गया है कि भारत भारी रियायती दर पर मिलने वाला रूसी तेल खरीदने पर विचार कर रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद ने कहा, अगर खबरें सही हैं और भारत रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदने का फैसला लेता है तो नई दिल्ली इतिहास में ऐसे अहम वक्त में व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना चुनेगा जब दुनियाभर के देश यूक्रेन के समर्थन और रूस के जानलेवा हमले के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और क्वाड का नेता होने के नाते भारत की यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि उसके कदम पुतिन तथा उनके आक्रमण का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन न करते हो।

## उत्तरी जापान में 7.3 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** उत्तरी जापान में फुकुशिमा के तट पर बुधवार शाम को 7.3 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र समुद्र से 60 किलोमीटर नीचे था। यह क्षेत्र उत्तरी जापान का हिस्सा है।

**PUBLIC NOTICE**


NOTICE is hereby given that Ms. **Rajni Chopra Morillo** "claims to be owner and in possession of **Entire Ground Floor of Property bearing no. 5/21, Shanti Niketan, New Delhi (hereinafter called the said property)** by inheriting the said property from Late Champa Chopra by virtue of Will dated 26.02.2014 . Said **Ms. Rajni Chopra Morillo** has agreed to sell the said Property to Mr Harish Kumar and Said Mr. Harish Kumar has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **Standard Chartered Bank, Express Building, First Floor 9-10, Bahadur Shah Zafar Marg, N.D. 2** All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan** (Advocate)
**For Diwan and Company, Advocates and Solicitors**
House No.2 (LGF), NRI Complex, N. Delhi-19 M. 9818399999

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client **ASHOK KUMAR S/O SHRI DIWAN CHAND R/O JANTA FLAT NO. 44, GROUND FLOOR, SECTOR-15, BLOCK-F, POCKET-19, ROHINI, DELHI** Allottee of **JANTA FLAT NO. 44, GROUND FLOOR, SECTOR-15, BLOCK - F, POCKET - 19, ROHINI, DELHI**. The Original Demand Cum Allotment Letter has been **Lost/misplaced**. An F.I.R. to this effect has been lodged in the Police Station Crime Branch Delhi Vide FIR/ LR No: **221936/2022** Dated: **15.03.2022** Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may writer contact with above address/Mobile no. **9871870555 within 15 days** from the date of publication of this notice. The person(s) claiming any right, interest, objection within respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (Janta)(H) DDA Vikas Sadan, New Delhi-110023.**

**शिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन,**
15, अहिंसा खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, UP
(Phone No. 9) **वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षण** (Statutory Audit) **के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंट व CA फर्म से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।**
Chartered Accountant का शिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट के accountant, आंतरिक लेखा परीक्षक, AoA Board के सदस्य या Apartment के भवन स्वामी से किसी प्रकार का कोई सम्बंध/रिश्ता नहीं होना चाहिए।
**कार्य का दायरा:-** शिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट 744 फ्लैट का एक बहुमंज़िला रिहाइशी अपार्टमेंट एवं आमदनी का मुख्य श्रोत यहाँ के भवन स्वामियों से अनुरक्षण शुल्क के रूप में एकत्र मासिक राशि होती है। Statutory Auditor के रूप में Chartered Accountant/Firm को AOA board द्वारा maintain किए गए वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखा का सांविधिक लेखा परीक्षण करना होगा।
सांविधिक लेखा परीक्षक के लिए ***न्यूनतम शुल्क ₹45,000/-** *निर्धारित हुआ है, इच्छुक Chartered Accountant व CA firms अपने प्रस्ताव quotation के साथ, दिनांक 27.03.22 तक aoa.srishti@gmail.com पर ईमेल के द्वारा भेज सकते हैं। Ph: 9650177221 CA के पास 5 वर्ष से अधिक अनुभव होना चाहिए। हाउसिंग सोसाइटी के ऑडिट अनुभव को वरीयता दी जाएगी।



# महामारी से प्रभावित आतिथ्य व्यवसाय

**महामारी से सबसे बड़ा झटका यह है कि इसने न केवल एक विस्तारित मंदी लाई है, बल्कि कई आतिथ्य व्यवसायों पर बुरा असर डाला है। 'जयदीप आहूजा' का मानना है कि, जो सही समय पर निर्णय लेने में सक्षम थे, वे ही जीवित रह पाए।**

**पिछले दो** वर्षों में कोविड -19 महामारी और परिणामस्वरूप लॉकडाउन ने दुनिया भर में हर उद्योग को प्रभावित किया, लेकिन आतिथ्य उद्योग पर प्रभाव विनाशकारी था। रेस्तरां व्यवसाय समाप्त हो गए थे, खाद्य सेवा प्रदाता दूर नहीं रह सकते थे, क्षणिक यात्रियों पर निर्भर शहर और व्यावसायिक होटलों ने अपने राजस्व में गिरावट देखी, और कई नकदी-प्रवाह-चुनौतीपूर्ण होटलों को दुकान बंद करनी पड़ी। सब कुछ ठप हो गया क्योंकि केवल आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं में काम करने वालों को ही काम करने की अनुमति थी। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के अनुसार, पहली लहर के दौरान वित्तीय नुकसान के कारण, भारत में लगभग 40 प्रतिशत होटल और रेस्तरां स्थायी रूप से बंद हो गए हैं। और लगभग 20 प्रतिशत पूरी तरह से वापस नहीं लौटे हैं और शेष घाटे में चल रहे हैं। यह काफी हद तक एक ऐसे क्षेत्र की स्थिति का सार है जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7 प्रतिशत का योगदान देता है और 39 मिलियन से अधिक नौकरियों को पूरा करता है।

आतिथ्य क्षेत्र में ये भूकंपीय परिवर्तन शुरू से ही काफी स्पष्ट हो गए थे। लेकिन महामारी के दौरान जो हुआ उसके दीर्घकालिक परिणामों के बारे में क्या? जहां एक ओर कई होटल और रेस्तरां दुकान बंद कर रहे थे, वहीं गोवा, हिमाचल और उत्तराखंड जैसे अवकाश स्थलों में भी राजस्व में वृद्धि देखी गई क्योंकि पड़ोसी कोविड प्रभावित शहरों के लोग वहां ठहरने के लिए आते थे। लेकिन क्या यह बदलाव यहां रहने के लिए है? या इन गंतव्यों के लिए यह एक लहर का आश्चर्य था? आइए कुछ ऐसी समस्याओं पर नज़र डालते हैं जो महामारी के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुईं और उद्योग उनसे कैसे निपट रहा है।

महामारी के पिछले दो वर्षों से सबसे बड़ा झटका यह है कि इसने न केवल एक विस्तारित मंदी लाई है, बल्कि कई आतिथ्य व्यवसायों के लिए हिट रीसेट कर दिया है। जीवित रहने के लिए हर चीज की फिर से जांच और पुन: डिजाइन किया जाना था। और जो सही समय पर धुरी करने में सक्षम थे, वे ही जीवित रहने में सक्षम थे।

इस आशय से, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान राजस्व घाटा 1.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया! और इससे निपटने के लिए उद्योग ताजा गति प्रदान करने और विकास को पुनर्जीवित करने के लिए सरकारी मदद की गुहार लगा रहा है। और ऐसा लगता है कि हम यहां सही रास्ते पर हैं, क्योंकि हाल ही में घोषित केंद्रीय बजट 2022-23 में, वित्त मंत्री ने एमएसएमई के लिए आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) को मार्च 2023 तक बढ़ा दिया है, जबकि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक गारंटी कवर प्रदान करना है। 50,000 करोड़, रुपए विशेष रूप से आतिथ्य और संबंधित क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए निर्धारित।

ईसीएलजीएस के अलावा, सरकार ने अगले पांच वर्षों में 6,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एमएसएमई प्रदर्शन (आरएएमपी) बढ़ाने और बढ़ाने की भी घोषणा की। हालांकि इस कार्यक्रम का फोकस पूरी तरह से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर नहीं है, लेकिन इस सेगमेंट की मिड-टियर इकाइयां लंबे समय में इसका फायदा उठा सकेंगी। दूसरी ओर ईसीएलजीएस योजना सरकार की सकारात्मक मंशा को दर्शाती है और इसे अल्पकालिक राहत प्रदान करनी चाहिए। यह अच्छी खबर है।

सरकार ने आतिथ्य उद्योग में विकास और ऊर्जा को पंप करने के लिए कई अन्य अप्रत्यक्ष उपायों की भी घोषणा की। हालांकि ये केवल लंबे समय में कोविड-पस्त उद्योग की मदद करेंगे, हमें इन उपायों की आवश्यकता है क्योंकि जैसा कि मैंने ऊपर उल्लेख किया है, महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव अभी भी अज्ञात हैं, और इन विकल्पों के होने से यह सुनिश्चित होता है कि उद्योग जारी है एक विस्तारित अवधि में उसे जिस सहायता की आवश्यकता है उसे प्राप्त करें। हालांकि उद्योग के शेयरधारक जीएसटी दरों में मौजूदा 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत की कमी के साथ-साथ यात्रियों की मांग को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए एलटीए के तहत होटल से संबंधित खर्चों को शामिल करने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सभी का नुकसान नहीं हुआ। पर्यटन मंत्रालय के वित्त पोषण में पिछले वर्ष की तुलना में 18.4त्न की वृद्धि की गई है, जिसमें पर्यटन के बुनियादी ढांचे, क्षमता निर्माण, विपणन और प्रचार के साथ-साथ विकास पर ध्यान दिया गया है। यह ऐसे समय में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगा जब अंतरराष्ट्रीय यात्रा अभी भी प्रतिबंधों से जूझ रही है।

इसके अलावा, पीएम गति शक्ति योजना के तहत बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह और जलमार्ग प्रमुख क्षेत्र हैं। यह न केवल पर्यटन क्षेत्र को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद करेगा बल्कि विकास और विस्तार के लिए नए व्यापार अवसर भी प्रदान करेगा। इस वित्तीय वर्ष में 400 नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और 25,000 किलोमीटर नए एक्सप्रेसवे के निर्माण से देश भर के कई पर्यटन स्थलों तक पहुंच और अंतिम मील कनेक्टिविटी में काफी सुधार होना चाहिए। इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में बुनियादी ढांचे के विकास और पर्वतमाला योजना (नियमित सड़कों के लिए एक पर्यावरण के अनुकूल विकल्प) के तहत आठ नए रोपवे के प्रस्ताव, जिस पर सरकार द्वारा जोर दिया गया है, उत्तर-पूर्व क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को अनलॉक करने में मदद करेगा। और हिल-स्टेशन, जो गर्मी के मौसम में उच्च मांग में रहते हैं।

इन राहत उपायों के अलावा, केंद्रीय बजट में ई-पासपोर्ट की भी घोषणा की गई थी। यह आव्रजन काउंटरों पर लंबी कतारों में कटौती करके अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए आराम और सुविधा को बढ़ाएगा। इसके अलावा, कॉर्पोरेट यात्रा भी पुनर्जीवित होने की उम्मीद है, देश की आर्थिक सुधार में तेजी लाने और रोजगार सृजन में सहायता के लिए सरकार द्वारा कैपेक्स में 35.4 प्रतिशत की वृद्धि को देखते हुए।

सभी बजटीय निर्णय सही दिशा में एक कदम प्रतीत होते हैं और निश्चित रूप से कमजोर खिलाड़ियों को लाभान्वित करेंगे, साथ ही इस क्षेत्र को अधिक लचीला, प्रतिस्पर्धी और कुशल बनने में मदद करेंगे।

> इस वृद्धि की उम्मीद का एक कारण बदला लेने की खपत और ग्राहकों के बीच यात्रा का समग्र पहलू है। कार्यालय खुल रहे हैं। लोगों ने बाहर खाना और काम की यात्रा में शामिल होना शुरू कर दिया है। यहां तक कि जो लोग घर से काम कर रहे हैं, उन्होंने भी अब सप्ताह के दिनों और सप्ताहांत के दौरान बाहर जाना शुरू कर दिया है।

सरकार की पहल एक तरफ, उद्योग भी तेजी से बदलते उपभोक्ता पैटर्न को अपना रहा है। यह महामारी की शुरुआत में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक थी। भय और चिंता के कारण, उपभोक्ता व्यवहार अप्रत्याशित हो गया और इसने व्यवसायों के लिए यह आकलन करना बहुत कठिन बना दिया कि खरीदारी का पैटर्न किस दिशा में जाएगा। चांदी की परत की तरह प्रतीत होता है कि अब महामारी में दो साल, उपभोक्ता व्यवहार ऐसा लगता है अच्छे के लिए स्थानांतरित हो गए हैं, और आतिथ्य क्षेत्र में संगठन अब इसे जल्दी से अपना रहे हैं।

जब भोजन और यात्रा की बात आती है, तो यह होम-डिलीवरी भोजन के आम होने के रूप में प्रकट हुआ है, जिसे पिछले कुछ वर्षों के दौरान ऑनलाइन खाद्य वितरण खंड की घातीय वृद्धि से आंका जा सकता है। एक बाजार का आकार जो 14 अरब डॉलर के निशान तक पहुंचने वाला है और उपयोगकर्ता प्रवेश, जो पहले से ही 24 प्रतिशत है, अपने लिए बोलता है।

क्लाउड किचन की अवधारणा ने भी बहुत अधिक भाप प्राप्त की है, कई खाद्य सेवा प्रदाता इसे डाइन-इन रेस्तरां के संभावित लागत-बचत विकल्प के रूप में खोज रहे हैं। चूंकि यह मुख्य रूप से खाद्य वितरण अनुभव पर केंद्रित है, मालिकों के पास अब सेट-अप स्थान और स्थान के मामले में अधिक लचीलापन है, जिससे अचल संपत्ति की लागत में काफी कमी आई है और लाभप्रदता में वृद्धि हुई है। इसलिए, रेस्तरां की बढ़ती संख्या भी क्लाउड किचन में निवेश करके महामारी की चुनौतियों का जवाब दे रही है।

इससे डायरेक्ट डिलीवरी चैनलों में निवेश और होम डिलीवरी लॉजिस्टिक्स और त्वरित टर्नअराउंड समय के अनुरूप मेनू में बदलाव हुआ है। जिन भोजनालयों ने जल्दी से अनुकूलित किया और ऑनलाइन डिलीवरी पर अपना ध्यान बढ़ाया या अंधेरे रसोई में स्विच किया, वे आउटलेट बंद करने और कर्मचारियों को बंद किए बिना जीवित रहने में सक्षम थे। लेकिन कई अन्य लोगों के साथ ऐसा नहीं था, जो या तो जल्दी से धुरी नहीं बना सकते थे या विशिष्ट डाइन-इन अनुभवों को पूरा कर रहे थे।

इसके अलावा, उपभोक्ताओं के बीच सुरक्षा, स्वच्छता और स्वच्छता के लिए बढ़ती चिंता और अपेक्षाओं ने प्लेयर को रीसेट बटन दबाने के लिए मजबूर किया। उद्योग की पहली पहल भी रसोई परिसर में उचित स्वच्छता और सफाई पर एक प्रमुख ध्यान देने के साथ सामने आई। रेस्तरां के कर्मचारियों का फेस मास्क और दैनिक तापमान जांच, नियमित रूप से हाथ और संपर्क सतह की स्वच्छता, सामाजिक गड़बड़ी और क्यूआर-आधारित आदेश उद्योग में आम बात हो गई है। व्यवसायों ने भी उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी डिजिटल उपस्थिति का लाभ उठाना शुरू कर दिया है।

कोविड के आगमन ने होटलों को अपने क्षेत्र में महामारी की गंभीरता के आधार पर अपनी मूल्य निर्धारण रणनीतियों और उत्पाद की पेशकश को बदलने के लिए मजबूर किया। देश भर के होटलों ने शुरू में कम बुकिंग कीमतों का सहारा लिया, और सेवा की पेशकश जैसे कि मुफ्त रद्दीकरण, 'नाश्ता सेवा शामिल' विकल्प और कमरे में अधिक संख्या में लोगों को अनुमति दी गई, अन्य बातों के अलावा आर्थिक नुकसान से निपटने के लिए।

हालांकि यह किसी न किसी रूप में अब तक जारी है, लेकिन आने वाले समय में बाजार में वापसी की उम्मीद है। कोविड ने कई कंपनियों को अपने स्टाफिंग पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है, जबकि उच्च मांग वाले चक्रों के दौरान गतिशील कर्मचारियों के साथ अधिक लचीलेपन की मांग करते हुए प्रतिभाशाली कर्मचारियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में होटल स्कूलों की अकादमिक दुनिया और उद्योग के बीच संबंधों में एक नयापन आया है।

इसका एक दिलचस्प उदाहरण सीआईआई और ईएचएल एडवाइजरी के बीच एक व्यावसायिक प्रशिक्षण पहल शुरू करने के लिए साझेदारी है, जो उद्योग की अग्रिम पंक्ति के पदों के लिए गुणवत्ता प्रशिक्षित जनशक्ति के लिए अतृप्त भूख में मदद करता है। अनुबंध की शर्तों पर भी फिर से बातचीत की गई है और कुछ मामलों में न केवल अल्पावधि के लिए बल्कि मध्यम से लंबी अवधि के लिए भी बदल दिया गया है क्योंकि यह स्पष्ट हो गया है कि वसूली एक लंबी प्रक्रिया होने जा रही है। नवाचार और लाभप्रदता में सुधार के लिए खाद्य और पेय जैसे विभागों की फिर से जांच की गई है। इन लागत-बचत रणनीतियों ने कई होटलों को अपने कर्ज को नियंत्रण में रखने और चुनौतीपूर्ण समय के दौरान बचाए रखने में मदद की है।

जैसे-जैसे हॉस्पिटैलिटी कंपनियां अपने कर्ज को कम करना जारी रखती हैं और खुद को रिकवरी की राह पर पाती हैं, हॉस्पिटैलिटी उद्योग के लिए एक नया सवेरा प्रकाशमान होता दिख रहा है। तीसरी लहर के बाद यात्रा प्रतिबंध में कमी के साथ, आतिथ्य उद्योग को इस साल एक अच्छी वसूली की उम्मीद है और जो लोग इसका हिस्सा हैं, उन्हें अगले कुछ वर्षों में पूर्व-कोविड के स्तर पर फिर से आने का विश्वास है, क्योंकि अवकाश में वृद्धि हुई है और कार्य संबंधी यात्रा।

इस वृद्धि की उम्मीद का एक कारण बदला लेने की खपत और ग्राहकों के बीच यात्रा का समग्र पहलू है। कार्यालय खुल रहे हैं, लोगों ने बाहर खाना और काम की यात्रा में शामिल होना शुरू कर दिया है। यहां तक कि जो लोग घर से काम कर रहे हैं, उन्होंने भी अब सप्ताह के दिनों और सप्ताहांत के दौरान बाहर जाना शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा पर्यटन, ठहरने की जगह, वर्कस्टेशन और होमस्टे जैसे नए रुझान भी आने वाले समय में राजस्व उत्पन्न करने और उद्योग को अपने पैरों पर वापस लाने में मदद करने की उम्मीद कर रहे हैं।

**(लेखक सीईओ- एमडी, आहूजा रेजिडेंस हैं)**

# बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पांच में

## ● विराट कोहली नौवें स्थान पर खिसके

**भाषा।** दुबई

**श्रीलंका** के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान स्वदेश में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह छह स्थान के फायदे से बुधवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए लेकिन बड़ी पारी खेलने के लिए जूझ रहे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बल्लेबाजी रैंकिंग में नौवें स्थान पर खिसक गए।

बेंगलुरू में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे दिन-रात्रि टेस्ट में बुमराह ने कुल आठ विकेट चटकाए थे। अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे पूर्व कप्तान कोहली चार स्थान के नुकसान से नौवें स्थान पर हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत




10वें स्थान पर हैं। मोहाली में पहले टेस्ट में कोहली ने 45 रन की पारी खेली थी लेकिन दूसरे टेस्ट में वह 23 और 13 रन ही बना पाए। नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 136 रन की पारी खेलने के बाद से वह शतक नहीं जड़ पाए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा छठे स्थान पर बरकरार हैं। वह रैंकिंग में शीर्ष भारतीय हैं। बेंगलुरू में 92 और 67 रन की पारी खेलने वाले श्रेयस अय्यर 40 स्थान की लंबी छलांग के साथ 37वें पायदान पर पहुंच गए हैं। बेंगलुरू में दूसरी पारी में भारत के खिलाफ 107 की जुझारू पारी खेलने वाले श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करूणारत्ने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर एक बार फिर भारत के रविंद्र जडेजा को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक टेस्ट आलराउंडर बन गए हैं।

मोहाली में पहले टेस्ट में नाबाद 175 रन बनाने के अलावा नौ विकेट चटकाकर जडेजा पिछले हफ्ते नंबर एक टेस्ट आलराउंडर बने थे। आलराउंडरों की सूची में रविचंद्रन अश्विन, शाकिब अल हसन और बेन स्टोक्स शीर्ष पांच में शामिल हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में मोहम्मद शमी एक स्थान के फायदे से 17वें पायदान पर हैं। जडेजा एक स्थान नीचे 18वें पायदान पर खिसक गए हैं। टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष तीन गेंदबाज पैट कमिंस, अश्विन और कागिसो रबादा अपनी पिछली रैंकिंग पर बरकरार हैं।

## अमनदीप महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण में शीर्ष पर बरकरार

**गुरुग्राम( भाषा )।** अमनदीप द्राल दूसरे दौर में पांच ओवर 77 के लचर प्रदर्शन के बावजूद महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण में बुधवार को यहां बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। पहले दौर के बाद तीन शॉट की बढ़त हासिल करने वाली अमनदीप की बढ़त हालांकि अब सिर्फ एक शॉट की है। उनका कुल स्कोर दो ओवर 146 है। दूसरे दौर में 75 का स्कोर बनाने वाली ज्हान्वी बख्शी अब अमनदीप से सिर्फ एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद ज्हान्वी तीन शॉट पीछे थी। उनकी कुल स्कोर तीन ओवर 147 है। दुनिया का सर्वश्रेष्ठ 74 का स्कोर बनाने वाली गौरिका बिश्नोई संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। उनका और प्रणवी उर्स (75) का कुल स्कोर चार ओवर 148 है। हिताषी बक्षी ने गौरिका के दिन के सर्वश्रेष्ठ 74 स्कोर की बराबरी की लेकिन वह आस्था मदान (76) और रिया पूर्वी सरवनन (77) के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर चल रही हैं।

## चेन्नई में होगा शतरंज ओलंपियाड का आयोजन

**भाषा।** चेन्नई

**यूक्रेन** पर हमले के कारण रूस से मेजबानी छीने जाने के बाद 44वें शतरंज ओलंपियाड का आयोजन इस साल चेन्नई में होगा। वर्ष 2013 में विश्व चैंपियनशिप के आयोजन के बाद यह दूसरा बड़ा वैश्विक शतरंज टूर्नामेंट है जो भारत में आयोजित होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार रात ट्विटर पर इसकी घोषणा की। स्टालिन ने ट्वीट किया, बेहद खुशी है कि भारत की शतरंज राजधानी 44वें शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी करने जा रही है। तमिलनाडु के लिए गौरवपूर्ण क्षण। चेन्नई दुनिया भर के किंग और क्वीन का गर्मजोशी से स्वागत करता है।

शतरंज ओलंपियाड 2022। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, यह अब आधिकारिक है... भारत 44वें विश्व शतरंज ओलंपियाड 2022 की मेजबानी चेन्नई में करेगा। एआईसीएफ ने टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था को एक करोड़ डॉलर की गारंटी राशि सौंपी है। पड़ोसी यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद 24 फरवरी को देश से ओलंपियाड की मेजबानी छीन ली गई थी। शतरंज ओलंपियाड प्रत्एक दो साल में होने वाली टीम प्रतियोगिता है जिसमें लगभग 190 देश की टीम दो हफ्ते के टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हैं। पहले इसका आयोजन मॉस्को में 26 जुलाई से आठ अगस्त तक होना था। इसके अलावा रूस से दिव्यांगों के लिए पहले शतरंज ओलंपियाड और 93वीं फिडे कांग्रेस की मेजबानी भी छीन ली गई है। भारत ने पिछली बार इतने बड़े स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी 2013 में विश्वनाथन आनंद और दुनिया के मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के बीच विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के रूप में की थी। एआईसीएफ के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने कहा, हमें यह मौका दिया जाना बहुत की गर्व और जिम्मेदारी की बात है और हम इसे बेहद सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए देश का पूरा शतरंज जगत एकजुट होने के लिए तैयार है।



एआरईसीएफ सचिव भरत सिंह चौहान ने कहा, मैं अब जीवन में किसी चीज की शिकायत नहीं कर सकता। दुनिया के सभी देशों को अब उस देश में एक ही छत के नीचे आने का शानदार मौका मिलेगा जहां शतरंज का जन्म हुआ था। एमके स्टालिन को धन्यवाद, माननीय मुख्यमंत्री ने इस सपने को साकार किया।

प्रतियोगिता आयोजन ओपन और महिला दोनों वर्ग में 11दौर में किया जाएगा और इसमें 2000 से अधिक खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। यह टीम स्पर्धा है जिसमें दोनों वर्ग में प्रत्एक टीम में पांच खिलाड़ियों और एक ट्रेनर को शामिल करने की स्वीकृति होती है। विश्व चैंपियन कार्लसन कई बार नॉर्वे के लिए इस टूर्नामेंट में खेल चुके हैं और दुनिया के लगभग सभी शीर्ष खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए मौजूद रहते हैं। पिछले ओलंपियन का आयोजन आनलाइन किया गया था और भारत स्वर्ण पदक का संयुक्त विजेता रहा था। इस बार टीम की अगुआई आनंद करेंगे जिन्हें पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती का सहयोग मिलना तय है। टीम के अन्य दो सदस्य तय नहीं हैं लेकिन अर्जुन एरिगेसी, निहाल सरीन जैसे युवा खिलाड़ियों के अलावा बी अधिबान, शशिकिरण और कुछ अन्य का दावा मजबूत है। एआईसीएफ के नियमों के अनुसार ओपन वर्ग में टीम चयन को लेकर अंतिम फैसला एक मई को होगा। महिला वर्ग में कोनेरू हंपी भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी जबकि डी हरिका और आर वैशाली का खेलना लगभग तय है। दो अन्य स्थानों के लिए तानिया सचदेव का दावा मजबूत है जबकि भक्ति कुलकर्णी और कुछ अन्य भी टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेंगे। मेजबान के रूप में भारत अतिरिक्त टीम उतारने का हकदार है।

## सभी ग्रैंडस्लैम अंतिम सेट में 10 अंक के टाईब्रेकर को अपनाएंगे

**लंदन( एपी )।** सभी चार ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट अब अंतिम सेट में स्कोर 6-6 से बराबरी पर पहुंचने के बाद 10 अंक के टाईब्रेकर का उपयोग करेंगे। ग्रैंडस्लैम बोर्ड ने बुधवार को आस्ट्रेलियाई, फ्रेंच, यूएस ओपन और विंबलडन की तरफ से तुरंत प्रभाव से ट्रायल के आधार पर इसे अपनाने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा, ग्रैंडस्लैम बोर्ड का निर्णय ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल के नियमों में अधिक स्थिरता बनाने की मंशा पर आधारित है। आस्ट्रेलियाई ओपन में पहले से ही 10 अंक के टाईब्रेकर का उपयोग किया जाता है। फ्रेंच ओपन एकमात्र ग्रैंडस्लैम है जो निर्णायक सेट में निर्धारित अंकों वाले टाईब्रेकर का उपयोग नहीं करता था। विंबलडन ने 12-12 के स्कोर के बाद सात अंकों का टाईब्रेकर निर्धारित किया था जबकि यूएस ओपन 6-6 के स्कोर के बाद सात अंक के टाईब्रेकर का उपयोग करता रहा है।

## झारखंड क्वार्टर फाइनल में कुल 1008 रन की बढ़त बनाई

**भाषा।** कोलकाता

**झारखंड** ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित की लेकिन इससे पहले नगालैंड की कमजोर टीम के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी कुल बढ़त को 1008 रन तक पहुंचाकर कुछ हद तक मुकाबले का मजाक भी बनाया। सौरभ तिवारी की अगुआई वाली झारखंड की टीम ने मैच में कुल 1297 रन बनाए।

मैच में पहले बल्लेबाजी करने वाली झारखंड की टीम ने पहली पारी में 591 रन की विशाल बढ़त के आधार पर ही क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली थी। झारखंड ने नगालैंड को पहली पारी में 289 रन पर समेटने के बावजूद फॉलोआन नहीं दिया। पांचवें और अंतिम दिन झारखंड की टीम दो विकेट पर 132 रन से आगे खेलने उतरी और दूसरे सत्र के बीच में ही मैच ड्रॉ कराने का फैसला किया। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले कुमार कुशाग्र के 104 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 89 रन बनाकर आउट होने ही दोनों टीमों ने मैच ड्रॉ कराने का फैसला किया। यह झारखंड की दूसरी पारी का 91वां ओवर था और टीम ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 417 रन बनाकर कुल 1008 रन की बढ़त हासिल कर दी थी जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ है।

मैच में झारखंड के बल्लेबाजों ने तीन शतक और एक दोहरा शतक जड़ा। पहली पारी में 59 रन बनाने वाले अनुकूल राय ने 164 गेंद में 17 चौकों और सात छक्कों से 159 रन की पारी खेली। प्लेट ग्रुप में शीर्ष पर रही नगालैंड टीम ने पांच दिन में से अधिकांश समय क्षेत्ररक्षण करते हुए बिताया और इस दौरान 294 से अधिक ओवर गेंदबाजी की।

## यो-यो परीक्षण में सफल रहे हार्दिक लेकिन पृथ्वी ने किया निराश

**भाषा।** नई दिल्ली

**चोटों** से जूझ रहे भारतीय आलराउंडर हार्दिक पंड्या बेंगलूरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिटनेस के आकलन के लिए किए जाने वाले यो-यो परीक्षण में सफल रहे और अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की अगुवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल से पहले अपने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच कर रहा है तथा पंड्या का एनसीए में दो दिन के दौरान का प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए भी अच्छा संकेत है। बीसीसीआई सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, फिटनेस परीक्षण उन खिलाड़ियों के लिए है जिन्होंने चोट से वापसी की है। आईपीएल के व्यस्त सत्र से पहले यह फिटनेस का सामान्य आकलन करना है।

## पोंटिंग के साथ बात करना बड़ी उपलब्धि होगीः यश धुल

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान यश धुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के साथ बातचीत करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। धुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए अपनी टीम में चना है।

इस 19 वर्षीय बल्लेबाज ने फ्रेंचाइजी की विज्ञप्ति में कहा, यह आईपीएल में हिस्सा लेने का मेरा पहला मौका है और मैं जो कुछ भी कर रहा हूं उसमें अपना शत प्रतिशत दे रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं ऋषभ भैया (पंत) और डेविड वार्नर के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। मैं



रिकी पोंटिंग से मिलने के लिए भी बहुत उत्साहित हूं। वह महान खिलाड़ी रहे हैं। उनके साथ बातचीत करना मेरे लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

## जोकोविच, रूस के खिलाड़ियों के फ्रेंच ओपन में खेलने की उम्मीद

**भाषा।** पेरिस

**फ्रेंच** ओपन टेनिस टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को कहा कि अगर फ्रांस में कोरोना वायरस की स्थिति स्थिर रहती है तो कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण नहीं लगवाने के बावजूद नोवाक जोकोविच को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खेलने की स्वीकृति दी जाएगी। दुनिया के नंबर एक दानिल मेदवेदेव सहित रूस के टेनिस खिलाड़ियों को फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने की स्वीकृति दी जाएगी लेकिन तटस्थ खिलाड़ियों के रूप में।

रूस ने पड़ोसी देश यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया है जिसके कारण यह फैसला किया गया। आयोजकों ने कहा कि अभी ऐसी कोई चीज नहीं है जो जोकोविच को इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में अपने खिताब का बचाव करने से रोके। फ्रांस ने इस हफ्ते अधिक जगहों पर मुंह पर मास्क लगाने से जुड़े नियम हटा दिए और टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों को रेस्तरां, खेल स्थलों और अन्य स्थलों पर प्रवेश की इजाजत दे दी। फ्रेंच ओपन निदेशक एमेली मोरेस्मो ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, इस समय कोई भी चीज उसे कोर्ट पर वापसी करने से नहीं रोक सकती।

टीकाकरण नहीं करवाने के कारण जोकोविच को कानूनी लड़ाई के बाद जनवरी में आस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था जिसके कारण वह आस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा नहीं ले पाए थे। फ्रेंच टेनिस महासंघ के अध्यक्ष जाइल्स मोरेटन ने कहा कि हालांकि अभी जोकोविच खेलने के लिए स्वतंत्र है लेकिन अगर 22 मई को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले वायरस से जुड़ी स्थिति बिगड़ती है तो फ्रांस के अधिकारी नई पाबंदियां लागू कर सकते हैं। मोरेटन ने कहा, यह हम पर निर्भर नहीं करता।

## बल्लेबाजों ने किया निराश, इंग्लैंड से चार विकेट से हारी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**भाषा।** माउंट मोनगानुई

**भारत** को बल्लेबाजी में लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जबकि गत चैंपियन इंग्लैंड ने बुधवार को यहां चार विकेट की जीत के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान में नई जान फूंक दी। भारत के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी एक बार फिर नजर आई। इंग्लैंड ने भारत को सिर्फ 134 रन पर समेटने के बाद 31.2 ओवर में लक्ष्य हासिल करके लगातार तीन हार के क्रम को तोड़ते हुए पहली जीत दर्ज की।

पिछले मैच में शतक जड़ने वाली स्मृति मंधाना 35 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रही जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने 33 रन की पारी खेली। भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 36.2 ओवर में ढेर हो गई। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन ने 23 रन देकर चार



जबकि आन्या श्रुबसोल ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत भी खराब रही और उसने तीसरे ओवर तक चार रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों डेनी वाट (01) और टैमी ब्युमोंट (01) के विकेट गंवा दिए। कप्तान हीथर नाइट ने हालांकि 72 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 53 रन बनाए जिससे इंग्लैंड ने 31.2 ओवर में छह विकेट पर 136 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की ओर से तेज गेंदबाज मेघना सिंह ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वाट आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रही जिनका मेघना की गेंद पर स्नेह राणा ने शानदार कैच लपका। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने इसके बाद ब्युमोंट को पगबाधा किया। अंपायर ने ब्युमोंट को आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। झूलन का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में यह 250वां विकेट था। नाइट और नैट स्किवर (46 गेंद में 45 रन) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़कर पारी को संभाला। नाइट ने एक छोर संभाले रखा जबकि स्किवर ने आक्रामक रुख अपनाते हुए आठ चौके जड़े।

## बांग्लादेश के खिलाफ फॉर्म जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**भाषा।** जमशेदपुर

**सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप**

**नेपाल** को 7-0 से रौंदने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम आगामी मुकाबलों में अच्छे प्रदर्शन को जारी रखना चाहती है जिससे कि पहली बार सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप जीतने का लक्ष्य हासिल कर सके। मंगलवार को भारत ने टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए जेआरडी टाटा खेल परिसर में लिंडा कोम के 17वें और 35वें मिनट में दागे दो गोल की मदद से नेपाल पर बड़ी जीत दर्ज की। भारत को अगला मुकाबला शनिवार को बांग्लादेश से खेलना है जिसने ढाका में 2021 फाइनल में भारत को 1-0 से हराकर खिताब जीता था।

बांग्लादेश ने अब तक इस चैंपियनशिप के दोनों खिताब जीते हैं। टीम 2018 में भी चैंपियन बनी थी। लिंडा ने कहा, यह शानदार नतीजा था लेकिन हमारा काम खत्म नहीं हुआ है। हम बांग्लादेश के खिलाफ अपने अगले मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और आगामी मुकाबलों में भी इस प्रदर्शन को जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैं दो गोल करके टीम की जीत में मदद कर सकी लेकिन मैं इस फॉर्म को जारी रखते हुए और गोल करना चाहती हूं। कप्तान शिकली देवी ने कहा कि इस जीत से टीम में ऊर्जा भर दी है। उन्होंने कहा, टीम की ऊर्जा शानदार है। जब आप मध्यांतर तक 3-0 आगे होते हो तो ढिलाई बरतने और मैच खत्म करने के लिए खेलने का प्रयास करने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा, लेकिन इन लड़कियों में बेहद ऊर्जा है और हम 90 मिनट तक प्रयास करते रहे। इतने सारे गोल करना आसान नहीं होता इसमें टीम की मानसिक मजबूती काफी महत्वपूर्ण होती है।

## भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 विश्व कप में उत्तर कोरिया की जगह लेगा चीन

**कुआलालंपुर।** भारत में 11 से 30 अक्टूबर तक होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में बुधवार को उत्तर कोरिया की जगह चीन को शामिल किया गया। उत्तर कोरिया ने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था। एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला फुटबॉल समिति ने पिछले साल 14 अक्टूबर को फैसला किया था कि यदि कोई टीम फीफा प्रतियोगिताओं से हटती है तो एशियाई टीमों में उसकी जगह सबंधित क्वालीफाईंग प्रतियोगिता में अगली सर्वोच्च रैंकिंग पर रहने वाली टीम को दी जाएगी। एएफसी ने बुधवार को कहा, एएफसी महिला फुटबॉल समिति को पता चला है कि उत्तर कोरिया भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 विश्व कप 2022 और कोस्टारिका में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2022 में अपनी टीम नहीं उतार पाएगा। उसने कहा, चीन 2019 में थाईलैंड में खेले गए एएफसी अंडर-16 महिला चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहा था, वह 11 से 30 अक्टूबर के बीच भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 में जापान और मेजबान भारत के साथ एशिया का प्रतिनिधित्व करेगा।

## बाबर दोहरे शतक से चूके, पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट ड्रॉ

**एपी।** कराची

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 196 रन की पारी खेली जिससे मेजबान टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां दूसरा क्रिकेट टेस्ट ड्रॉ कराने में सफल रही। अनुभवी आफ स्पिनर नाथन लियोन (112 रन पर चार विकेट) ने अंतिम ओवरों में तीन विकेट चटकाए लेकिन उप कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 177 गेंद में नाबाद 104 रन बनाकर पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर मैच ड्रॉ करा दिया।

आस्ट्रेलिया के 506 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने सात विकेट पर 443 रन बनाए। नौवें नंबर के बल्लेबाज नौमान अली ने 18 गेंद खेलकर कोई रन नहीं बनाया लेकिन रिजवान के साथ अंतिम आठ ओवर बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा दिया। बाबर ने 10 घंटे से अधिक की 425 गेंद की अपनी पारी में 21 चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने सलामी




बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (96) के साथ तीसरे विकेट के लिए 228 और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 192 रन से की। बाबर 102 जबकि शफीक 71 रन से आगे खेलने उतरे। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (75 रन पर दो विकेट) ने लंच से पहले और बाद में एक-एक विकेट चटकाया। उन्होंने शफीक को लगातार दूसरा शतक जड़ने से वंचित किया और फिर फवद आलम (09) को भी पवेलियन भेजा। कमिंस ने लंच से पहले शफीक की लगभग आठ घंटे चली 96 रन की पारी का अंत किया। स्लिप में स्टीव स्मिथ ने उनका कैच लपका। स्मिथ ने ही 20 रन के निजी स्कोर पर शफीक का कैच टपकाया था जिसके बाद इस बल्लेबाज ने 305 गेंद का सामना किया। रावलपिंडी में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में शफीक ने करियर का पहला टेस्ट शतक जड़ा था। कमिंस ने लंच के बाद फवद को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया लेकिन बाबर और रिजवान ने चाय तक आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को और सफलता हासिल नहीं करने दी। दूसरे सत्र में बाबर स्पिनर मिशेल स्वीपसन के खिलाफ लगातार दो गेंद में दो बार आउट होने से बचे। बाबर 157 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली भी रहे जब मैदानी अंपायर ने उनके खिलाफ लियोन की पगबाधा की विश्वसनीय अपील ठुकरा दी। डीआरएस लेने पर अंपायर्स कॉल आने के कारण बाबर नाबाद रहे। मैच में जब सिर्फ 13 ओवर बचे थे तब लियोन ने पाकिस्तान को मुश्किल में डाला। उन्होंने बाबर को मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराके पाकिस्तान के कप्तान को दोहरे शतक से वंचित किया। लियोन की अगली गेंद पर फहीज अशरफ (00) भी स्लिप में कैच दे बैठे। साजिद खान (09) ने स्मिथ को आसान कैच थमाया लेकिन इसके बाद रिजवान और नौमान ने मैच ड्रॉ करा दिया।

## पदार्पण करेंगे रबिचंद्र, अर्जेन्टीना के खिलाफ मुकाबले के लिए भारतीय हॉकी टीम गुरजंत की वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**मिडफील्डर** मोइरेंगथेम रबिचंद्र सिंह को अर्जेन्टीना के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के दो चरण के मुकाबले के लिए 22 सदस्ईय भारतीय पुरुष हॉकी टीम में जगह मिली है जिससे उनके सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है। चोट के बाद स्ट्राइकर गुरजंत सिंह की टीम में वापसी हो रही है। दुनिया की छठे नंबर की टीम के खिलाफ ए मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 19 और 20 मार्च को खेले जाएंगे।

एआईएच जूनियर विश्व कप में भारतीय जूनियर पुरुष टीम का हिस्सा रहे रबिचंद्र बुधवार को हॉकी इंडिया द्वारा घोषित टीम में एकमात्र नया चेहरा हैं। मुख्य टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। सूरज करकेरा की जगह गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने ली है जबकि अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को रक्षा पंक्ति में मनदीप मोर और दिपसान टिर्की की जगह शामिल किया गया है। मिडफील्ड में जसकरन सिंह और आकाशदीप सिंह की जगह सुमित और रबिचंद्र ने ली है। अग्रिम पंक्ति में गुरजंत और दिलप्रीत की वापसी हुई है। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह एक बार फिर टीम की अगुआई करते नजर आएंगे। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के उप कप्तान होंगे।

चयनकर्ताओं ने 10 स्टैंडबाई खिलाड़ियों काभी चयन किया है जिसमें सूरज करकेरा, मनदीप मोर, दिपसान टिर्की, नीलम संजीप जेस, संजय, जसकरन सिंह, आकाशदीप सिंह, आशीष कुमार टोप्नो, गुरसाहिबजीत सिंह और मोहम्मद रहील शामिल हैं। भारत के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, ए मैच टीम में शामिल नए, युवा खिलाड़ियों को शानदार अनुभव मुहैया कराएंगे जबकि एशियाई खेलों से पहले विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका मिलेगा।

आस्ट्रेलिया के इस कोच ने कहा, रबिचंद्र युवा मिडफील्डर है जिन्होंने जूनियर विश्व कप के दौरान दिखाया कि वे टीम को क्या दे सकते हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मौजूदा सत्र में भारतीय पुरुष टीम ने अब तक छह मैच खेले हैं और टीम 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है। नीदरलैंड 16 अंक के साथ शीर्ष पर है। भारत ने स्वदेश में दक्षिण अफ्रीका को दोनों मैच में 10-2 के समान अंतर से हराया जबकि फ्रांस (5-0, 2-5) के खिलाफ टीम ने एक मैच जीता और एक गंवाया। पिछले महीने स्पेन (5-4, 3-5) के खिलाफ भी भारत ने एक मैच जीता और एक गंवाया था।

### टीम के खिलाड़ी

**गोलकीपरः** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक।
**डिफेंडरः** हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास।
**मिडफील्डरः** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, मोइरेंगथेम रबिचंद्र सिंह।
**फारवर्डः** गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह।
**स्टैंडबाईः** सूरज करकेरा, मनदीप मोर, दिपसान टिर्की, नीलम संजीप जेस, संजय, जसकरन सिंह, आकाशदीप सिंह, आशीष कुमार टोप्नो, गुरसाहिबजीत सिंह और मोहम्मद रहील।